माघ कृष्ण पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2080
अयोध्या, सोमवार, 29 जनवरी 2024
वर्ष 2, अंक 173, पृष्ठ 16
मूल्य 6 रुपये
2 राज्य, 6 संस्करण
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
# अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



धीमे चलने से फिटनेस पर पड़ता है बुरा असर 16
सूर्या के साथ कर्ण में जोड़ी बनाने जा रहीं जाह्नवी 2

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
5/- प्रतिदिन
फोन: 05278- 352045

## एक नजर

### गुजरात के कच्छ में 4.0 तीव्रता का भूकंप

**अहमदाबाद।** गुजरात के कच्छ जिले में रविवार शाम 4.0 की तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किए गए। इसमें हालांकि जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। भूकंप विज्ञान अनुसंधान संस्थान (आईएसआर) के अनुसार भूकंप का केंद्र कच्छ जिले के भचाऊ के निकट स्थित था। आईएसआर ने बताया कि भूकंप के झटके रविवार शाम 4:45 बजे महसूस किए गए और भूकंप का केंद्र भचाऊ से लगभग 21 किमी दूर उत्तर-पश्चिम में स्थित था।

### मुख्यमंत्री योगी ने नीतीश कुमार को दी बधाई



**लखनऊ।** बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनने पर रविवार शाम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुभकामनाएं दी। योगी ने अपने एक्स एकाउंट पर बिहार में नवगठित सरकार को शुभकामनाएं देते हुए नीतीश कुमार और दोनों उप मुख्यमंत्री को भी बधाई दी है। योगी ने लिखा है, नीतीश कुमार को बिहार राज्य के मुख्यमंत्री और सम्राट चौधरी एवं विजय सिन्हा को उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर हार्दिक बधाई। पूरा विश्वास है कि बिहार में बनी डबल इंजन की सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य में सेवा, सुशासन और विकास के मानक स्थापित करेगी।

### सड़क हादसे में नेपाल के चार नागरिकों की मौत

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सोनीपत में एक कार की चपेट में आने से साइकिल और स्कूटर सवार नेपाल के चार नागरिकों की मौत हो गई। सिविल लाइन्स पुलिस थाना के प्रभारी रविंदर कुमार ने रविवार को बताया कि यह दुर्घटना बीती रात सोनीपत के मामा-भांजा चौक पर हुई। घायलों में से एक की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। कुमार ने बताया कि कार ने साइकिल सवार चार व्यक्तियों और स्कूटर सवार एक व्यक्ति को टक्कर मार दी। घटना में चार लोगों की मौत हो गई।

## बर्नार्ड अरनॉल्ट बने दुनिया के सबसे अमीर आदमी

- एलन मस्क को पीछे छोड़कर टॉप पर पहुंचे
- फोर्ब्स की सूची में मुकेश अंबानी 11वें नंबर पर

वाशिंगटन, एजेंसी



लग्जरी ब्रांड एलवीएमएच के मालिक बर्नार्ड अरनॉल्ट टेस्ला के सीईओ एलन मस्क को पीछे छोड़कर दुनिया के सबसे अमीर आदमी बन गए हैं। फोर्ब्स की रियल टाइम अरबपतियों की सूची के मुताबिक, वैश्विक लग्जरी ब्रांड एलवीएमएच के सीईओ और फ्रांसीसी अरबपति अरनॉल्ट और उनके परिवार की कुल संपत्ति शुक्रवार को 23.6 बिलियन डॉलर की वृद्धि के बाद 207.8 बिलियन डॉलर हो गई। वहीं मस्क की संपत्ति 204.5 बिलियन डॉलर से अधिक है। जेफ बेजोस करीब 15.04 लाख करोड़ रुपये की नेटवर्थ के साथ तीसरे नंबर पर हैं।

भारत का कोई भी अरबपति इस लिस्ट में टॉप टेन में शामिल नहीं है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी 104 बिलियन डॉलर (करीब 8.64 लाख करोड़ रुपये) की नेटवर्थ के साथ 11वें स्थान पर हैं।

# पत्नी के प्रेमी ने पति को कमरे में बंद कर फूंका

## कमरे में बंद करके आग लगा दी, पत्नी से अवैध संबंधों का विरोध करता था पति

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- फतेहपुर के देवरी बुजुर्ग गांव के रहने वाले थे शिक्षक
- पत्नी को प्रेमी संग आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा था
- पत्नी से चल रहा था तलाक का मुकदमा, एक गिरफ्तार

**अमृत विचार :** पनकी में रविवार दोपहर पत्नी के प्रेमी ने अपने साथियों संग मिलकर सरकारी शिक्षक पति को कमरे में बंदकर जिंदा फूंक दिया। आग से खुद को घिरा देख शिक्षक ने फोन से अपने छोटे भाई को घटना की जानकारी दे दी थी। छोटे भाई ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शिक्षक को बाहर निकाला, लेकिन तब तक शिक्षक की जलने व दम घुटने से मौत हो चुकी थी। पुलिस ने घटनास्थल से एक हत्यारोपी वकील को गिरफ्तार कर लिया। सरकारी शिक्षक के भाई ने उनकी पत्नी समेत चार पर हत्या का आरोप लगाकर तहरीर दी है।

मूलरूप से फतेहपुर जनपद के देवरी बुजुर्ग गांव निवासी दयाराम (45) कानपुर देहात के सिकंदरा रसधान के बुधौली गांव स्थित ग्राम विकास इंटर कालेज में शिक्षक थे। दयारात की शादी जहानाबाद के भैसौली गांव निवासी संगीता देवी से वर्ष 2009 में हुई थी। दोनों के 12 साल का बेटा आद्विक उर्फ स्वास्तिक है। दयाराम बर्रा आठ में पत्नी और बेटे के साथ रहते थे। पुलिस ने बताया कि सितबंर 2023 में दयाराम ने संगीता को बिधनू के हरबसपुर गांव निवासी ढाबा संचालक प्रेमी पवन के साथ आपत्तिजनक स्थितियों में पकड़ लिया था। इसके बाद से दयाराम पत्नी से अलग अपने छोटे भाई अनुज की कानपुर देहात के गजनेर स्थित ससुराल में रहते थे। दयाराम ने पत्नी से तलाक का मुकदमा कोर्ट में दाखिल किया था। छोटे भाई अनुज ने बताया कि पवन का एक दोस्त महेश दयाराम का भी दोस्त था। महेश के बहनोई वकील संजीव कुमार ने संगीता से विवाद निस्तारण के लिए रविवार को दयाराम को मिलने बुलाया। वहां सबने दयाराम को कमरे में बंद कर आग लगा दी। अनुज ने बताया कि दोपहर करीब साढ़े 11 बजे दयाराम ने उसे फोन कर बताया कि संजीव व पवन ने उसे कमरे में बंद कर कमरे में आग लगा दी है। अनुज की सूचना पर पुलिस पहुंची और दरवाजा तोड़कर दयाराम को बाहर निकाला, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने संजीव को मौके से गिरफ्तार कर लिया।



दयाराम

डीसीपी पश्चिम विजय ढुल ने बताया कि कमरे से शिक्षक का जला हुआ शव मिला है। शिक्षक के भाई ने पत्नी संगीता, प्रेमी पवन, संजीव समेत चार लोगों के खिलाफ हत्या की तहरीर दी है। एक आरोपी संजीव को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।

### जदयू प्रमुख ने रिकॉर्ड नौवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में ली शपथ

# नौवीं बार... मैं नीतीश कुमार

- जदयू-भाजपा के नेतृत्व में नई सरकार, भाजपा के सम्राट और विजय बने उपमुख्यमंत्री

पटना, एजेंसी



बिहार के लिए शपथ के ये शब्द 'मैं नीतीश कुमार' नए नहीं हैं, लेकिन अपनी शर्तों पर राजनीति करने वाले नीतीश कुमार ने जबरदस्त सियासी घमासान के बाद रविवार को रिकॉर्ड नौवीं बार राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली और देश की मौजूदा राजनीति को बता दिया मैं नीतीश कुमार।

यहां राजभवन में राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर ने नीतीश को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। नीतीश के साथ भाजपा के नेताओं विजय कुमार सिन्हा, सम्राट चौधरी और प्रेम कुमार ने भी मंत्रिपद की शपथ ली। जद (यू) नेता विजय कुमार चौधरी, विजेंद्र यादव और श्रवण कुमार के साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी की अगुवाई वाले हिंदुस्तान आवाम मोर्चा के संतोष कुमार सुमन और निर्दलीय विधायक सुमित सिंह ने भी मंत्री पद की शपथ ली। सूत्रों ने बताया कि मंत्रिपरिषद के अन्य सदस्यों पर एक या दो दिन में निर्णय लिया जाएगा।नीतीश ने रविवार दिन में यह कहते हुए मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था कि बिहार में सत्तारूढ़ महागठबंधन और विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन में उनके लिए चीजें ठीक नहीं चल रही हैं। इसी के साथ उन्होंने भाजपा के सहयोग से नई सरकार बनाने का दावा भी पेश किया था। लगभग डेढ़ साल पहले उन्होंने भाजपा से नाता तोड़ लिया था। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। नीतीश की पूर्व सहयोगी पार्टी राजद ने शपथ ग्रहण समारोह का बहिष्कार किया, जबकि एक अन्य पूर्व सहयोगी कांग्रेस भी अनुपस्थित रही। जदयू सुप्रीमो ने 2000 में राज्य के मुख्यमंत्री पद की पहली बार शपथ ली थी।

### जहां थे, वहीं वापस आ गए : नीतीश

नौंवी बार बिहार के मुख्यमंत्री बनने के बाद नीतीश कुमार ने कहा कि भाजपा के साथ पहले भी थे और अब इधर-उधर नहीं जाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा के साथ पहले भी थे, बीच में कहीं गए। फिर हमारी पार्टी के लोगों को लगा तो हम वापस आ गए। अब सब दिन के लिए हम लोग एक ही साथ रहेंगे जो शुरू से थे। अब इधर-उधर जाने का सवाल नहीं है। नीतीश ने बताया कि मेरे साथ सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा उपमुख्यमंत्री बनाए गए हैं।

### विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेगी नई सरकार : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार में फिर से राजग की सरकार बनने पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बधाई दी है। उन्होंने उपमुख्यमंत्री बनाए जाने पर सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा को भी बधाई दी है। मोदी ने एक्स पर लिखा कि बिहार में बनी राजग सरकार राज्य के विकास और यहां के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। नीतीश कुमार जी को मुख्यमंत्री और सम्राट चौधरी जी एवं विजय सिन्हा जी को उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर मेरी बहुत-बहुत बधाई।

### जदयू 2024 में ही खत्म हो जाएगी: तेजस्वी

बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने दावा किया है कि जनता दल यूनाइटेड (जदयू) 2024 में ही खत्म हो जाएगी। उन्होंने कहा कि मैं कोई व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं करना चाहता हूं। मुझे कोई गुस्सा नहीं है, लेकिन मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि अभी खेल बाकी है। आप लिखकर ले लीजिए जदयू 2024 में ही खत्म हो जाएगी। मैं भाजपा के लोगों को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने उन्हें (नीतीश कुमार) को साथ ले लिया। नीतीश कुमार पर तंज करते हुए कहा कि ये थके हुए मुख्यमंत्री थे, लेकिन हमने इनसे इतना काम करवाया कि रिकॉड बन गया।

### कांग्रेस का तंज, गिरगिट को कड़ी टक्कर दे रहे हैं नीतीश

**नई दिल्ली।** नीतीश कुमार के रविवार को बिहार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद कांग्रेस ने उनकी तुलना गिरगिट से की और कहा कि राज्य के लोग इस विश्वासघात के लिए उन्हें कभी माफ नहीं करेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि वह महागठबंधन छोड़ने के कुमार के फैसले के बारे में पहले से जानते थे, लेकिन उन्होंने 'इंडिया' को बरकरार रखने के लिए कुछ नहीं कहा। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने 'एक्स' पर लिखा, 'बार-बार राजनीतिक साझेदार बदलने वाले नीतीश कुमार रंग बदलने में गिरगिटों को कड़ी टक्कर दे रहे हैं।

# आज बनाए जा रहे कानून, कल के उज्ज्वल भारत का बनेंगे आधार

## सुप्रीम कोर्ट के हीरक जयंती समारोह में बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि सरकार वर्तमान संदर्भ को ध्यान में रखते हुए कानूनों का आधुनिकीकरण कर रही है और ये कानून भारत को भविष्य में और मजबूत करेंगे। उच्चतम न्यायालय की 75वीं वर्षगांठ (हीरक जयंती) के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि तीन नए आपराधिक न्याय कानून बनने से भारत की कानूनी, पुलिस और जांच प्रणाली ने एक नए युग में प्रवेश कर लिया है।

उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि सैकड़ों साल पुराने कानूनों से नए कानूनों की ओर प्रवेश सुचारू हो। इस संबंध में, हमने सरकारी कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्य पहले ही शुरू कर दिया है। मोदी ने उच्चतम न्यायालय से अन्य हितधारकों के क्षमता निर्माण की दिशा में काम करने के लिए आगे आने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सशक्त न्यायिक प्रणाली विकसित भारत का हिस्सा है। सरकार लगातार काम कर रही है और भरोसेमंद न्यायिक प्रणाली बनाने के लिए कई फैसले ले रही है। जन विश्वास विधेयक इसी दिशा में उठाया गया कदम है। भविष्य में इससे न्यायिक प्रणाली पर अनावश्यक बोझ कम होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने भारत के जीवंत लोकतंत्र को मजबूत किया है। कहा कि आज भारत में जो कानून बन रहे हैं, वे कल के उज्ज्वल भारत को और मजबूती प्रदान करेंगे। आज बनाए गए कानून भारत के भविष्य को उज्ज्वल बनाएंगे।



समारोह के दौरान सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ से चर्चा करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### न्यायपालिका को कठिन संवाद शुरू करने की जरूरत : सीजेआई

प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने 'स्थगन की संस्कृति' और लंबी छुट्टियों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि एक संस्था के रूप में प्रासंगिक बने रहने की न्यायपालिका की क्षमता के लिए जरूरी है कि वह चुनौतियों को पहचाने और 'कठिन संवाद' शुरू करे। उन्होंने हाशिए पर मौजूद वर्गों का प्रतिनिधित्व बढ़ाने और पहली पीढ़ी के वकीलों को समान अवसर प्रदान करने पर भी जोर दिया। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने भारत में हो रहे जनसांख्यिकीय परिवर्तनों पर भी प्रकाश डाला और कहा कि कानूनी पेशे में पारंपरिक रूप से महिलाओं का प्रतिनिधित्व कम रहता था, लेकिन अब जिला न्यायपालिका के कार्यबल में उनकी हिस्सेदारी 36.3 प्रतिशत है। सीजेआई ने समाज के विभिन्न वर्गों को कानूनी पेशे में शामिल करने का आह्वान किया। उन्होंने रेखांकित किया कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति का प्रतिनिधित्व बार और पीठ दोनों में काफी कम है।

# घर में सो रहे पति-पत्नी और तीन बच्चों की जिंदा जलाकर हत्या

संवाददाता, बरेली/फरीदपुर

- फरीदपुर कस्बे के मोहल्ला फर्रखपुर में दिल दहलाने वाली वारदात
- दरवाजे पर बाहर से डाल दिया था ताला ताकि निकल न सके कोई

**अमृत विचार :** फरीदपुर के फर्रखपुर मोहल्ले में शनिवार रात घर के कमरे में सो रहे पति-पत्नी और तीन बच्चों की शनिवार रात जिंदा जलाकर हत्या कर दी गई। हत्या करने वाले ने दरवाजे पर बाहर से ताला भी डाल दिया था ताकि कोई बाहर न निकल सके। एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या की दिल दहला देने वाली इस वारदात का पता लोगों को रविवार सुबह लग पाया। पुलिस की पूरे दिन की छानबीन के बावजूद न हत्यारे का कोई सुराग मिला, न हत्या करने का कारण पता चला।

वारदात का शिकार होने वाले अजय गुप्ता (35) का परिवार फर्रखपुर मोहल्ले में तिरंगा स्कूल के पास किराए के मकान में रहता था। अजय बिजली सबस्टेशन के पास नान का ठेला लगाते थे। परिवार में पत्नी अनीता (32) के अलावा बेटा दिव्यांश (09), दक्ष (03) और बेटी दिव्यांशी (06) थी। मकान में मेन गेट के अंदर कुछ जगह खाली पड़ी है और दूसरे कोने पर सिर्फ एक कमरा बना हुआ है जिसमें पूरा परिवार सोता था। शनिवार रात इसी कमरे में सोते हुए पांचों लोगों की आग लगाकर हत्या कर दी गई। घनी आबादी में मकान होने के बावजूद रात में आसपास किसी को इसकी भनक तक नहीं लगी। रविवार सुबह घटना का तब पता चला, जब अजय के चचेरे भाई राजेंद्र उनके घर में खड़ी अपनी बाइक लेने पहुंचे। काफी देर आवाज लगाने के बाद भी मेन गेट नहीं खुला तो राजेंद्र पड़ोस के घर से छत पर पहुंचे। वहां से झांककर देखने पर अजय के कमरे से धुआं उठते देख उनके होश उड़ गए। आसपास के लोगों के इकट्ठा होने के बाद भीड़ अंदर से तालाबंद मुख्य दरवाजा तोड़कर अंदर घुसी। इस बीच पुलिस भी पहुंच गई। सीओ गौरव कुमार सिंह और इंस्पेक्टर रामसेवक सिंह की मौजूदगी में दरवाजे पर बाहर से पड़ा ताला तोड़कर कमरा खोला गया तो अंदर वीभत्स नजारा देखकर लोगों की रूह कांप गई। कमरे में अजय, उनकी पत्नी और तीनों बच्चों के बुरी तरह जले शव इधर-उधर पड़े हुए थे।

आईजी, डीएम, एसएसपी और एसपी देहात समेत जिले के आला अफसर भी फरीदपुर पहुंच गए। फोरेंसिक टीम के साथ पुलिस पूरे दिन घटनास्थल पर छानबीन करने के साथ लोगों से पूछताछ करती रही। फिर भी देर रात तक दिल दहला देने वाली इस वारदात का कोई खास सुराग हासिल नहीं हो सका।

### मुख्यमंत्री ने जताया दुख, पांच लाख देने की घोषणा

एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने जिला प्रशासन को निर्देश दिया है कि सभी मृतकों का वह खुद अंतिम संस्कार कराने का इंतजाम करे। इसके साथ उन्होंने मृतकों के परिजनों को पांच लाख रुपये का मुआवजा देने की भी घोषणा की है।

> आग से एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत की बहुत दुखद घटना हुई है। कमरे में बाहर से ताला लगा था। अंदर भी कोई सिटकनी या दरवाजा बंद करने का कोई यंत्र नहीं था। आग लगने के कारणों का पता किया जा रहा है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। - **घुले सुशील चंद्रभान**, एसएसपी

## बीटिंग रिट्रीट समारोह में बजेंगी भारतीय धुनें

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस समारोह के औपचारिक समापन के मौके पर रायसीना हिल्स पर सोमवार को आयोजित होने जा रहे 'बीटिंग रिट्रीट' में सेना और अर्द्धसैनिक बलों के बैंड पूर्ण रूप से भारतीय धुन बजाएंगे। यह समारोह राष्ट्रीय राजधानी में विजय चौक पर होगा और इसी के साथ गणतंत्र दिवस समारोह का भी औपचारिक समापन हो जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि रायसीना हिल्स 'पूर्ण रूप से भारतीय धुनों का गवाह बनेगा' जो 29 जनवरी को बीटिंग रिट्रीट समारोह के दौरान बजाया जाएगा। इसके मुताबिक थलसेना, नौसेना, वायुसेना और सीएपीएफ के बैंड भारतीय धुन बजाएंगे।

# उम्मीदवारों के नहीं होने पर हटाया जा सकता है आरक्षण

नई दिल्ली, एजेंसी

- नए मसौदा दिशा-निर्देशों में यूजीसी का सुझाव

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए मसौदा दिशा-निर्देशों में सुझाव दिया गया है कि अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) या अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित रिक्तियां इन श्रेणियों के पर्याप्त उम्मीदवार नहीं आने की स्थिति में अनारक्षित घोषित की जा सकती हैं। दिशा-निर्देश में कहा गया कि एससी या एसटी या ओबीसी के लिए आरक्षित रिक्तियां संबंधित उम्मीदवार के अलावा किसी अन्य उम्मीदवार द्वारा नहीं भरी जा सकती। यह भी कहा गया कि हालांकि, एक आरक्षित रिक्ति को अनारक्षण की प्रक्रिया का पालन करके अनारक्षित घोषित किया जा सकता है, जिसके बाद इसे अनारक्षित रिक्ति के रूप में भरा जा सकता है। साथ ही कहा गया है कि सीधी भर्ती के मामले में आरक्षित रिक्तियों को अनारक्षित घोषित करने पर प्रतिबंध है। चूंकि समूह 'ए' सेवा में कोई रिक्ति खाली नहीं छोड़ी जा सकती, ऐसे में दुर्लभ मामलों में संबंधित विवि रिक्ति के आरक्षण को रद करने का प्रस्ताव कर सकता है।

# प्रदेश को दुनिया का सर्वोत्तम टूरिस्ट हब बनाने की तैयारी कर रही सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जापान, चीन, ब्रिटेन, अमेरिका फ्रांस, जर्मनी सहित 28 देशों में चलेगा प्रचार अभियान
- पर्यटन केंद्रों के प्रति दुनिया में रुचि पैदा करने को ब्रांड यूपी को प्रमोट करेगी सरकार

**अमृत विचार :** अयोध्या के कारण इन दिनों दुनिया भर में छाए उत्तर प्रदेश को पर्यटन की नजर से सर्वाधिक आकर्षक गंतव्य के तौर पर प्रस्तुत करने की तैयारी है। इसके लिए इनवेस्टर्स समिट की तर्ज पर पड़ोसी देशों समेत विदेशों में उप्र. की ब्रांडिंग की जाएगी। एक विस्तृत कार्ययोजना तय हो गई है। कुल 28 राष्ट्रों के लगभग 50 शहरों में विभिन्न आयोजनों के दौरान उत्तर प्रदेश को टूरिस्ट हब के तौर पर प्रोजेक्ट किया जाना है।

कार्ययोजना के मुताबिक, ब्रिटेन के लंदन, मैनचेस्टर, बर्मिंघम व ग्लासगो, स्पेन के मैड्रिड, बिलबाओ, बार्सिलोना, इटली के रोम, मिलान व जर्मनी के बर्लिन, म्यूनिख, फ्रैंकफर्ट में इंटरनेशनल रोड शो होगा। इसी तरह, पुर्तगाल के लिस्बन, नॉर्वे के ओस्लो, स्वीडन के स्टॉकहोम, फ्रांस के पेरिस, नीदरलैंड के हेग व फिनलैंड के हेलसिंकी में भी रोड शो व प्रदर्शनी लगेंगी। इनमें जापान, इजरायल, चीन, अमेरिका, फ्रांस, सिंगापुर, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, इजरायल, रूस व यूएई प्रमुख हैं। इस दौरान दुनिया के सभी प्रमुख टूरिस्ट हब में भी ब्रांड यूपी का प्रचार-प्रसार होगा। इन सभी अंतर्राष्ट्रीय स्थलों पर उप्र. के प्रचार और ब्रांडिंग के लिए तमाम देशों के भारतीय दूतावासों की मदद ली जानी है। वहीं, खाड़ी देशों में संयुक्त अरब अमीरात के दुबई, ओमान के मस्कट, कतर के दोहा, कुवैत के कुवैत शहर, लेबनान के बेरूत, रूस के मॉस्को, इज़राइल के तेल अवीव में भी ये कवायद होगी। दक्षिण पूर्व देशों में भी ब्रांड यूपी को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियां होंगी।

**शोध** एकेटीयू छात्र की डिवाइस को एससीआई की स्वीकृति मिलने की प्रतीक्षा, 5जी-6जी नेटवर्क को आसानी से लोगों तक पहुंचाएगा तैयार मॉडल

# डिजिटल राहों की रफ्तार बनेगा माइक्रोस्ट्रिप एंटीना


अमृत विचार विशेष

जीशान कदीर, लखनऊ

**अमृत विचार :** डिजिटल राहों में एकेटीयू के छात्र का तैयार माइक्रोस्ट्रिप एंटीना जल्द ही रफ्तार भरने जा रहा है। इसके सहारे लोगों तक 5जी ही नहीं 6जी की भी राह आसान हो जाएगी। फिलहाल इस नए शोध को अंतर्राष्ट्रीय संस्था एससीआई की स्वीकृति का इंतजार है। शोधार्थी को तकनीकी एवं शिक्षा के क्षेत्र में राज्यपाल द्वारा पुरस्कृत किया जा चुका है।

मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलॉजी के छात्र मोहसिन अफरोज का मानना है कि पहले बाजार में 2जी ने आकर हलचल मचाई। फिर 3जी आया तो पुराने मोबाइल काम के न रहे। नेटवर्क की व्यवस्था में बदलाव आने से लोगों के जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ता गया। कहते हैं कि अब 5जी का जमाना है, फिर 6जी भी होगा। इसी को लेकर उन्होंने एक नई डिवाइस तैयार की है। माइक्रोस्ट्रिप एंटीना के नाम से तैयार डिवाइस हर मोबाइल में कारगर रहेगी। माइक्रो चिप के रूप में डिवाइस लगते ही पुराना मोबाइल भी नई व्यवस्था के लिए कारगर साबित हो जाएगा।

बताते हैं कि उन्होंने तैयार मॉडल को अंतर्राष्ट्रीय संस्था एससीआई को प्रेषित कर दिया है। स्वीकृति मिलते ही इसे बाजार में उतारकर उपयोग में लाया जा सकेगा।



मोहसिन अफरोज

### अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों से सस्ती देसी डिवाइस

अभी तक बाजार में अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों द्वारा गोल्ड और कॉपर से तैयार डिवाइस ही इस्तेमाल में लाई जाती रही है। जो काफी खर्चीली है। शोधार्थी का दावा है कि कॉपर से तैयार नई डिवाइस अपेक्षाकृत काफी सस्ती और सुलभ है।

### एकेटीयू के सभी संस्थानों में अव्वल रहे हैं मोहसिन

डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के 550 से अधिक संस्थानों में मोहसिन अफरोज शिक्षा एवं तकनीकी शोध के क्षेत्र में प्रथम स्थान पाए हैं। इन्हीं उपलब्धियों के कारण इन्हें राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा गोल्ड मेडल व चांसलर अवार्ड दिया जा चुका है।

### हाईप्रोफाइल चिप का इनमें होगा उपयोग

हाईप्रोफाइल चिप का इस्तेमाल मोबाइल के अतिरिक्त ब्लूटूथ, लैपटॉप सहित अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरणों में आसानी से उपयोग में लाया जा सकेगा।



# मेदवेदेव को हराकर सिनर ने जीता पहला ग्रैंडस्लैम खिताब

## सेमीफाइनल में उलटफेर कर नोवाक जोकोविच का दबदबा किया था खत्म

**मेलबर्न, एजेंसी**

यानिक सिनर ने दो सेट से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए रविवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में दानिल मेदवेदेव को 3-6, 3-6, 6-4, 6-4, 6-3 से हराकर अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता है। सेमीफाइनल में उलटफेर कर नोवाक जोकोविच के टूर्नामेंट में लंबे समय से चले आ रहे दबदबे को खत्म करने वाले 22 साल के सिनर पहली बार किसी बड़े टूर फाइनल में खेल रहे थे। वह ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीतने वाले इटली के पहले खिलाड़ी है।

अमेरिकी ओपन 2021 के चैंपियन मेदवेदेव की ग्रैंडस्लैम के 6 फाइनल में यह पांचवीं हार है। यानिक सिनर ने टूर्नामेंट के अपने चौथे पांच सेट तक चले मैच के साथ ग्रैंडस्लैम के ओपन युग में कोर्ट पर सबसे अधिक समय बिताने का नया रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने 2022 अमेरिकी ओपन में कार्लोस अल्कराज के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। अल्काराज ने तब 23 घंटे 40 मिनट कोर्ट पर बिताए थे।



### 3 बार फाइनल में पहुंचने के बाद भी खिताब नहीं जीत सके मेदवेदेव

ऑस्ट्रेलियाई ओपन में तीन बार फाइनल में जगह बनाने के बावजूद मेदवेदेव खिताब नहीं जीत सके। वह 2021 में जोकोविच और 2022 में राफेल नडाल से हारे थे। नडाल के खिलाफ भी वह अपनी पहले दो सेट की बढ़त को बरकरार नहीं रख सके थे। मेदवेदेव इस बार खिताबी मुकाबले तक पहुंचने के लिए पांच-पांच सेट के तीन मैच जीते। इसमें से दो मैचों में उन्होंने शुरुआती दो सेट में पिछड़ने के बाद दमदार वापसी की। सिनर ने इस दौरान फाइनल से पहले छह मैचों में केवल एक सेट गंवाया, जो जोकोविच के खिलाफ तीसरे सेट के टाईब्रेकर में था।

### सू वेई और एलिसे मर्टेंस बनीं महिला युगल चैंपियन



ताईवान की सेह सू वेई ग्रैंडस्लैम युगल खिताब जीतने वाली दूसरे सबसे उम्रदराज महिला बन गई, जिन्होंने बेल्जियम की एलिसे मर्टेंस के साथ आस्ट्रेलियाई ओपन महिला युगल खिताब अपने नाम किया। दूसरी वरीयता प्राप्त इस जोड़ी ने लाटविया की येलेना ओस्टापेंको और यूक्रेन की लिउडमाइला किचेनोक को 6-1, 7-5 से हराया। यह सू वेई का सातवां महिला युगल ग्रैंडस्लैम खिताब है, जबकि मर्टेंस का चौथा। इससे पहले पुरुष वर्ग में भारत के 43 वर्ष के रोहन बोपन्ना सबसे उम्रदराज युगल चैंपियन बने, जिन्होंने आस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन के साथ खिताब जीता। आस्ट्रेलिया की लीजा रेमंड सू वेई से आठ दिन बड़ी थी जब उन्होंने 2011 अमेरिकी ओपन खिताब जीता था। मार्टिना नवरातिलोवा ने 49 वर्ष की उम्र में 2006 अमेरिकी ओपन जीता था।

# फाइनल में नीदरलैंड से हारा भारत

**हॉकी-5 महिला विश्व कप**

**मस्कट, एजेंसी**

भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच हॉकी-5 महिला विश्व कप के फाइनल में नीदरलैंड से 2-7 से हारकर उपविजेता रही। भारत के लिए ज्योति छत्री और रूतुजा दादासो पिसाल ने गोल दागे। नीदरलैंड के लिए यानेके वान डे वेन्ने, बेंते वान डेर वेल्ट, लाना काल्से और सोशा बेनिंगा ने गोल किए। विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के लिए हॉकी इंडिया ने हर खिलाड़ी को 3 लाख और सहयोगी स्टाफ को डेढ़ लाख रुपये पुरस्कार देने का एलान किया है।

मैच की शुरुआत से दोनों टीमों ने काफी आक्रामक खेल दिखाया लेकिन सफलता नीदरलैंड को मिली जब यानेके ने लंबी दूरी से लगाए गए शॉट पर गोलकीपर रजनी इतिमार्पू को छकाकर गोल किया। इसके दो मिनट बाद वान डेर वेल्ट ने दूसरा गोल दाग दिया। उसने आठवें मिनट में एक और गोल करके डच टीम

**भारतीय खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर हॉकी इंडिया ने की 3-3 लाख पुरस्कार की घोषणा, स्टाफ को भी डेढ़ लाख**

का शिकंजा कस दिया। पहले हाफ से चार मिनट पहले लाना काल्से ने डच टीम के लिए चौथा गोल दागा और सोशा ने दो मिनट बाद बढ़त 5-0 की कर दी। पहले हाफ के आखिरी मिनट में यानेके ने एक और गोल किया।

दूसरे हाफ के पांचवें मिनट में भारत के लिए ज्योति ने गोल किया और तीन मिनट बाद रूतुजा ने एक गोल दागकर डच टीम की बढ़त कम की। इस बीच नीदरलैंड के लिए लाना ने जवाबी हमले पर गोल करके बढ़त फिर पांच गोल की कर दी। नीदरलैंड को आखिरी मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक मिला, जिस पर रजनी ने गोल तो बचा लिया लेकिन हार को नहीं टाल सकी।

# पहले टेस्ट में इंग्लैंड ने भारत को 28 रन से हराया

## श्रृंखला में 1-0 से बनाई बढ़त, 231 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम 202 रन पर सिमटी

**हैदराबाद, एजेंसी**

ओली पोप के 196 रन का शतक और अंतर्राष्ट्रीय टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण कर रहे बाएं हाथ के स्पिनर टॉम हार्टले के 7 विकेट से इंग्लैंड ने रविवार को हैदराबाद में पहले टेस्ट के चौथे दिन भारत पर 28 रन की यादगार जीत दर्ज की। इसके साथ 5 मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त हासिल कर ली। इंग्लैंड ने भारत को जीत के लिए 231 रन का लक्ष्य दिया लेकिन हार्टले की फिरकी में फंसकर भारतीय टीम दूसरी पारी में 69.2 ओवर में 202 रन पर सिमट गई। घरेलू टेस्ट में 2013 के बाद यह भारत की चौथी हार है।



**196** रन बनाए इंग्लैंड के ओली पोप ने दूसरी पारी में

**7** विकेट झटके टॉम हार्टले ने टेस्ट क्रिकेट में डब्यू करते हुए

### हार्टले की फिरकी के आगे ढही भारतीय टीम

लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को रवैया ओली पोप के रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा की गेंदबाजी से निपटने के तरीके से बिल्कुल विपरीत था। भारत के दोनों स्पिनर पिच पर कभी भी खतरनाक नहीं दिखे और इंग्लैंड ने दूसरी पारी में काफी रन बटोर लिए। इससे पहले इंग्लैंड ने छह विकेट पर 316 रन से आगे खेलते हुए पोप की बदौलत दूसरी पारी में 420 रन बनाए, जिससे उन्हें काफी अच्छी बढ़त मिली। यह हार भारत को गहरा घाव देगी क्योंकि टीम 25 साल के लंकाशर के ऐसे गेंदबाज के सामने ढह गई, जिसे कुल तीन अंतर्राष्ट्रीय मैच का अनुभव है।

### स्पिन के सामने बेबस दिखे भारतीय बल्लेबाज

पिच पर काफी टर्न और उछाल मौजूद था लेकिन भारतीय बल्लेबाज इससे निपट नहीं सके। शुभमन गिल (0), यशस्वी जायसवाल (15) और श्रेयस अय्यर (13) अपनी ही गलतियों से आउट हुए। जायसवाल सिली प्वाइंट पर पोप को कैच देकर लौटे। दो गेंद बाद ही गिल भी लौट गए, जो खाता भी नहीं खोल पाए। इस बार भी कैच सिली प्वाइंट पर पोप ने लपका। हार्टले ने रोहित शर्मा (39 रन) को पगबाधा आउट करके तीसरा विकेट लिया। इसके बाद केएल राहुल और अक्षर पटेल ने संभलकर खेला और चाय तक कोई विकेट नहीं गंवाया। हार्टले का सामना करने के लिए श्रेयस अय्यर के ऊपर अक्षर को भेजा गया लेकिन चाय के ब्रेक के बाद अक्षर को हार्टले ने अपनी ही गेंद पर कैच आउट किया। राहुल (22) एक और प्रभावी पारी खेलने की ओर बढ़ रहे थे लेकिन जो रूट की गेंद पर पगबाधा आउट हुए। रविंद्र जडेजा तेजी से एक रन लेने के बाद इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स के सीधे थ्रो से रन आउट हो गए। वह हैमस्ट्रिंग को पकड़कर चल रहे थे जो भारतीय खेमे के लिए चिंता का विषय हो सकता है।

### दूसरी बार किसी टीम ने भारत के खिलाफ बनाए 400 रन

लंच तक भारत ने तीन विकेट गंवाए थे और अंतिम सत्र में तीन विकेट गंवाने के बाद रविचंद्रन अश्विन (28) और केएस भरत (28) ने आठवें विकेट के लिए 58 रन की भागीदारी निभाकर उम्मीद जगाई। इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने दूसरी पारी में 400 से ऊपर स्कोर किया और भारत के खिलाफ 2012 के बाद दूसरी बार ही कोई टीम इस आंकड़े को छूने में कामयाब रही है। पोप ने टॉम हार्टले (35) के साथ 106 गेंद में 80 रन की साझेदारी की। उन्होंने रिवर्स स्वीप और स्वीप शॉट बखूबी खेले। रविचंद्रन अश्विन ने इस साझेदारी को तोड़कर हार्टले को आउट किया। इसके बाद भारत ने जल्दी विकेट चटकाए। जसप्रीत बुमराह ने धीमी गेंद पर पोप को आउट करके इंग्लैंड की पारी का अंत किया। बुमराह ने ही रेहान अहमद को विकेट से पीछे कैच कराकर सफलता दिलाई थी।

**2012** के बाद 400 रन का आंकड़ा छूने में कामयाब रही इंग्लैंड की टीम

# श्रीलंका क्रिकेट से निलंबन हटा

**कोलंबो, एजेंसी।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) बोर्ड ने रविवार को तत्काल प्रभाव से श्रीलंका क्रिकेट पर लगा निलंबन हटा दिया। श्रीलंका क्रिकेट को आईसीसी सदस्य के रूप में दायित्वों के गंभीर उल्लंघन के लिए पिछले साल नवंबर में निलंबित कर दिया गया था। इन दायित्वों में विशेष रूप से अपने मामले स्वायत्तता से संभालने और संचालन में कोई सरकारी हस्तक्षेप नहीं होने की जरूरत शामिल थी।

**सरकारी हस्तक्षेप पर पिछले साल आईसीसी ने किया था निलंबित**

बोर्ड निलंबन के बाद से श्रीलंका क्रिकेट के हालात की निगरानी कर रहा है और अब इस बात से संतुष्ट है कि वह अब सदस्यता दायित्वों का उल्लंघन नहीं कर रहा है। खेल मंत्री हरिन फर्नांडो ने ट्वीट कर निलंबन हटाने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जल्द ही एक आधिकारिक बयान जारी किया जाएगा। आईसीसी ने पिछले साल नवंबर में राजनीतिक हस्तक्षेप का हवाला देते हुए श्रीलंका क्रिकेट को निलंबित कर दिया था।

## खेल डायरी

### हॉकी: नीदरलैंड से हार के बाद दक्षिण अफ्रीका दौरा खत्म

**केपटाउन।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने दक्षिण अफ्रीका का दौरा रविवार को नीदरलैंड के हाथों मिली 1-5 की निराशाजनक हार से समाप्त किया। भारतीय टीम के लिए एकमात्र गोल अभिषेक ने किया। नीदरलैंड के लिए जिप जानसेन ने दो गोल दागे, जबकि विश्व की शीर्ष रैंकिंग टीम के लिए डुको टेलजेनकैम्प, जेप होडरमेकर्स और कोएन बिजेन ने एक-एक गोल किए। नीदरलैंड ने जानसेन के गोल से शुरू में ही बढ़त बना ली। भारतीय टीम लगातार हमलों के बावजूद पहले क्वार्टर के अंत तक गोल नहीं कर सकी। दूसरे क्वार्टर में नीदरलैंड ने 16वें और 21वें मिनट में दो गोल कर भारत पर दबाव बना दिया। फिर जानसेन ने 28वें मिनट में अपना दूसरा गोल दाग दिया और नीदरलैंड की टीम पहले हाफ में 4-0 से आगे हो गई। दूसरे हाफ में भारत ने गोल करने की तमाम कोशिशें कीं लेकिन बिजेन ने एक और गोल कर नीदरलैंड को 5-0 से बढ़त दिला ली। फिर अभिषेक ने तीसरे क्वार्टर में गोल कर स्कोर 1-5 किया।


### तवांग में अंतर्राष्ट्रीय कयाकिंग टूर्नामेंट 5 फरवरी से

**तवांग।** अरुणाचल प्रदेश में चीन की सीमा के पास तवांगचू नदी पर छह दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कयाकिंग टूर्नामेंट अगले महीने आयोजित किया जाएगा। इस नदी में तिब्बत की दो नदियां मिलती है जो बाद में तिब्बत से होकर ब्रह्मपुत्र में मिल जाती हैं। पांच फरवरी से होने वाले तवांगचू टाइड्स टूर्नामेंट में प्रतिभागियों को रोमांच की पूरी सौगात मिलेगी। आयोजकों के अनुसार दुनिया भर के 130 कयाकर्स इसमें भाग लेंगे। इसका आयोजन अरुणाचल के मुख्यमंत्री पेमा खांडू और केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू के मार्गदर्शन में हो रहा है, जो इसी प्रदेश से हैं। तवांगचू तवांग की प्रमुख नदी है और करीब 10000 फुट की ऊंचाई पर चीन की सीमा के करीब स्थित है। अरुणाचल प्रदेश तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के साथ 1,129 किलोमीटर लंबी एलएसी साझा करता है।

### एआईएफएफ ने प्रभाकरण की बर्खास्तगी पर चर्चा के लिए बुलाई बैठक

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने महासचिव शाजी प्रभाकरण की बर्खास्तगी पर चर्चा के लिए मंगलवार को कार्यकारी समिति की बैठक बुलाई है। प्रभाकरण ने कहा कि उन्हें कार्यकारी समिति की बैठक के लिए आमंत्रित नहीं किया गया है। उन्होंने सदस्यों को एक पत्र भी लिखा था लेकिन फिर भी आमंत्रित नहीं किया गया। प्रभाकरण को सात नवंबर को विश्वासघात करने के आरोप में महासचिव पद से हटा दिया गया था, लेकिन दिल्ली उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने आठ दिसंबर को उनकी बर्खास्तगी पर अंतरिम रोक लगाने का आदेश दिया था। अदालत ने 19 जनवरी के अपने नवीनतम आदेश में कहा था कि प्रभाकरण को एआईएफएफ की आपातकालीन समिति ने बर्खास्त कर दिया था।

### दिव्यांश पंवार ने विश्व रिकॉर्ड से स्वर्ण पदक जीता



**काहिरा।** भारत के दिव्यांश सिंह पंवार ने रविवार को पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के फाइनल्स में विश्व रिकॉर्ड बनाकर देश को आईएसएसएफ विश्व कप में दूसरा स्वर्ण पदक दिलाया। 21 साल के निशानेबाज दिव्यांश ने 253 .7 अंक से चीन के शेंग लिहाओ के पिछले साल हांगझोऊ एशियाई खेलों में बनाए गए 253 .3 के रिकॉर्ड को बेहतर किया। दिव्यांश ने क्वालीफिकेशन में विश्व स्तरीय 632 .4 अंक से पहले स्थान से 24 शॉट के फाइनल में जगह बनाई, जिसमें भी अपने सटीक निशानों से रजत पदक विजेता इटली के दानी सोलाजो को 1.9 अंक से पछाड़ दिया। उन्होंने एक भी स्कोर 10 से कम का नहीं बनाया और उनके दो शॉट परफेक्ट 10 .9 अंक के रहे। दिव्यांश ने कहा कि इस पदक से निश्चित रूप से इस महत्वपूर्ण वर्ष में आत्मविश्वास बढ़ेगा। सर्बिया के लाजार कोवासेविच ने कांस्य पदक जीता, जबकि फाइनल में पहुंचने दूसरे भारतीय अर्जुन बबूता छठे स्थान पर रहे। यह दिव्यांश का विश्व कप चरण में कुल पांचवां स्वर्ण पदक है। 2019 में चीन के पुटियान के बाद यह उनका दूसरा व्यक्तिगत स्वर्ण पदक है।

# अब्दुसत्तारोव को शिकस्त देकर विदित संयुक्त रूप से शीर्ष पर

**शतरंज**

**विज्क आन जी, एजेंसी**

ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती ने एक बार फिर विषम परिस्थितियों को पार करते हुए टाटा स्टील मास्टर्स के 12वें दौर में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव को हराकर तालिका में संयुक्त बढ़त हासिल कर ली है।

ग्रैंड स्विस विजेता विदित की इस जीत से साल का पहला सुपर टूर्नामेंट काफी रोमांचक हो गया है। जहां शीर्ष पर 7.5 अंक के साथ पांच खिलाड़ी है और एक दौर का मुकाबला बचा है। विदित के साथ डी गुकेश, चीन के वेई यी, हॉलैंड के अनीश गिरी और अब्दुसत्तारोव तालिका में शीर्ष पायदान पर है।

फाइनल में हालांकि अनीश का पलड़ा भारी होगा क्योंकि उनका मुकाबला तालिका में आखिरी पायदान पर काबिज मैक्स वेरमेरडैम से है। आर प्रज्ञानानंदा ने 12वें दौर में गुकेश के साथ ड्रॉ मुकाबला खेला। विदित ने क्वीन और प्यादे से अपने खेल को शुरू कर अब्दुसत्तारोव को चौंकाया और फिर पूरे मुकाबले के दौरान अपना दबदबा कायम रखा। आखिरी दौर के मुकाबलों में गुकेश के सामने ईरान के परम माघसूदलू की चुनौती होगी, जबकि विदित को वेई यी की मुश्किल चुनौती से पार पाना होगा। अब्दुसत्तारोव को जर्मनी के एलेंडर डोनचेंको से निपटना है।

# शामार जोसेफ ने झटके 7 विकेट, वेस्टइंडीज 8 रन से जीता

**ब्रिसबेन, एजेंसी**

शामार जोसेफ के 7 विकेट की मदद से वेस्टइंडीज ने गाबा पर दिन रात का टेस्ट जीता, जो आस्ट्रेलिया में टेस्ट क्रिकेट में 27 साल बाद मिली जीत है। जोसेफ को वेस्टइंडीज की दूसरी पारी में मिचेल स्टार्क का यॉर्कर लगा था और उन्हें मैदान से जाना पड़ा था। उन्होंने गेंदबाजी में कमाल दिखाते हुए 68 रन देकर 7 विकेट लिए और आस्ट्रेलिया को 207 रन पर आउट कर दिया। सलामी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ 146 गेंद में 91 रन बनाकर नाबाद रहे।

**टेस्ट क्रिकेट में वेस्टइंडीज को ऑस्ट्रेलिया में 27 साल बाद मिली जीत**

एडीलेड में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले 24 वर्ष के जोसेफ 11वें नंबर के बल्लेबाज जोश हेजलवुड का विकेट लेते ही खुशी के मारे उछल पड़े। वेस्टइंडीज ने एडीलेड टेस्ट तीन दिन के भीतर दस विकेट से गंवाने के बाद वापसी करके



श्रृंखला में 1-1 से बराबरी की।

1997 में दस विकेट से जीत दर्ज करने के बाद से वेस्टइंडीज ने आस्ट्रेलिया में टेस्ट मैच नहीं जीता था। कैमरन ग्रीन और स्मिथ ने 216 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पहले घंटे में आस्ट्रेलिया को दो विकेट पर 60 रन तक पहुंचाया। जोसेफ ने लगातार दस ओवर डालते हुए पहले स्पैल में 60 रन देकर 6 विकेट लिए। उस समय आस्ट्रेलिया को जीत के लिए 29 रन की जरूरत थी और उसके दो विकेट बाकी थे। जोसेफ ने ग्रीन (42) को आउट करके 71 रन की साझेदारी तोड़ी। इसके बाद अगली यॉर्कर पर ट्रेविस हेड को पवेलियन भेजा।

मिचेल मार्श (10) और एलेक्स कारी (दो) भी टिक नहीं सके। स्टार्क ने 21 रन बनाए लेकिन कवर में केविन सिनक्लेयर को कैच देकर जोसेफ का पांचवां शिकार बने। वहीं पहली पारी में नाबाद 64 रन बनाने वाले पैट कमिंस दो रन बनाकर आउट हो गए। जोसेफ ने नाथन लियोन को डिनर ब्रेक के बाद आउट किया। स्मिथ ने जोसेफ को फाइन लेग पर छक्का लगाकर लक्ष्य एक अंक का कर दिया लेकिन हेजलवुड का आफ स्टंप उखाड़कर जोसेफ ने वेस्टइंडीज को जीत दिलाई।



# बॉलीवुड हलचल

## अमिताभ के बयान के बाद फिर छिड़ी साउथ और बॉलीवुड में टक्कर पर बहस



साल 2022 से ही बॉलीवुड और साउथ की फिल्मों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है। जहां 2022 में साउथ का जलवा रहा तो 2023 में बॉलीवुड ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया। साउथ और बॉलीवुड के बीच चल रही टक्कर पर अमिताभ बच्चन के बयान के बाद एक बार फिर इस पर बहस शुरू हो गई है। अमिताभ ने हाल ही में पुणे में सिंबायोसिस फिल्म फेस्टिवल में कहा था कि रीजनल सिनेमा काफी अच्छा कर रहा है, वे हिंदी फिल्मों की तरह मूवी बना रहे हैं। इस दौरान अमिताभ ने मलयालम और तमिल सिनेमा की तारीफ भी की। अमिताभ बच्चन ने कहा कि हमारी सभी फिल्मों की स्टोरी में कही न कहीं दीवार, शक्ति और शोले है। बिग बी ने बॉलीवुड की आलोचना करने वालों को भी खरी-खोटी सुनाई। बिग बी ने कहा कि ये कहना गलत है कि उनकी फिल्में चल रही हैं, हमारी नहीं। अमिताभ बच्चन की कुछ फिल्मों का साउथ में रीमेक भी किया गया, इनमें अमर अकबर एंथोनी, डॉन, दीवार जैसी फिल्मों के रीमेक ने साउथ में जबरदस्त कमाई की।

### जब रॉकस्टार की शूटिंग करते वक्त गाना गाते-गाते खो गए थे रणबीर कपूर

रणबीर कपूर की फिल्म रॉकस्टार का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में रणबीर कुन फाया कुन गाने की शूटिंग में नजर आ रहे हैं। रणबीर ने इस पर अपनी राय रखी है। रणबीर ने बताया कि वह सिर्फ गाना गाते जा रहे थे और कैमरे ने कुछ ऐसा कैद कर लिया, जिसका श्रेय उन्हें आजतक मिल रहा है। रणबीर ने बताया कि वह इस गाने को गाते समय पूरी तरह खो गए थे। रणबीर कपूर के इस पुराने वीडियो ने एक बार फिर सोशल मीडिया पर गदर काट दिया है।

## सूर्या के साथ कर्ण में जोड़ी बनाने जा रहीं जाह्नवी



बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर अपनी मां श्रीदेवी के पदचिह्नों पर चलते हुए हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के साथ-साथ साउथ की फिल्मों में भी अदाकारी करती नजर आएंगी। यही वजह है कि उन्होंने जूनियर एनटीआर की अगली पैन इंडिया मूवी देवरा के लिए एक झटके में हां कह डाली। अब वह एक और बड़े साउथ सुपरस्टार सूर्या के साथ जोड़ी बनाने की तैयारी में हैं। फिल्मी गलियारों में चर्चा है कि जाह्नवी कपूर जल्द ही तमिल सुपरस्टार सूर्या के साथ उनकी अगली फिल्म कर्ण में नजर आएंगी। निर्देशक राकेश ओम प्रकाश मेहरा की यह एक बिग बजट ड्रामा फिल्म है। जिसे बेहद बड़े स्तर पर बनाया जाएगा। महाभारत की कहानी पर आधारित फिल्म में जाह्नवी कपूर सूर्या के साथ लीड रोल में दिखेंगी। खबर है कि इस फिल्म को मेकर्स 2 भागों में बनाने वाले हैं। फिल्म में कर्ण का किरदार सूर्या निभाएंगे, जबकि जाह्नवी कपूर के किरदार को लेकर अभी जानकारी सामने नहीं आई है। फिल्म का प्री-प्रोडक्शन पहले ही शुरू हो चुका है। अब फिल्म जल्दी ही फ्लोर पर पहुंचने वाली हैं। बता दें कि जाह्नवी कपूर के हाथों कई दिलचस्प प्रोजेक्ट्स हैं। वो तमिल सुपरस्टार सूर्या स्टारर इस फिल्म के अलावा जूनियर एनटीआर की मूवी देवरा में नजर आएंगी। जो पैन इंडिया मूवी है। इसके अलावा वो राजकुमार राव स्टारर फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही और अक्षय कुमार-टाइगर श्रॉफ स्टारर फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में भी दिखेंगी। साथ ही उनके पास उलझ और रणभूमि जैसी फिल्में भी हैं।

## रामायण में हनुमान का किरदार निभाएंगे सनी देओल



रणबीर कपूर और साईं पल्लवी की मेगा बजट फिल्म रामायण रिलीज से पहले काफी चर्चा में है। फिल्म के डायरेक्टर नितेश तिवारी कलाकारों को कास्ट करने में काफी समय ले रहे हैं। अब तक हर रोल को लेकर काफी चर्चा चल रही है। हाल ही में खबर आई थी कि यश इस फिल्म में रावण का रोल निभाने वाले हैं। राम के रोल में रणबीर कपूर नजर आ सकते हैं तो वहीं हनुमान के रोल के लिए सनी देओल का नाम जोड़ा जा रहा है। अब सनी देओल की एंट्री फिल्म में पक्की मानी जा रही है। इस फिल्म में बॉलीवुड से लेकर साउथ तक के कलाकार नजर आ सकते हैं। सनी देओल इस फिल्म के लिए मई से शूटिंग शुरू कर देंगे। इस फिल्म के तीन पार्ट आएंगे। पहले पार्ट में सनी देओल का छोटा सा रोल होने वाला है। इसके अगले दो पार्ट में सनी देओल का खास रोल होगा। रिपोर्ट के मुताबिक रामायण में सनी देओल हनुमान का रोल निभाने वाले हैं। फिल्म में सनी देओल के साथ-साथ उनके भाई बॉबी देओल भी नजर आ सकते हैं। इस फिल्म के लिए विजय सेतुपति से भी बात की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स में ये भी बताया जा रहा है कि लारा दत्ता का भी इस फिल्म में कैकेयी का रोल निभा सकती हैं।

### राहत फतेह अली खान का शार्गिद को पीटते वीडियो वायरल

पाकिस्तानी सिंगर राहत फतेह अली खान का एक वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसमें राहत फतेह अली खान अपने एक स्टूडेंट को चप्पल-घूंसों से मारते दिख रहे हैं। सोशल मीडिया पर हुई फजीहत के बाद पाकिस्तानी सिंगर राहत फतेह अली खान मीडिया के भी निशाने पर आ गए है। उनकी जमकर आलोचना हो रही है। वायरल वीडियो में राहत फतेह अली खान अपने घर से एक बोतल गायब होने को लेकर छात्र से सवाल जवाब कर रहे हैं। वह इसके गायब होने पर अपना गुस्सा छात्र पर निकालते हैं। अब इस वीडियो पर खुद राहत फतेह अली खान ने भी सफाई दी है। उन्होंने उसी छात्र के साथ एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इसमें वह इस मामले को उस्ताद और शार्गिद का रिश्ता बता रहे हैं। वीडियो में उन्होंने अपने उसी छात्र से सफाई भी दिलवाई है। साथ ही उसके पिता भी मामले पर मिट्टी डालते हुए दिख रहे हैं। इस वीडियो के सामने आने के बाद भी लोगों का गुस्सा थमा नहीं है। राहत फतेह अली खान के इस माफीनामे पर भी लोग जमकर अपनी भड़ास निकालते दिखे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज आएंगे अयोध्या

अयोध्या। अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को अयोध्या दौरे पर पहुंचेंगे। वह 12 बजे यहां पहुंचेंगे। हनुमानगढ़ी और राम जन्मभूमि में दर्शन पूजन करने के बाद अयोध्या में चल रहे विकास कार्य का जायजा लेंगे। रामलला के दर्शन के लिए राज्यवार आने वाले अतिथियों, वीआईपी और वीवीआईपी मेहमानों के दर्शन पूजन को लेकर समीक्षा भी करेंगे।

### बिजली कटौती से परेशान हुई 10 हजार की आबादी

रुदौली, अयोध्या। विद्युत उपकेंद्र रुदौली द्वारा अघोषित कटौती से रविवार को उपभोक्ता हलाकान रहे। उपकेंद्र के भेलसर फीडर के 11 हजार केवी का तार बदलने की वजह से हुई से लगभग दस हजार की आबादी प्रभावित हुई रविवार को भेलसर फीडर में सुबह 9 बजे ब्रेक डाउन हो गया खैरनपुर, जहानपुर, भेलसर चौराहा, तहसील परिसर, रामनगर समेत आधा दर्जन मोहल्लों की विद्युत आपूर्ति बंद हो गई। अवर अभियंता विकास पाल ने बताया कि भेलसर फीडर की 11केवी की विद्युत लाइन के जर्जर तारों के बदलने के चलते विद्युत आपूर्ति बंद की गई है। देर रात तक आपूर्ति बहाल हो जाएगी।

### ट्रेन की चपेट में आकर वृद्ध महिला की मौत

बीकापुर, अयोध्या। अमृत विचार : घर से शौच के लिए निकली वृद्धा की अयोध्या प्रयागराज रेलखंड पर ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। कोतवाली बीकापुर क्षेत्र के जमौली गांव की रहने वाली 58 वर्षीय शांति देवी रविवार की भोर घर से शौच करने के लिए जा रही थी। तभी गांव के समीप ही ट्रेन की चपेट में आ गई। चौरे बाजार चौकी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# निर्माणाधीन राम मंदिर का रुका कार्य शुरू करने की तैयारी

## परिसर में स्थापित हो रहा टावर क्रेन, 15 फरवरी के बाद जुटेंगे मजदूर

अयोध्या कार्यालय


राम मंदिर (फाइल फोटो)।

**अमृत विचार :** प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न होने के बाद मंदिर के रुके कार्यों को फिर शुरू करने की तैयारी की जा रही है। मंदिर के पश्चिम दिशा में पुनः दो टावर क्रेन खड़ा किये जा रहे हैं। 15 फरवरी से निर्माण कार्य के लिए मजदूर भी यहां पहुंच जाएंगे। इसके लिए निर्माण संस्था एलएंडटी ने तैयारी को शुरू कर दी है।

बताते चलें कि राम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर एलएंडटी ने 15 जनवरी से श्रीराम जन्मभूमि परिसर में चल रहे निर्माण कार्य को बंद कर दिया था और मजदूरों को एक माह की छुट्टी भी दे दी थी। प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न होने के बाद निर्माण कार्य पूरा करने के लिए एक बार फिर मजदूरों को बुलाया गया है। बताया जा रहा है कि 15 फरवरी के बाद यह सभी मजदूर अपने कार्य पर लौट आएंगे। जिसको लेकर श्री राम जन्मभूमि परिसर लगने वाली मशीनों को एक बार फिर से जोड़ने का कार्य शुरू कर दिया गया है। जिससे मजदूरों के आने के बाद यह कार्य शुरू कर सकें।

> मंदिर का निर्माण में प्रथम तल का कार्य लगभग पूरा होने को है। उसके बाद दूसरे तल और शिखर का कार्य किया जाना है। जिसके लिए एलएंडटी ने अपना कार्य फिर से शुरू करने की तैयारी की है। जल्द इस कार्य को पूरा करने का लक्ष्य पर काम होगा।
> - डॉ. अनिल मिश्रा, सदस्य, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट

# राम मंदिर में पहले उत्सव के रूप में मनाया जाएगा बसंत पंचमी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राम मंदिर में 14 फरवरी को बसंत पंचमी पर्व का पहला उत्सव मनाया जाएगा। इसी प्रकार से वर्ष में लगभग 12 महत्वपूर्ण तिथियों पर उत्सव मनाए जाने के लिए, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट एक उत्सव तालिका तैयार कर रहा है। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देवगिरी ने बताया मंदिर में रामलला विराजमान हो चुके हैं। अब सनातन धर्म के मुताबिक होने वाले सभी पर्व और त्योहार को भी परंपरागत रूप से मनाया जाने की तैयारी की जा रही है।

गोविंददेव गिरी ने बताया कि रामलला के वर्ष में जो उत्सव होंगे, उसका भी निर्धारण

**ट्रस्ट ने तैयार की रामलला की वार्षिक उत्सव तालिका**

किया गया है। उन्होंने कहा कि राम नवमी अयोध्या के लिए सर्व विदित उत्सव है। उसके पहले बसंत पंचमी का 8 भी 8 आता है और उसके पश्चात सीता नवमी, नरसिंह जयंती, सावन झूला उत्सव, जन्माष्टमी, वबान्द्वादशी, विजयादशमी जिसमें प्रभु का आयुद्ध पूजन भी करेंगे। उसके पश्चात शरद पूर्णिमा और फिर दीपावली को वृहद रूप से मनाया जाएगा। वहीं विवाह पंचमी, मकर संक्रांति जैसे उत्सव को भी भव्यता दी जाएगी। इसके लिए ट्रस्ट ने एक उत्सव तालिका को तैयार की है।

### ओडिसी नृत्यांगना ने अपनी प्रस्तुति से निवेदित की श्रद्धा



अयोध्या, अमृत विचार : श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में चल रहे रागोत्सव में रविवार को ओडिसी नृत्यांगना सुजाता महापात्रा ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर रामलला के प्रति अपनी श्रद्धा को निवेदित की। इस दौरान वह बेहद भावुक दिखीं। बता दें कि सुजाता केंद्रीय संगीत नाटक अकादमी से पुरस्कृत भी है। उन्होंने कम उम्र में ही अपने गुरु सुधाकर साहू से ओडिसी सीखना शुरू कर दिया था। भुवनेश्वर के ओडिसी अनुसंधान केंद्र में पद्म विभूषण गुरु केलुचरण महापात्र से भी उन्होंने प्रशिक्षण लिया है।

# मंदिर के प्रवेश व निकास द्वार पर लगेंगे एआई बेस्ड कैमरे

अयोध्या कार्यालय


मंडलायुक्त व आईजी ने मंदिर परिसर का निरीक्षण कर लोगों से बातचीत भी की।

**अमृत विचार:** मंडलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में प्रशासन व श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के मध्य बेहतर समन्वय बनाने के लिए समन्वय समिति की बैठक श्रीराम जन्मभूमि परिसर स्थित एलएनटी सभाकक्ष में हुई, जिसमें श्रीराम जन्मभूमि परिसर में दर्शनार्थियों के सुगम दर्शन के लिए दर्शन, निकास मार्ग व शौचालयों के समीप संकेतक लगाए जाने के निर्देश दिए गए। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा के लिए ट्रस्ट द्वारा तैनात की गई सुरक्षा एजेंसी एसआईएस को और अधिक मैनपॉवर की तैनाती किए जाने व

**संकेतक लगाने व एसआईएस को मैनपावर बढ़ाने के निर्देश**

उन्हें प्रशिक्षित करने के संबंध में चर्चा की गई।

मंडलायुक्त गौरव दयाल ने सामान, जूते- चप्पल आदि रखने के लिए पीएफसी परिसर में पर्याप्त होल्डिंग एरिया विकसित करने को भी कहा है। आईजी प्रवीण कुमार ने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से मंदिर के सभी प्रवेश व निकास द्वारों पर एआई बेस्ड कैमरे स्थापित कराए जाएं, जिस पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के पदाधिकारियों अनिल मिश्र व गोपालजी द्वारा भी सहमति व्यक्त करते हुए एलएंडटी के प्रतिनिधि को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। श्रद्धालुओं की संख्या में और अधिक बढ़ोतरी के दृष्टिगत दर्शन मार्ग पर पर्याप्त मात्रा में आर्किटेक्ट के माद्यम से आकर्षक डिजाइन की बैरिकेडिंग भी स्थापित की जाय।

**फुटपाथ से दुकानें हटाने के निर्देश**

अधिकारियों ने भक्ति पथ व रामपथ के फुटपाथ पर अनाधिकृत रूप से दुकानदारों द्वारा अपने सामान को रखने पर नाराजगी व्यक्त की। सामान को तत्काल हटाने के निर्देश देते हुए कहा कि यदि भविष्य में ऐसा किया जाता है तो सम्बन्धित का सामान जब्त करते हुए वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।




## कनाडा के रामभक्तों ने रामलला को समर्पित किया 'दिव्यक्षात'

**अयोध्या कार्यालय( अमृत विचार :** देश – विदेश तक मनाए जा रहे रामोत्सव के बीच कनाडा में विशेष आयोजन के बाद रामलला के लिए दिव्यक्षात लेकर रामभक्त यहां पहुंचे हैं। कनाडा से आए 11 सदस्यीय दल की ओर से श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य व पेजावर मठ के पीठाधीश्वर स्वामी विश्व तीर्थ प्रसन्नाचार्य के साथ रविवार को रामलला के दरबार में श्रद्धा निवेदित की। इसके साथ ही अक्षत कलश समर्पित किया जिसे दिव्यक्षात नाम दिया गया है। यहां पूजन के बाद यह अक्षत कलश वापस ले जाकर कनाडा में घर–घर अक्षत का वितरण करने की तैयारी है। श्री गौरीशंकर मंदिर कनाडा के संस्थापक धीरेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि कनाडा में दिव्याक्षत अर्पण महोत्सव की शुरूआत की गई थी। 40 हजार रामभक्त जुड़े और अक्षत समर्पित किया। अक्षत कलश राममंदिर के ट्रस्टी जगद्गुरु विश्वेश प्रपन्नतीर्थ को सौंपा गया है। अमेरिका, कनाडा, रूस आदि देशों में वेद वेदांत का प्रचार करने वाले कृष्ण कांत द्विवेदी ने कहा कि कनाडा में रहने वाले भारतीय धर्म, अध्यात्म में गहरी आस्था रखते हैं। इस दौरान राजीव गांधी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.साकेत कुशवाहा, नेहरू युवा केंद्र के पूर्व निदेशक डॉ.चंद्रशेखर प्राण, इंजीनियर आरबी सिंह, अनुराग द्विवेदी समेत अन्य मौजूद रहे।


# साधु भेष में अयोध्या पहुंचे थे सिने स्टार अक्षय कुमार!

**मुहूर्त वाले दिन धर्मशाला रोड पर रामधुन में नाचने-गाने का वीडियो वायरल**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा से पहले अयोध्या में साधु भेषधारी का नाचते हुए वीडियो वायरल हुआ है। लोग दावा कर रहे हैं कि वीडियो में साधु के भेष में खुद अक्षय कुमार थे।

अयोध्या में धर्मशाला रोड स्थित दंत धावन कुंड के पास एक होटल चलाने वाले मोहित गुप्ता ने बताया कि 19 जनवरी को मुहूर्त वाले दिन हम सभी लोग साउंड लगाकर रामलला के मंदिर में विराजमान किए जाने की खुशियां मना रहे थे। रात साढ़े आठ बजे भक्ति गाना बज रहा था। इस बीच सफेद धोती-कुर्ता और काले रंग की जैकेट में एक साधु पहुंचा। माथे पर सफेद चंदन और चश्मा था। पगड़ी के साथ मफलर भी डाल रखा था। एक सेल्फी लेले सांवरिया गाने पर झूमने लगा। मोहित ने बताया कि उन्हें भी खींचा और कहा कि पाजी इतने खुशी के मौके पर ऐसे नहीं रहते। 20 मिनट तक झूमकर नाचा और चले गए। उनके साथ में एक शख्स और था। मोहित ने बताया कि उनकी पत्नी अक्षय कुमार की फैन हैं। उन्होंने पहचान लिया। मोहित ने यह वीडियो अपनी बहन को भेजा था। हालांकि अभी तक अक्षय कुमार की तरफ से इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। इस वायरल वीडियो की अमृत विचार पुष्टि नहीं करता है।


वायरल वीडियो का स्क्रीनशॉट।

**...तब आए थे तो गाड़ी से ही नहीं उतर पाए थे**

कुछ वर्ष पहले अभिनेता अक्षय कुमार अपनी एक फिल्म के प्रमोशन के लिए रामनगरी पहुंचे थे। उस दौरान वह अयोध्या धाम भी गए थे, लेकिन प्रशंसकों से घिर जाने के बाद वह अपनी कार से नहीं उतर पाए थे।

# रामजी के दर्शन को मुंबई से पैदल चलकर अयोध्या पहुंची शबनम

मिल्कीपुर, अयोध्या

**अमृत विचार :** मुंबई से अयोध्या में श्री रामलला के दर्शन के लिए पैदल निकली शबनम शेख रविवार को कुमारगंज पहुंची। लोगों ने उनका खूब स्वागत सत्कार किया। इस दरम्यान उसने कहा कि मेरे लिए फतवा कोई मायने नहीं रखता है।

**कहा- रामजी सभी के हैं, उन्हें पॉजिटिव लेना चाहिए, फतवा से डर नहीं**

भाजपा नेता विजय कुमार उपाध्याय ने समर्थकों के साथ जनपद की सीमा पर स्वागत किया। इस दौरान शबनम शेख ने कहा कि मेरा मकसद केवल भगवान राम का दर्शन करना है। अभी तक मेरी 39 दिन की पैदल यात्रा हो चुकी है। कहा कि बचपन में रामायण देखती थी, रामलीला देखी हूं। भगवान राम के किस्से सुने हैं। कहीं न कहीं मैं उनसे बहुत प्रभावित हुई हूं। हिंदू इलाके में रहने के कारण मैंने उनके बारे में काफी कुछ जाना है। बताया 21 दिसंबर 2023 को मुंबई से पैदल चली थीं। तीन दोस्त विनीत पाण्डेय, रमन राज शर्मा तथा एक शुभम गुप्ता साथ चल रहे हैं। उन्होंने बताया कि 1388 किलोमीटर की यात्रा पूरी कर ली है।


कुमारगंज में रविवार को पैदल यात्रा कर रही शबनम का स्वागत करते लोग।

## सार-संक्षेप

### चित्रगुप्त चौक बनाना नगर के लिए सौभाग्य की बात: गिरीशपति


महापौर को रविवार को ज्ञापन देतीं महिला विंग की पदाधिकारी।

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : अयोध्या कायस्थ विकास संस्थान ने महानगर में चित्रगुप्त चौक बनाने की मांग उठाई है। महिला विंग ने महापौर गिरीश पति त्रिपाठी को अपना मांग पत्र सौंपा। महापौर ने कहा कि चित्रगुप्त जी की प्रतिमा स्थापना का पूरा प्रयास किया जाएगा। यह नगर के एक सौभाग्य का विषय होगा। महानगर में चित्रगुप्त चौक के लिए स्थान आवंटित किया जाएगा। एकता श्रीवास्तव मोना श्रीवास्तव, अंजू श्रीवास्तव, दीपा श्रीवास्तव, शामिल रहीं। अध्यक्ष अरुण श्रीवास्तव ने महापौर का आभार जताते हुए बताया कि संगठन के मांग पर एक सप्ताह के भीतर महापौर फैसला करेंगे।

### महाराष्ट्र के रामभक्तों का हुआ स्वागत


महाराष्ट्र के श्रद्धालुओं का स्वागत करते बाजार के लोग।

तारुन, अयोध्या। अमृत विचार : प्राण प्रतिष्ठा के बाद राम लला के दर्शन के लिये महाराष्ट्र के तीन सौ रामभक्त शिव सैनिक पदयात्रियों का रविवार को तारुन ब्लॉक क्षेत्र में 48 वें दिन प्रवेश करते ही क्षेत्रवासियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। महाराष्ट्र के रामभक्त पदयात्री शिव सैनिकों का जत्था 47 वे दिन तारुन ब्लॉक की सीमा में ग्राम सभा कृतुपुर में प्रवेश किया। सुभद्रा तिवारी महाविधालय के प्रबंधक राम मूर्ति तिवारी के नेतृत्व में स्वागत किया गया। यह दल राम सेना फाउंडेशन महाराष्ट्र के अध्यक्ष मनोज यादव और विश्व धरोहर सामाजिक भरत जैन चैरिटेबल के संस्थापक स्वप्निल शुक्ला की अगुवाई में अयोध्या जा रहा है। पंकज सिंह, प्रेम कुमार वर्मा, प्रीति सर्राफ, मनोज मोदनवाल, मनोज गुप्ता, विकास प्रजापति, संजीव पाठक, विकास गुप्ता, रोमी मोदनवाल, रमाशंकर मौर्य, सोनू सोनी, रामजी मोदनवाल, कन्हैयालाल यादव, रिंकू मोदनवाल आदि मौजूद रहे।

### भक्तिपथ पर अतिक्रमण को लेकर सख्त हुई पुलिस

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : अयोध्या धाम में भक्ति पथ पर अतिक्रमण को लेकर पुलिस प्रशासन सख्त हो गया है। रविवार को थाना रामजन्मभूमि पुलिस ने दुकानदारों के द्वारा दुकान के सामने किये गए अतिक्रमण को हटवाया। इसके अलावा भविष्य में अतिक्रमण न करने के चेतावनी भी दी। बता दे कि 22 जनवरी को अयोध्या धाम में श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद अयोध्या के मुख्य मठ–मंदिरों में श्रद्धालुओं की संख्या में निरंतर वृद्धि होती जा रही है। किसी भी श्रद्धालु को आवागमन में कोई बाधा न हो इसलिए मुख्य मंदिरों के मार्गो को अतिक्रमण मुक्त कराया जा रहा है। अतिक्रमण हटाने को लेकर थाना रामजन्म भूमि के अंतर्गत कटरा चौकी प्रभारी संदीप त्रिपाठी ने बताया कि ऊपर से आदेश के चलते कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि दुकानदारों को पहले से हिदायत है कि वह अपना सामान अपने दुकान के अंदर रख कर बेचे और फुटपाथ को खाली रखे। जिससे यात्रियों का आवागमन सुलभ रहे।

### शिकायतों का निस्तारण न होने पर नाराज हुए विधायक


जन चौपाल में रविवार को शिकायत सुनते रुदौली विधायक।

रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार : रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने रविवार को डाक बंगला में जन चौपाल में जन समस्याएं सुनीं। जन चौपाल में तहसील दिवस और थाना समाधान दिवस में दी गई शिकायतो का समाधान न होने पर नाराजगी जताई। इस मौके पर मानापुर के राम नाथ ने बताया कि तहसील दिवस और थाना दिवस में ग्राम सभा भूमि अलग करने की पत्र दिया लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। विधायक ने बताया कि अधिकतर शिकायत ग्राम विकास, मार्ग निर्माण, राजस्व से संबंधित रही। निस्तारण के समाधान में निर्देश भी दिए गए है। पूर्व नगर अध्यक्ष भाजपा सतींद्र प्रकाश शास्त्री, जिला पंचायत सदस्य राम नेवल लोधी, राज किशोर सिंह, विकास मिश्र, संतोष यादव, सतीश चौहान, मित्रसेन यादव मौजूद रहे।

# डॉ. परेश पांडेय बने प्रमुख और अनुज सिंह संयोजक


डॉ. परेश पांडेय


अनुज सिंह


अनूप द्विवेदी


अंजली गुप्ता

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** आचार्य मिथिलेशनंदिनीशरण महाराज के संरक्षण में श्रीराम नगरी में सेवाज्ञ संस्थानम महानगर की कार्यसमिति का गठन किया गया।कार्य समिति में 15 पदाधिकारी नियुक्त किए गए है। जिसमें परेश कुमार पाण्डेय को प्रमुख, अनुज सिंह को जिला संयोजक, अनूप द्विवेदी को मीडिया प्रमुख, रुद्र नारायण पांडेय को सोशल मीडिया प्रमुख और अंजली श्रीवास्तव को छात्रा प्रमुख पर नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय सचिव लोकेश चंद्र ने बताया कि दीपिका कुमारी को सह छात्रा प्रमुख, शिवनाथ कुमार, शिवम मिश्रा, आस्था कुमारी हरिओम कुमार, आकाश सिंह, कार्य समिति का सदस्य बनाया गया है। नवनियुक्त महानगर प्रमुख डॉ परेश कुमार पांडेय ने कहा कि कार्य समिति जल्द ही बैठक कर संस्थान के लक्ष्य के अनुरूप कार्य करेगी।

# रामनगरी में मेले के बावजूद रोडवेज को औसत आय भी नहीं

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामनगरी में मेला पर मेला चल रहा है। प्रान्तीयकृत मकर संक्रांति मेला निपटा तो सबसे बड़े समारोह प्राण-प्रतिष्ठा में मेला उमड़ा। प्राण-प्रतिष्ठा के बाद रामनगरी में रामलला का दर्शन-पूजन करने के लिए श्रद्धालुओं का मेला चल रहा है, लेकिन देश के सबसे बड़ी सार्वजनिक परिवहन सेवा प्रदाता परिवहन निगम को औसत आय भी नहीं मिल पा रही है। रामनगरी में श्रद्धालुओं का मेला है और रोडवेज बसों का संचालन तो कराया जा रहा है, लेकिन डिपो पर यात्रियों की भीड़ नदारद है।

समय-समय पर रामनगरी में आयोजित मेला और पड़ने वाले पर्वो पर रोडवेज महकमें को अच्छी कमाई की उम्मीद रहती है। इसीलिए परिवहन निगम मुख्यालय के निर्देश पर डिपो ही नहीं आसपास के जनपदों स्थित डिपो से भी मेला स्पेशल बसों का संचालन किया जाता है। प्रान्तीयकृत घोषित होने के पहली बार मकर संक्रांति पर्व के लिए भी परिवहन निगम ने बालू घाट पर अस्थाई बस अड्डा बनाया था और बसों का बेड़ा लगाया था, लेकिन श्रद्धालुओं का अपेक्षित आगमन न होने सुचारु संचालन न हो सका। वहीं प्राण-प्रतिष्ठा और उसके बाद रुट डाइवर्जन के दौरान निगम ने अयोध्या डिपो समेत हाइवे बाईपास साकेत पेट्रोल पंप व नाका चौराहे से 600 से ज्यादा रोडवेज बसों के संचालन की योजना बनाई थी लेकिन बंदिशों और यात्रियों की कमी के चलते निगम की तिजोरी में आय कम ही रही। सुरक्षा बंदिश खत्म होने के बावजूद डिपो पर यात्रियों का टोटा दिख रहा है तथा सामान्य औसत आय भी नहीं आ रही है। डिपो की रोजाना की आय 17 लाख से ज्यादा रहती है।

**मकर संक्रांति मेले के दौरान आय**

परिवहन निगम की ओर से मकर संक्रांति मेले को लेकर रोडवेज बसों का बेडा लगाया गया था लेकिन डिपो की आय पहले दिन 13 जनवरी को 13 लाख 8 हजार, 14 जनवरी को 11 लाख 19 हजार, 16 जनवरी को 12 लाख 10 हजार, 17 जनवरी को 11 लाख 11 हजार रही। केवल मकर संक्रांति के दिन 15 जनवरी को 17 लाख 48 हजार रही, जो औसत के बराबर रही। हाल यह रहा कि पहली बार मेले से निगम को फायदे के बावजूद राजस्व का नुकसान हुआ।

**प्राण-प्रतिष्ठा के बाद तो हालात और भी बदतर**

मकर संक्रांति मेले ही नहीं, बल्कि प्राण–प्रतिष्ठा और उसके बाद भी श्रद्धालुओं की भीड़ का परिवहन निगम को लाभ नहीं मिला। रुट डाइवर्जन वापस लिए जाने के बावजूद यात्रियों की बेरुखी कायम है। प्राण–प्रतिष्ठा के एक दिन पूर्व 21 जनवरी को डिपो की आय 13 लाख 6 हजार, प्राण–प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को 14 लाख 45 हजार, 23 जनवरी को 9 लाख 18 हजार, 24 को 10 लाख 27 हजार, 25 को 12 लाख 17 हजार, 26 को 9 लाख 34 हजार और शनिवार 27 जनवरी को आय 8 लाख 74 हजार रूपये दर्ज हुई।

**रामोत्सव** | **देश के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक संगम की केंद्र बनी रामनगरी, प्राण–प्रतिष्ठा के छह दिनों बाद रविवार को भी नहीं थमा रामभक्तों का तांता**

# रामपथ पर प्रवाहमान है आस्था का आवेग

अयोध्या कार्यालय


ढोल–मजीरे की थाप पर प्रस्तुति देते हरिद्वार से आए श्रद्धालु।

**अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव से प्रारंभ हुए रामोत्सव में रामपथ और भक्तिपथ पर आस्था का आवेग प्रवाहमान है। देश के विभिन्न प्रांतों के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक संगम का केंद्र बन चुकी रामनगरी में रविवार को भी श्रद्धा के साथ उल्लास का दृश्य गतिमान है। यहां पहुंच रहे श्रद्धालु रामलला के दर्शन के साथ हनुमंतलला के दरबार में भी शीश नवा श्रद्धा निवेदित कर रहे हैं। वहीं हरिद्वार से आए श्रद्धालुओं ने ढोल-मजीरे की थाप पर प्रस्तुति दी और फिर रामलला का दर्शन-पूजन किया।

सुव्यवस्थित दर्शन की सुविधा के बाद अब धीरे-धीरे पाबंदियों का घेरा भी सिमटने लगा है। पहले उदया चौराहे और बाद में टेढ़ी बाजार तक बाइक आदि का प्रवेश रविवार को श्रीराम चिकित्सालय तक होने लगा है। वहीं धर्मपथ पर लता मंगेशकर चौक से लेकर तुलसी उद्यान के आगे तक आवागमन सामान्य किया जा रहा है। सख्ती का दायरा कम होने के बाद अब पहले की तरह ही रामपथ पर मेले जैसा दृश्य भी दिखने लगा है। पथ के दोनों ओर बनी दुकानों पर भी श्रद्धालु दर्शन पूजन के बाद खरीदारी करते दिख रहे हैं।

### नित्य नए रंगों से रंगता जा रहा है रामोत्सव, चटख हो रहा उल्लास


मस्तक पर जय श्री राम रचवातीं इंदौर की श्रद्धालु।

दर्शन मार्ग के निकट मध्य प्रदेश के इंदौर से आए दंपत्ति उल्लास में दिखे। धर्मपत्नी राखी त्रिवेदी माथे पर जय श्रीराम रचवा रहीं थीं तो पति पुष्पेंद्र त्रिवेदी मोबाइल से वीडियो बना रहे थे। दोनों बोले मन बड़ा प्रसन्न है। लता मंगेशकर चौक पर आस्था के आनंद में वृंदावन से आए सचिन ढोल पर थाप दे रहे थे। बताया विभिन्न स्थानों पर रामोत्सव में संगीतमयी प्रस्तुति दे रहे हैं।

### अल्मोड़ा से साइकिल यात्रा कर दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालु

मंदिर के गर्भगृह में प्रतिष्ठित रामलला के दर्शन के लिए लगातार श्रद्धालु रामनगरी पहुंच रहे हैं। इसीक्रम में तीन अल्मोड़ा से साइकिल यात्रा कर रविवार को रामनगरी पहुंचे। यहां पहुंचे तीनों श्रद्धालुओं का कहना है कि रामलला अब अपने भव्य मंदिर में विराजमान हो गए हैं, इससे बड़ी खुशी की बात और कुछ नहीं है। उन्होंने बताया कि वे रामलला का दर्शन–पूजन करेंगे और आशीर्वाद लेंगे।



## एक नजर

### एसएसवी कॉलेज का वार्षिकोत्सव आज

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : एसएसवी इंटर कालेज का वार्षिकोत्सव सोमवार को पूर्वाह्न 11 बजे विद्यालय प्रांगण में आयाजित होगा। प्रधानाचार्य डॉ. मणिशंकर तिवारी ने बताया कि उप्र के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना समारोह के मुख्य अतिथि, विशेष सचिव ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा श्रोत विभाग, यूपी नेडा के निदेशक अनुपम शुक्ल, डीआइओएस राजेश कुमार आर्य विशिष्ट अतिथि व उप्र प्रधानाचार्य परिषद के संरक्षक श्रीनिवास शुक्ल समारोह के अध्यक्ष होंगे।

### युवक ने सरयू में लगाई छलांग, तलाश जारी

सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार : रौनाही थाना क्षेत्र के ढेमवा घाट पर रविवार दोपहर बाद बेनीपुर निवासी युवक आदर्श उर्फ़ गोलू ने पुल से सरयू नदी में छलांग लगा लिया। आसपास के लोगों ने सूचना पुलिस और घर वालों को दी। गांव में हड़कंप मच गया। बताया जाता है युवक सोहावल चौराहे पर फास्ट फूड की दुकान लगाता है। उपनिरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि गोताखोरों और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से युवक की तलाश की जा रही है। बताया मदद के लिए एनडीआरएफ टीम को भी बुलाया गया है। वहीं घटना के बाद मौके पर परिवार वाले और स्थानीय लोग जुटे हैं। देर शाम तक युवक का पता नहीं लग सका है।

### डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

मवई, अयोध्या। पटरंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग रानीमऊ चौराहा पर रविवार देर शाम एक डीसीएम ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। पटरंगा थानाध्यक्ष ओम प्रकाश ने बताया घायल रितिक पुत्र धर्मराज निवासी गड्ढा फत्तेपुर थाना बसखारी, अंबेडकरनगर घर से लखनऊ जा रहा था। घायल को सीएचसी मवई भेजवाया गया और परिवार को सूचना दी गई है।

# मुठभेड़ में गोवध के दो आरोपी गिरफ्तार, तमंचा बरामद

## मुख्य आरोपी के परिवार को तीन दिन में ग्राम समाज की जमीन से कब्जा हटाने की नोटिस

बीकापुर अयोध्या


मुठभेड़ के बाद जिला अस्पताल में भर्ती गोवध मामले में घायल आरोपी।

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के पड़ोसी थाना हैदरगंज स्थित सीमांत इलाके के विशुही नदी के कछार में हुई गौ हत्या के प्रकरण में पुलिस ने मुठभेड़ में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में एक आरोपी को पैर में गोली लगी, जिसका जिला अस्पताल में उपचार कराने के बाद पुलिस ने दोनों का चलन किया है। उधर कब्जे के तहत ध्वस्तीकरण की कवायद के लिए मुख्य आरोपी चांद बाबू के मकान राजस्व महकमें ने नोटिस चस्पा कराई है।

बीकापुर कोतवाली और हैदरगंज थाना क्षेत्र के सीमा पर स्थित नदी के कछार क्षेत्र में गौ हत्या की वारदात हुई थी। स्थानीय लोगों और संगठनों के विरोध प्रदर्शन के बाद पुलिस ने जांच पड़ताल की थी और फिर बीकापुर कोतवाली में रिपोर्ट पंजीकृत कराई गई थी। सीओ बीकापुर सुरेंद्र सिंह का कहना है कि दर्ज मामले की तफ्तीश में जुटी कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक लालचंद सरोज की पुलिस टीम की माता प्रसाद इण्टर कालेज विट्ठलपुर चन्दौली निधियावा से आधा किमी पहले आरोपियों से मुठभेड हुई है। जिसके बाद गोवध निवारण व पशु क्रूरता निवारण अधिनियम में वांछित मो मुस्तफा उर्फ चाँद बाबू निवासी ग्राम माझाँ सोनौरा थाना हैदरगंज और मो जमील निवासी बरावं थाना बल्दीराय, सुल्तानपुर को गिरफ्तार किया गया है। मुठभेड में मो मुस्तफा उर्फ चाद बाबू के दाहिने पैर मे गोली लगी है,जिसको सीएचसी बीकापुर से जिला अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस ने मौके से एक बाइक और मो मुस्तफा के पास से तमचा-कारतूस तथा मोबाईल व 625 रुपए और मो जमील से एक मोबाईल व 350 रुपया बरामद किया है। दोनों के खिलाफ जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज करवा चालान किया गया है, जबकि दो आरोपी पहले ही पकड़े जा चुके हैं। मो मुस्तफा के खिलाफ विभिन्न थानों में आठ तथा मो जमील के खिलाफ तीन मामले दर्ज मिले हैं ।

### प्रशासन हटवाएगा कब्जा, वसूलेगा खर्चा

गोवध का मामला प्रकाश में आने के बाद राजस्व प्रशासन ने मुख्य आरोपी में मो मुस्तफा उर्फ चांद बाबू के घर की पैमाइश कराई है। मकान ग्राम समाज की जमीन में निर्मित मिला है। जिसके बाद लेखपाल की टीम भेज सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटाने की नोटिस चस्पा कराई गई है। तहसीलदार धर्मेंद्र सिंह का कहना है कि मो. मुस्तफा उर्फ चांद बाबू पुत्र मोहम्मद शमीम ग्राम समाज की जमीन के गाटा संख्या 177 के आंशिक भाग पर अवैध कब्जा कर निर्मित मिला, जिसके बाद तीन दिन में अवैध कब्जा हटा लेने की नोटिस चस्पा कराई गई थी। अभी तक अवैध कब्जा नहीं हटा। अग्रिम विधिक कार्रवाई के तहत प्रशासन अवैध कब्जे को ध्वस्त कराएगा और परिवार से हरजा-खर्चा वसूलेगा।

## विवि की परीक्षा में एक छात्रा नकल करते पकड़ी गई

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : अवध विश्वविद्यालय की एनईपी स्नातक एवं परास्नातक विषम सेमेस्टर की तीन पालियों की परीक्षा में 69 हजार 173 परीक्षार्थी के सापेक्ष 1046 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली की परीक्षा में सचलदल की तलाशी के दौरान किसान पीजी कालेज बहराइच में एमएससी कमेस्ट्री की एक छात्रा नकल करते हुए धरी गई। परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया कि तीनों पालियों की विषम सेमेस्टर की परीक्षा में 69 हजार 173 परीक्षार्थी शामिल रहे। वही 1046 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में किसान पीजी कालेज बहराइच में एक छात्रा अनुचित साधन का प्रयोग करते धरी गई। प्रथम पाली में 11974, द्वितीय पाली में 11356 व तृतीय पाली में 5843 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल रहे।

# सिटी स्टेशन पर ट्रेनों का परिचालन ठप करने के मामले में आक्रोशित लोगों ने एडीआरएम को सौंपा ज्ञापन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** सिटी स्टेशन पर ट्रेनों का परिचालन ठप करने के विरोध में बड़ी संख्या में लोग रविवार को अयोध्या धाम जंक्शन पहुंचे। एडीआरएम को ज्ञापन सौंपकर आचार्य नरेंद्र देव नगर रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों का परिचालन फिर से शुरू करने की मांग की है।


आचार्य नरेंद्र देव नगर स्टेशन पर पसरा सन्नाटा।

उत्तर रेलवे के डीआरएम एसएन शर्मा के नाम संबोधित ज्ञापन में लिखा गया है कि अयोध्या शहर के मध्य में स्थित आचार्य नरेंद्र देव नगर रेलवे स्टेशन लगभग 100 वर्षों से अधिक समय से जाना व पहचाना जाता है। आज जब भव्य राम मन्दिर का उद्घाटन हुआ है तो इस स्टेशन का महत्व भी बढ़ गया है। स्टेशन को हाल्ट का दर्जा न दिया जाए। ओमपुरम कॉलोनी निवासी एडवाकेट अश्विनी सक्सेना ने बताया कि परिचालन संबंधी फैसला बोर्ड की तरफ से लिया गया था। ज्ञापन डीआरएम के सामने भी रखा जाएगा। अश्वनी ने बताया कि एक ज्ञापन सांसद लल्लू सिंह को भी देकर उनसे भी ट्रेनों का परिचालन शुरू कराये जाने की मांग की जाएगी। ज्ञापन देने वालों में आरपी सिंह, एड. अतुल श्रीवास्तव, पवन, विवेक, अमिता, आकांक्षा देवी आदि मौजूद रहे।

### पहले गोदाम बनाया फिर मूर्ति दरकिनार कर दी गई

नरेंद्र देव सिटी स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव को बंद करने पर कांग्रेस पार्टी ने नाराजगी जताई है। महानगर अध्यक्ष वेद सिंह व जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने कहा की पहले आचार्य नरेंद्र देव के नाम पर स्थापित नरेंद्रालय को नगर निगम का गोदाम बना दिया गया। उसके बाद उनके नाम पर स्थापित सिविल लाइंस के पार्क में उनकी मूर्ति दरकिनार कर दी गई। प्रशासन और सरकार से मांग की है कि आचार्य नरेंद्र सिटी स्टेशन पर पहले की ही भांति ट्रेनें संचालित की जाएं ।


# शबरी रसोई में अभी नहीं बना है कोई मेन्यू कार्ड

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** टेढ़ी बाजार स्थित अरुंधति भवन में चल रही शबरी रसोई की तरफ से अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) को नोटिस का जवाब दे दिया गया है। साथ ही एक नई बात सामने आ रही है कि अभी रेस्टोरेंट का पूर्ण रूप से संचालन ही नहीं हुआ है। न ही कोई रेट लिस्ट जारी की गई है। यह बात शबरी रसोई के प्रोजेक्ट हेड सत्येंद्र मिश्र ने खुद रविवार को स्वीकार की है।

उन्होंने बताया कि 15 फरवरी से रसोई का संचालन शुरू होना है। उसी समय मेन्यू व उनके रेट भी सामने आएंगे। अभी जो चाय और टोस्ट का बिल वायरल हुआ है वह किसी ने साजिशन किया है। सत्येंद्र मिश्र ने बताया कि हमारे यहां अयोध्या के लग्जरी होटलों की तरह ही सुविधाएं दी जाती हैं। रही बात चाय की तो वह अयोध्या के तमाम लग्जरी होटलों से सस्ती है। उन्होंने बताया कि एडीए की तरफ से हमें नोटिस मिला था। जिसका जवाब दाखिल कर दिया गया है। हम यह नहीं बता सकते हैं कि दाखिल जवाब में क्या लिखा गया है।

▸▸ नोटिस मिलने के बाद एडीए में दाखिल किया जवाब


अरुंधति भवन में संचालित शबरी रसोई।

### 55 रुपये की चाय से चर्चा में आई शबरी रसोई

शबरी रसोई के नाम से खुले रेस्टोरेंट से 55 रुपये की चाय का बिल सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद खबर जंगल में आग की तरह फैल गई थी। वायरल खबर का ही एडीए ने संज्ञान लिया था और तीन दिन के भीतर जवाब मांगा था। साथ ही यह भी कहा था कि एडीए की छवि धूमिल करने के चक्कर में क्यों न आपके साथ किया गया अनुबंध निरस्त कर दिया जाए।

# बोर्ड परीक्षा : 116 परीक्षा केंद्रों के व्यवस्थापकों का प्रशिक्षण आज से

अयोध्या कार्यालय

▸▸ आगामी 22 फरवरी से प्रस्तावित हैं हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद से संचालित वर्ष 2024 की हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट की परीक्षाएं 22 फरवरी से प्रस्तावित हैं। बोर्ड परीक्षा के लिए जनपद में 116 परीक्षा केन्द्र बनाये गए हैं। परीक्षा केन्द्रों के केन्द्र व्यवस्थापकों को 29 और 30 जनवरी को राजकीय इंटर कॉलेज में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

परीक्षा की शुचिता, पवित्रता, गुणवत्ता, विश्वसनीयता, परीक्षा केन्द्रों पर प्रश्नपत्रों के पूर्व प्रकटन एवं नकल की दुष्प्रवृत्ति पर अंकुश लगाये जाने को लेकर दिशा निर्देश पहले ही जारी हो चुके हैं। प्रशिक्षण में अनुपस्थित केन्द्र व्यवस्थापकों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ राजेश कुमार आर्य ने बताया कि प्रश्नपत्रों के रख-रखाव एवं उसकी समुचित सुरक्षा व्यवस्था के लिए परीक्षा केन्द्रों पर स्थापित किए गये स्ट्रांग रूम को खोले जाने व स्ट्रांग रूम में सातों दिन 24 घंटे सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में प्रश्नपत्रों को रखने के निमित्त रखी डबल लॉक अलमारी को खोलने, प्रश्नपत्रों के पैकेट को खोले जाने का समय, प्रश्नपत्रों के वितरण तथा अवशेष प्रश्नपत्रों को स्ट्रांग रूम में पृथक से रखी डबल लॉक अलमारी में रखे जाने आदि विहित व्यवस्था के सम्बन्ध में परीक्षा केन्द्रों पर नियुक्त केन्द्र व्यवस्थापकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# सुबह कोहरा, दोपहर हल्की धूप ने दी राहत

अयोध्या कार्यालय

▸▸ कड़ाके की सर्दी से जनजीवन बेहाल

**अमृत विचार :** एक महीने पहले शुरू हुई कड़ाके की सर्दी का सितम अभी भी जारी है। हालांकि पिछले दिनों की तुलना में धूप अब दोपहर तक निकलने लगी है जिससे लोगों को थोड़ी राहत महसूस हो रही है। बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में धूप निकलते रहने की संभावना है।


रामपथ पर कोहरे के बीच निकलते वाहन।

सुबह कोहरे के कारण न्यूनतम तापमान 6. 5 डिग्री रहा, जिससे काफी सर्दी रही। रविवार को भी पिछले दिनों की तरह सुबह काफी गलन भरी सर्दी थी, कोहरा भी छाया था। हालांकि दोपहर दो बजे के बाद हल्की धूप निकली और तब सर्दी से कुछ राहत मिली। इससे पहले सुबह जब लोगों की आंख खुली तो चारों ओर कोहरा दिखाई दे रहा था। हालांकि शाम ढलते ही फिर ठंडी हवाएं चलने लगी और सर्दी फिर बढ़ गई। इसके साथ ही बाजारों में भीड़ कम हो गई और लोग अपने अपने घरों के अंदर दुबक गए। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के मौसम विभाग के अनुसार मौसम का पूवार्नुमान है कि आगामी 24 घंटे में पूर्वी उत्तर प्रदेश में सुबह के समय कोहरा छाए रहने एवं हवा के सामान्य गति से पश्चिमी चलने की संभावना है। अधिकतम व न्यूनतम तापमान सामान्य से कम रहने की संभावना है। जिससे अभी शीतलहर से राहत की संभावना नहीं है।

### कोहरे से थमी वंदे भारत समेत कई ट्रेनों की रफ्तार

कोहरे का असर ट्रेनों के संचालन पर भी दिखने लगा है। ट्रेनों की रफ्तार धीमी पड़ गई है। रविवार को आनंद विहार टर्मिनल से अयोध्या आने वाली व जाने वाली दोनों ही ट्रेन एक-एक घंटे लेट रही। 19321 चार घंटे, 18110 ढाई घंटे, 04260 एक घंटे, 13308 ढाई घंटे व 13009 सवा घंटे लेट रही। ट्रेनों के देर से पहुंचने के कारण यात्री स्टेशन पर ठिठुरते नजर आए।

# प्रवासी पक्षियों से गुलजार समदा झील शिकारियों के निशाने पर

सोहावल, अयोध्या

▸▸ समदा पक्षी विहार योजना के तहत विकसित की गई है झील नहीं हो रही निगरानी

**अमृत विचार :** पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित की जा रही समदा पक्षी विहार योजना में बनाए गए टीले, बांध, और कराया गया वृक्षारोपण अब सैलानी प्रवासी पक्षियों को रास आने लगा है। अनुकूल वातावरण पाने वाले दर्जन भर प्रजाति के पक्षियों से आज समदा गुलजार हो रही है। इनकी बढ़ती संख्या से शासन प्रशासन बेखबर है, इन्हें निवाला बनवा कर कमाई करने वाले शिकारियों की बन आई है। रोजाना पक्षियों का शिकार किया जा रहा है। जिसे लेकर उपजिला अधिकारी व विकास प्राधिकरण में शिकायत दर्ज कराई गई है।

कड़कड़ाती ठंड और कोहरे के बीच कुछ शिकारियों के हाथो में मृत प्रवासी पक्षी देख लोगों की चिंता बढ़ गई। झील में बाहर से आने वाले छोटे बड़े कई प्रजाति के रंग बिरंगे पक्षी पूरी झील में फैले दिखाई दिए। पक्षियों के जानकार और झील निर्माण से जुड़े रहे मोइया कपूर गांव के संजीव सिंह कहते हैं पहली बार झील में लालसर, शीखपर, सुर्खाब, सेलही, टिकुई, जल मुराग, सावन, नेट्टा आदि प्रजाति के पक्षी दिखाई पड़ रहे है। शिकारियों के विरुद्ध अधिवक्ता मोहम्मद मुकीम ने उप जिला अधिकारी से शिकायत दर्ज कराई तो मामला विकास प्राधिकरण का बताया गया। इस बाबत प्राधिकरण उपाध्यक्ष विशाल सिंह ने बताया मामला संज्ञान में आया है। पूराकलंदर पुलिस को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया जा रहा है।

# गावों में ठप पड़े विकास की ली सुधि

अयोध्या कार्यालय

▸▸ 11 ब्लाकों की पंचायतों में अवरुद्ध रहे कार्य, तीस को ड्यूटी से मुक्त होगें सचिव, सफाई कर्मियों की वापसी एक फरवरी से

**अमृत विचार :** लगभग 35 दिनों से विभिन्न आयोजनों के चलते ठहरे विकास कार्यों को गति देने के लिए जिला प्रशासन की ओर से कवायद शुरू कर दी गई है। इसके लिए खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वह एक फरवरी तक लंबित कार्यों के बारे में रिपोर्ट दें।

बता दें कि जिले में विभिन्न बड़े आयोजनों के कारण सभी 11 ब्लाकों की 835 ग्राम पंचायतों में मनरेगा समेत नाली, खड़जा, सीसी रोड, पुलिया समेत प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री योजना के कार्य ठप पड़ गए थे। जिसके कारण तीन करोड़ से अधिक की धनराशि अटकी पड़ी है। वहीं ग्राम पंचायत निधि के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 में विभिन्न मदों में आई धनराशि के लैप्स होने का भी खतरा बढ़ गया है। जिसे लेकर अब जिला पंचायत राज विभाग की ओर से खंड विकास अधिकारियों से लंबित कार्यों और डंप धनराशि का ब्यौरा मांगा गया है। इसके तहत सभी 11 ब्लाकों के बीडीओ को एक फरवरी तक रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है। किस ब्लाक में कितनी पंचायतों में कार्य ठप है और कुल धनराशि का ब्यौरा देना है।

### तीस को मुक्त होगें सचिव और सफाई कर्मी एक फरवरी को

अयोध्या में चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर ड्यूटी पर लगाए गए सचिवों को आगामी तीस जनवरी को ड्यूटी से मुक्त कर गांवों में भेजा जाएगा। इसके अलावा ड्यूटी पर लगाए गए पंचायतों के 2200 से अधिक सफाई कर्मियों की वापसी आगामी एक फरवरी से शुरु होगी। जिसे लेकर पंचायत विभाग की ओर से निर्देश जारी किए गए हैं।

> विकास कार्यों को गति देने के लिए सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। अधिकतर पंचायतों में कार्य संचालन के लिए सचिवों को भी लगाया गया है। – **दीपक कुमार, जिला समन्वयक, पंचायतीराज विभाग**



### भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समर्थन में कार्यकर्ताओं ने निकाली पदयात्रा

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा प्रदेश में पहुंचने से पहले प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश पर रविवार को सोहावल और रुदौली विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पदयात्रा निकाली। रुदौली विधानसभा के मवई ब्लाक में रविवार को उमापुर बाजार से पदयात्रा निकाली गई, जिसका नेतृत्व ब्लाक अध्यक्ष परमानंद शुक्ला और संयोजन संजय तिवारी ने किया। संजय तिवारी ने कहा कि राहुल गांधी के पंच न्याय के विचार के साथ देश का हर नागरिक जुड़ रहा है और लोगों को कांग्रेस व इंडिया गठबंधन की सरकार में न्याय की उम्मीद है। एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेश शुक्ला ने कहा कि मोदी जी ने 2014 में हर साल दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था,जो विफल रहा। परमानंद शुक्ला ने कहा कि परेशान किसान-नौजवान को राहुल की न्याय यात्रा से बड़ी आस है। जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने बताया कि इस दौरान युवा अध्यक्ष राहुल तिवारी, विस अध्यक्ष राम आशीष तिवारी, सैय्यद हुसैन समेत अन्य मौजूद रहे। उधर सोहावल ब्लॉक में अनुसूचित जनजाति के जिला अध्यक्ष रामसागर रावत के नेतृत्व में निकली पदयात्रा में राम नरेश मौर्या, अब्दुल हकीम, राम सागर रावत, विनय रावत आदि शामिल हुए।

## सार-संक्षेप

### भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री ने पूजन कर की टेंट सिटी की शुरूआत

अयोध्या। अमृत विचार : भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने रविवार को श्री राम मंदिर दर्शन यात्रा के लिए नव्य अयोध्या में बनी टेंट सिटी का हवन-पूजन कर शुभारंभ किया। पदाधिकारियों के साथ उन्होंने पीएम के मन की बात का सजीव प्रसारण देखा और सभी 25 व्यवस्था प्रमुखों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान कार्यक्रमों में प्रदेश उपाध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह,प्रदेश महामंत्री राम प्रताप सिंह, सांसद लल्लू सिंह, महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह, जिपं अध्यक्ष रोली सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक वेद गुप्ता, जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, आलोक सिंह रोहित, हर्षवर्धन सिंह, गोरखनाथ बाबा, शैलेन्द्र कोरी, परमानंद मिश्र, प्रतीक श्रीवास्तव, बालकृष्ण वैश्य, आलोक, रवि सोनकर, अभय सिंह, अमल गुप्ता, इं. रणवीर सिंह, बब्लू मिश्र सहित अन्य मौजूद रहे।

### स्थापना दिवस पर धरोहर संरक्षण का संकल्प



अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार इंटैक के स्थापना दिवस के पर दो दिवसीय कार्यक्रम रविवार को गुप्तहरि मंदिर परिसर में अवध कला उत्सव के साथ सम्पन्न हुआ। पहले दिन बनी खानम का मक़बरा परिसर में पौधरोपण हुआ तथा दूसरे दिन छात्रों के लिए माई मोनुमेंट सर्च नामक प्रतियोगी गतिविधि हुई। जिसमे लगभग एक दर्जन विद्यालयों के 120 छात्रों ने प्रतिभाग कर ऐतिहासिक इमारतों को कैनवास पर उतारा। इंटैक संरक्षण संस्थान लखनऊ के निदेशक डॉ. धर्मेन्द्र मिश्र ने विरासत संरक्षण की आवश्यकता व इसके महत्त्व को रेखांकित किया। सायं काल गुप्त हरि मंदिर में शिल्प मेला हुआ। अवध कला उत्सव में वाद्य यंत्रों के साथ भजनों की शानदार प्रस्तुति हुई। पैका फाउंडेशन और इंटैक अयोध्या के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित चेकमार्क अयोध्या का पहला फ्यूजन संगीत बैंड की प्रस्तुति पर श्रोता झूम उठे। चैप्टर संयोजक मंजुला झुनझुनवाला ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर इंटैक के सभी सदस्य, संस्थागत सदस्यता वाले विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक, अभिभावक, हेरिटेज क्लब के सदस्य आदि मौजूद रहे।

### आरोपी से पूछताछ और तहकीकात में अभी नहीं मिला साक्ष्य

तारुन, अयोध्या। अमृत विचार : तारुन थाना क्षेत्र के बेलगरा निवासी कारोबारी के आठ वर्षीय पुत्र राज कसौधन की छह दिन पूर्व अगवा कर हत्या मामले में नया मोड़ आ गया है। नामजद आरोपी से पूछताछ और तहकीकात में कोई मजबूत साक्ष्य न मिलने के चलते संदेश की सुई परिवार के किसी ख़ास परिचित की ओर घूम रही है। पुलिस ने भी अब वारदात के अन्य पहलुओं पर छानबीन शुरू की है और क्राइम ब्रांच की स्वॉट टीम तथा सर्विलांस व अन्य को भी लगाया गया है। मामले में पुलिस ने मृतक के पिता सूर्यदेव कसौधन उर्फ मनोज ने गांव के ही जय प्रकाश यादव को नामजद किया था। वहीं मामले में बैनामा मृतक के चाचा पंकज गुप्ता की ओर से लिए जाने के बाद पुलिस ने पंकज से भी पूछताछ की है। रविवार को थानाध्यक्ष ओम प्रकाश राय ने बताया कि विवेचक मुन्नी लाल चौधरी ने नामजद आरोपी के घर समेत अन्य जगहों पर फारेंसिक टीम से साक्ष्य संकलन कराया है। सभी पहलुओं पर पड़ताल कराई जा रही है।

## बातचीत

### धर्मशाला व फिरोजशाह कोटला मैदान से बड़ी होगी फील्ड

# छह माह में तैयार हो जाएगा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम

डॉ. दिनेश मिश्र, अयोध्या

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त अयोध्या के अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में गत 17 वर्षों से बन रहा क्रिकेट स्टेडियम अगले छह माह में बन कर तैयार हो जाएगा। निर्माण एजेंसी सीएंडडीएस के प्रोजेक्ट मैनेजर देवव्रत पवार ने अमृत विचार से खास बातचीत में बताया कि यह क्रिकेट स्टेडियम अंतरराष्ट्रीय धर्मशाला व फिरोजशाह कोटला मैदान से बड़ा होगा, जहां अंतरराष्ट्रीय मैच हो सकेंगे।


निर्माणाधीन क्रिकेट स्टेडियम। अमृत विचार

उन्होंने बताया कि मानक के अनुरूप बन रहे इस क्रिकेट मैदान पर रणजी मैच, राष्ट्रीय मैच, वेटरेन अंतरराष्ट्रीय मैच तो आयोजित ही होंगे। साथ ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच भी आयोजित हो सकेंगे। पूरा प्रयास किया जा रहा है कि अगले छह माह में मैदान व स्टेडियम दोनों बन कर तैयार हो जाए।

### 76 करोड़ से बन रहा मैदान

डाभासेमर स्थित अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल का शिलान्यास वर्ष 2006 में हुआ था। बजट के अभाव में लगभग 17 वर्षों बाद भी क्रीड़ा संकुल का मुख्य आकर्षण क्रिकेट स्टेडियम अभी तक बन कर तैयार नहीं हो पाया है। प्रोजेक्ट मैनेजर ने बताया कि लगभग 76 करोड़ की लागत से बन रहा क्रिकेट मैदान छह माह में खेलने के लिए तैयार हो जाएगा।

इस क्रिकेट मैदान की फील्ड ऑफ एरिया अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला व फिरोजशाह कोटला से बड़ी होगी। इसमें 20 लाख की लागत से अंतरराष्ट्रीय स्तरीय पांच पिच बनाई जा रही है। साथ ही इस क्रिकेट स्टेडियम में तीन प्रैक्टिस पिच भी बनाई जा रही है।

### 15 हजार दर्शक क्षमता वाला होगा स्टेडियम

अभी इस क्रिकेट मैदान की निर्धारित दर्शक क्षमता 15 हजार होगी। जिसे बाद में आवश्यकतानुसार बढ़ाया भी जा सकेगा। निर्माणाधीन क्रिकेट मैदान में नार्थ स्टैंड व साउथ स्टैंड का काम पूरा हो गया है तथा मैदान व पिच निर्माण का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। क्रिकेट स्टेडियम के मैदान निर्माण का लगभग 75 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा हो चुका है। छह माह में क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य है।

## खिचड़ी भोज के साथ किया कम्बल वितरण

मवई, अयोध्या। अमृत विचार : जिला साहू समाज तैलिक महासभा की ओर से रविवार को रामलीला मैदान दुल्लापुर में सामाजिक समरसता के रूप में खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि रामलाल गुप्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष साहू तैलिक महासभा एवं विशिष्ठ अतिथि कैलाश नाथ साहू प्रदेश अध्यक्ष साहू तैलिक महासभा व जिला साहू समाज संगठन मंत्री शयाम लाल साहू रहे। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अंजनी साहू ने किया। इस दौरान साहू समाज के गरीब,असहाय व जरूरतमंदो को कम्बल वितरण भी किया गया।कुलभूषण साहू को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। सांसद प्रतिनिधि मुन्ना सिंह, फूलचंद साहू अध्यक्ष जिला साहू समाज,हनुमान प्रसाद साहू, अम्बिका साहू, उपाध्यक्ष श्यामलाल साहू आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### कपड़े की दुकान से चोरों ने लाखों का सामान किया पार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** व्यापार मंडल सिकंदरपुर के कोषाध्यक्ष श्रीदुर्गा प्रसाद अग्रहरी के डीपी वस्त्रालय पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। बता दें कि दुर्गा प्रसा जी का मुख्य बाजार सिकंदरपुर में कपड़े की एक प्रतिष्ठित दुकान है। बीती रात में कोहरा अधिक होने के कारण चोरों ने इसका लाभ उठाते हुए आगे की तरफ से उनके दुकान के फर्स्ट फ्लोर पर चढ़ गए और उसी के रास्ते दुकान के अंदर पहुंच गए और लाखों रुपए का सामान पार कर दिया। चोरों ने अंदर पहुंचकर महंगी साड़ियां, लहंगा आदि कपड़ों को कंबल मे बांधकर गल्ले में रखी हुई नकदी भी साथ में उठा ले गए। कपड़े की दुकान में करीब डेढ़ लाख रुपए का नुकसान बताया जा रहा है। घटना की तहरीर पुलिस को दी जा चुकी है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### अलग-अलग मामलों में तीन गिरफ्तार

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थाना इब्राहिमपुर क्षेत्र में उप निरीक्षक अजय कुमार त्रिपाठी ने आबकारी अधिनियम में अभियुक्त विजय कुमार पुत्र रामदास निवासी बहादुरपुर थाना अलीगंज के कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर उसे गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक अजय कुमार त्रिपाठी ने वारंटी अभियुक्त गुरचरन पुत्र स्व. रामनयन यादव और राम निरंजन पुत्र स्व. सालिकराम निवासी हासिमपुर थाना इब्राहिमपुर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

### शराब के साथ दो गिरफ्तार

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने 20 लीटर अवैध शराब के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। थाना जैतपुर क्षेत्र में हेड कांस्टेबल अजय कुमार सिंह ने आबकारी अधिनियम में अभियुक्त विकास अग्रहरी पुत्र छोटेलाल अग्रहरी निवासी पैकोली थाना जैतपुर के कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर उसे गिरफ्तार किया है। वहीं कोतवाली टांडा के उप निरीक्षक वेद प्रकाश यादव ने आबकारी अधिनियम में अभियुक्त शिव प्रसाद कनौजिया पुत्र मिश्रीलाल निवासी नेहरूनगर को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर गिरफ्तार किया है।

# ग्राम पंचायतों में जल्द कराएं बकाया भुगतान

## ग्राम पंचायत में ओपनिंग बैलेंस की समस्या को ठीक कराने को डीपीआरओ को डीएम ने दिए निर्देश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**भुगतान न होने की स्थिति में कड़ी कार्रवाई तय की जाएगी**

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की उपस्थिति में सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत सहायक विकास अधिकारी पंचायत और सचिव के कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विकास खंड वार ग्राम पंचायतों की समीक्षा किया। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने 15वें वित्त आयोग की धनराशि जनहित के कार्यों में निर्धारित समय सीमा अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने के सख्त निर्देश दिए हैं। ग्राम पंचायतों में कराए गए कार्यों के बकाया भुगतान तत्काल कराने के निर्देश दिए गए अन्यथा की स्थिति में कड़ी से कड़ी कार्यवाही तय की जाएगी। बैठक के दौरान कुछ ग्राम पंचायत में ओपनिंग बैलेंस की समस्या बताई गई, जिसे तत्काल ठीक कराने के निर्देश डीपीआरओ को दिए गए।

**यह भी रहे मौजूद**

बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, क्षेत्राधिकारी, सहायक आयुक्त द्वितीय खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन, जिला सूचना अधिकारी, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, डीआई, समस्त खाद्य सुरक्षा अधिकारी और संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा समस्त खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि ग्राम पंचायतों के कार्यों की निगरानी रखे, जिससे शासन की मंशा अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कार्य कराया जा सके।

बैठक के दौरान जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी, डीसी मनरेगा, डीपीआरओ, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अनुपम सिंह, जिला सूचना अधिकारी और संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।



सीएम डैशबोर्ड के तहत सहायक विकास अधिकारी और सचिव के कार्यों की समीक्षा बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी।

### मिलावट खोरों पर लगाया जाए प्रतिबंध : डीएम

जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन मामलों में अधिनियम प्राविधानों के प्रभावी क्रियान्वयन, अनुश्रवण व विनियमों को त्वरित गति से लागू करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने अपमिश्रित खाद्य पेय पदार्थ और नकली, अधोमानक व मिथ्याछाप औषधियों की रोकथाम के लिए चलाए गए विशेष अभियानों के अन्तर्गत किए गए कार्यो की समीक्षा किया। उन्होंने कहा कि प्रवर्तन कार्यवाही को प्रभावी बनाए जाने के लिए स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप अल्पकालीन और दीर्घ कालीन रणनीति तैयार कर लागू किया जाना। सिविल रिट याचिका संख्या 159/2012 स्वामी अच्युतानन्द तीरथ और अन्य बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया में उच्चतम न्यायालय द्वारा परित निर्णय 05 सितंबर 2016 दिए गए निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय कमेटी द्वारा खाद्य पदार्थ दूध पर कृत प्रवर्तन कार्यवाही का अनुश्रवण किया जाना है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि खाद्य पदार्थों की जांच गहनता से किया जाए।

# 23 हजार ने सुनी मोदी के मन की बात

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** प्रत्येक माह होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को जनपद के सभी बूथों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जनसामान्य के साथ हजारों की संख्या में सुना। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय ने बताया है कि मन की बात कार्यक्रम को 23 मंडलों की 1736 बूथों पर 22568 लोगों द्वारा सुना गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को लाइव सुनने के बाद अपना विचार व्यक्त करते हुए मन की बात कार्यक्रम के जिला संयोजक दीपक तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में श्रीराम लला के भव्य मंदिर में विराजमान होने पर पूरे देश के मंदिरों में साफ -सफाई अभियान और घरों में भव्य दीपावली मनाने की चर्चा किया। नारी शक्ति की प्रसंशा करते हुए उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस पर आयोजित परेड में महिलाओं के 11 दस्तों में शामिल कलाकारों ने झांकियां निकाली जो प्रसंशनीय रहा। 21वीं शादी के बदते हुए भारत में नारी शक्ति को सम्मानित किया गया। उन्होंने औषधि में उपयोगी मिर्च, अदरक आदि की आर्गेनिक खेती पर जोर दिया। विभिन्न क्षेत्रों के कलाकारों की चर्चा किया। पदमश्री सहित विभिन्न पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित होने पर बधाई दी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा, राम प्रकाश यादव, ज्ञान सागर सिंह, यमुना प्रसाद चतुर्वेदी, शिव नायक वर्मा, पूर्व विधान सभा प्रत्याशी अवधेश द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष मनोज मिश्र, महामंत्री बाबा राम शब्द यादव, सुरेश कन्नौजिया, दिलीप पटेल देव आदि ने सुना।



कार्यक्रम को सुनते मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय व साथ में अन्य। अमृत विचार

### भाजपाइयों ने सुनीं प्रधानमंत्री के मन की बात

**बसखारी।** विकास खंड बसखारी के रामडीह सराय में प्रवासी के रूप में पहुंचे नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा अध्यक्ष ओमकार गुप्ता की उपस्थिति में सेक्टर संयोजक अच्छे लाल गुप्ता, राहुल पांडेय, पवन जायसवाल, शिवम, प्रमोद, अभिनन्दन, शुभम आदि लोगों ने शुकुल बाजार में स्थित बूथ संख्या 336 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को सुना। किछौछा में भाजपा नेता चंद्रभान गुप्ता, विनोद गुप्ता, साहिल सोनी, भरत लाल गुप्ता, निखिल मोदनवाल, सौरभ, रोशन लाल निषाद, बसखारी में ब्लाक प्रमुख नरेंद्र मोहन, सूर्य लाल उपाध्याय, रामकुमार ने 109वें एपिसोड को सुना।

# कोहरे और शीतलहर से ठंड बढ़ी, किसान परेशान



ठंड से बचाव के लिए अलावा का सहारा लेते लोग। अमृत विचार

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** जनपद शनिवार को सुबह से ही घने कोहरे की चपेट में रहा। सड़कों पर वाहन लाइट जलाकर निकलें। दिनभर लोगों को सूर्य देवता के दर्शन नहीं हुए। कड़ाके की ठंड से अब आलू की फसल में पाला रोग के पड़ने की संभावना बढ़ गई है।

कड़ाके की ठंड के चलते बाजार में भी सन्नाटा पसरा रहा। ग्रामीण क्षेत्र में अलाव का प्रबंध नहीं होने से बाजारवासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। शीतलहर और बर्फीली हवा से गलन ज्यादा रही। किसान विजय नारायण पांडेय, आयुष, सोनू, राम सुभग और कार्तिक दूबे ने बताया कि कोहरे के चलते आलू और सरसों की फसल पर असर पडने लगा है।

**ऑनलाइन संचालित की जाएं कक्षाएं :** शीतलहर को देखते हुए जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने 3 फरवरी तक कक्षा 12 तक के सभी सरकारी, गैर सरकारी और निजी स्कूलों में ऑनलाइन माध्यम से कक्षाएं संचालित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि जिन स्कूलों में कक्षाएं भौतिक रूप से संचालित की जा रही हैं उनका समय सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे के बीच ही हो।

## सार-संक्षेप

### पंचायत सहायकों ने मांगों को लेकर दिया धरना



मांगों को लेकर अंबेडकर प्रतिमा के समक्ष धरना देते पंचायत सहायक। अमृत विचार

**अंबेडकरनगर।** ग्राम पंचायतों में नियुक्त पंचायत सहायकों ने क्राप सर्वे न करवाए जाने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट के निकट अंबेडकर प्रतिमा के समक्ष धरना दिया। धरने के बाद पंचायत सहायकों ने डीएम अविनाश सिंह को संबोधित ज्ञापन अकबरपुर तहसीलदर बलवीर सिंह को सौंपा। पंचायत सहायक संगठन के अध्यक्ष शुभम यादव ने कहा कि सरकार सभी सभी ग्राम पंचायतों में प्रतयेक सचिवालय पर कंप्यूटर संचालन के लिए पंचायत सहायक की नियुक्ति किया है। पंचायत सहायक ग्रामीण स्तर पर सभी योजनाओं व समय-समय पर होने वाले कार्यों को करते हैं, लेकिन वर्तमान समय में पंचायती राज विभाग के कार्यों के साथ कृषि विभाग के कार्य भी पंचायत सहायकों से जबरन कराने का प्रयास किया जा रहा है। पंचायत सहायकों ने कहा कि सरकार द्वारा हमें अल्प वेतन दिया जा है और हमें पंचायत भवन में कार्य के लिए नियुक्ति किया गया है। लेकिन अब पंचायत सहायकों की ड्यूटी क्राप सर्वे के लिए लगाई जा रही है जो कि उचित नहीं है। पंचायत सहायकों ने बताया कि न तो हमे नक्शा देखना आता हे और न ही खसरा व खतौनी के बारे में कोई जानकारी है। खेत में जाकर कैसे सर्वे का कार्य पंचायत सहायक बिना जानकारी के करेंगे। पंचायत सहायकों ने मांग किया कि हम लोगों पर क्राप सर्वे करने का दबाव न डाला जाए और वेतन में बढ़ोत्तरी की जाए।

### नगर पंचायत के विकास के लिए चेयरमैन हैं दृढ़ संकल्पित

**बसखारी।** विकास के पथ पर नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा की पहल को सार्थक करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता ने एक और आरसीसी और नाली निर्माण की आधारशिला रखी। रविवार को नगर पंचायत क्षेत्र में स्थित वार्ड नंबर 6 में आरसीसी सडक़ व नाली निर्माण की आधारशिला रखते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष ओंमकार गुप्ता ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता में है। सबका साथ, सबका विकास और सबके विश्वास के मूल मंत्र पर चलते हुए नगर पंचायत विकास की एक नई गाथा लिखेगा। वार्ड नंबर 6 में हजारों की आबादी है जो बरसों से सडक़ और नाली निर्माण की मांग कर रहे थे। भाजपा का चेयरमैन बनने के कुछ ही महीने बाद नगर पंचायत अध्यक्ष ने उनकी मांग को स्वीकार करते हुए रविवार को नाली और सडक़ निर्माण की आधारशीला रखी। वार्ड वासियों ने बताया कि सडक़ व नाली निर्माण से यातायात व्यवस्था सुदृढ़ होगी। इस दौरान उनके साथ वार्ड नंबर 6 के सभासद प्रदीप कुमार, सभासद मोनू निषाद, रोशन लाल निषाद, विनोद गुप्ता, शिवम, लिपिक अभिषेक यादव, कार्यालय सहायक राकेश प्रजापति आदि लोग मौजूद रहे।

### वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप क्षत्रिय द्वार का हुआ उद्घाटन

**देवरिया बाजार, अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** देवरिया बाजार में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप क्षत्रिय द्वार का करणी सेना भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर प्रताप सिंह वीरू और जयंत कुमार सिंह देवरिया रियासत, अरविंद कुमार सिंह फौजी ने ग्राम पंचायत देवरिया बुजुर्ग स्थित ग्राम पंचायत में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप क्षत्रिय द्वार का फीता काट कर उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्य अतिथि वीरू सिंह ने बताया कि महाराणा प्रताप हम सबके प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप ने आजीवन कभी अधीनता स्वीकार नहीं किया। इस मौके पर आयोजक राहुल सिंह, सिद्धांत कुमार रानू, भूपेंद्र सिंह, संजय सिंह, शैलेंद्र सिंह, रोहित सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### चाकू और शराब के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**अंबेडकरनगर।** पुलिस ने आर्म्स एक्ट में अभियुक्त डब्लू पुत्र फुत्तन निवासी नरहरपुर थाना महरूआ के कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद कर गिरफ्तार किया है। वहीं आबकारी अधिनियम में अभियुक्त मोहन पुत्र चैतूराम निवासी अतरौरा थाना महरूआ के कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा नाम 'लुकमान' अंकित है। जिसे बदलकर मैंने 'लुकमान हाशमी' कर लिया है, जो सही है। अतः मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा सही नाम 'लुकमान हाशमी' अंकित किया जाना नितांत आवश्यक है। मुझे 'लुकमान हाशमी' के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। – **लुकमान हाशमी, पुत्रः फरीदुद्दीन, निवासीः पूरब गली, धानेपुर, जिला गोण्डा (उ0प्र0)**





















## एक नजर

### नजूल जमीन पर हो रहे कब्जे की शिकायत

करनैलगंज, गोंडा। विश्व हिन्दू परिषद प्रखंड अध्यक्ष अमित कुमार चौरसिया ने उपजिलाधिकारी से नजूल जमीन में हो रहे अवैध कब्जे को रोके जाने की मांग की है। पत्र में कहा है कि बावली तालाब स्थित नजूल की भूमि गाटा संख्या 249/2156 है। जहां पर वहीं के राजेन्द्र सिंह, गुरदीप सिंह, हरमीत व नामी सिंह जमीन पर निर्माण करके कब्जा करने के लिए खुदाई कराए हैं जिस पर कभी भी निर्माण शुरू कर सकते हैं। उपजिलाधिकारी ने प्रभारी निरीक्षक व राजस्व निरीक्षक को अतिक्रमण रोके जाने का निर्देश दिया है।

### मारपीट में महिला घायल, मुकदमा दर्ज

इटियाथोक, गोंडा। ग्राम सोनापार के छोटेलाल पासवान ने आरोप लगाया है कि 20 जनवरी को मेरी चन्नी के सामने मिट्टी खोदने से मना करने पर गाँव के ही देवेंद्र दत्त राम पांडेय, शीलम, रामानुज और बेचू दयाल की पत्नी श्रीमती ने एक राय होकर मेरी पत्नी नीलम (43) को लाठी डंडे से मारा पीटा। गंभीर रूप से घायल पत्नी को एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मारपीट व एससीएसटी एक्ट के तहत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### डिवाइडर से टकराई रोडवेज बस

गोंडा, अमृत विचार : नगर कोतवाली अंतर्गत सुभागपुर रेलवे माल गोदाम के पास रेलवे क्रॉसिंग गोंडा बलरामपुर मार्ग पर बने डिवाइडर से रोडवेज बस टकरा गई। जिससे हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि रोडवेज बस बलरामपुर की ओर से आ रही थी। बस में कई यात्री बैठे थे। अचानक सुभागपुर क्रॉसिंग पर सड़क के बीच बने डिवाइडर से बस टकरा गई हालांकि इस दुर्घटना में जनहानि नहीं हुई। रेलवे द्वारा डिवाइडर बनवाया गया था। दूर से कुछ दिखाई नहीं पड़ रहा था। कोहरे की वजह से बस डिवाइडर से टकरा गई।

# रेलवे क्रॉसिंग पर लगने वाले जाम से लोग परेशान

**गोंडा-लखनऊ रेल मार्ग से गुजरती हैं 170 से 180 ट्रेनें**

करनैलगंज, गोंडा



बंद रेलवे क्रॉसिंग पर लगा जाम। अमृत विचार

**अमृत विचार :** गोंडा-लखनऊ हाईवे व करनैलगंज हुजूरपुर मार्ग पर स्थित रेलवे क्रासिंगों पर जाम की समस्या आम हो चुकी है। प्रतिदिन इस रेलवे क्रासिंग पर भीषण जाम की स्थिति बनी रहती है। जाम के झाम में फंसे लोग शासन प्रशासन सहित जनप्रतिनिधियों को कोसते नजर आते हैं। दोपहर हो या शाम को करीब एक किलोमीटर लंबे जाम में बड़े वाहनों सहित दो पहिया चार पहिया वाहन व एम्बुलेंस फंसी रहती है। यहां पर वर्षों से ओवरब्रिज की दरकार है। मगर इस ओर किसी अधिकारी या नेता ने ध्यान नहीं दिया है। वहीं, रेलवे व स्थानीय पुलिस के लिए प्रतिदिन का जाम छुड़ाना मुसीबत बन गया है। करनैलगंज रेलवे स्टेशन से जुड़ी क्रासिंग होने के नाते बहुत देर में गेट खुलता है। यह भी समस्या लोगों के लिए मुश्किल पैदा कर रही है। करनैलगंज हुजूरपुर बहराइच के लिए ट्रैफिक अधिक होने के कारण समपार फाटक बंद करने में गेटमैन को भी कठनाई हो रही है यह क्रासिंग सबसे व्यस्ततम रेलवे क्रासिंग बन चुकी है। जानकारों का कहना है कि गोण्डा लखनऊ रेलमार्ग एक व्यस्त रेलमार्ग होने के चलते हर 24 घंटे में इधर से 170 से 180 सवारी व मालगाड़ियों का आवागमन होता है। जिसके लिए इस रूट पर लगे रेलवे फाटक को 5 से 10 मिनट के लिए बंद किया जाता है।

# जिले के 45 कोटे की दुकानों पर बनेगा सेल्फी प्वाइंट

**पूर्ति विभाग ने सेल्फी प्वाइंट बनाए जाने को लेकर उचित दर विक्रेताओं का किया चयन, शासन को भेजी सूची**

गोंडा कार्यालय

### शासन के निर्देश पर होगा कार्य

जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडे ने बताया कि शासन की ओर से जिले में उचित दर विक्रेताओं के दुकान पर सेल्फी प्वाइंट बनाए जाने को लेकर सूची मांगे जाने को लेकर पत्र आया था, पूरे जनपद में ब्लॉक वार सेल्फी प्वाइंट बनाए जाने को लेकर दुकानों का चयन कर लिया गया है। एक ब्लॉक में तीन दुकानों का चयन सेल्फी प्वाइंट के लिए किया गया है। शासन को सूची भेज दी गई है। उन्होंने बताया कि शासन की ओर से जैसा निर्देश मिलेगा वैसा कार्य किया जाएगा।

**अमृत विचार:** जनपद में 45 उचित दर विक्रेताओं के दुकान पर सेल्फी प्वाइंट बनाया जाएगा। जिले में जिन दुकानों पर सेल्फी प्वाइंट बनाया जाएगा उनका चयन हो गया है। पूर्ति विभाग ने दुकानों का चयन करते हुए सूची शासन को सूची भेजी दी है। शासन की मंशा है कि गरीबों का खाद्यान्न पूरा मिले और कालाबाजारी पर हर हाल में रोक लगे। इसको लेकर अब सरकार ने राशन कार्ड धारकों को जागरूक करने के लिए विशेष पहल की है। कोटे के दुकानों पर सेल्फी प्वाइंट बनाया जाएगा जहां पर लोग खाद्यान्न लेने के बाद फोटो भी खिंचवाएंगे। सरकार का मानना है कि ऐसे में लोगों में जागरुकता आएगी और लाभार्थियों का पूरा खाद्यान्न मिलेगा।

शासन की ओर से सेल्फी प्वाइंट बनाए जाने को लेकर निर्देश मिला था जिसके क्रम में पूर्ति विभाग ने दुकानों का चयन किया है। जिले में इसके लिए 45 दुकानों की सूची तैयार कर ली गई है जो शासन को भेज भी दी गई है। जिन उचित विक्रेताओं को सेल्फी प्वाइंट के लिए चयनित किया गया है, उनमें चकसड़ फिरोजपुर, वीरपुर बिसेन, बलहीजोत, बेलवाधाम, बिछूड़ी, दरियापुर हरदोपट्टी, पंडरी कृपाल, मेहनौन, करुआपरा, बखरवा, दिनारा, बनकटी सूर्य बली सिंह, भगरिया पूरे मित्तल, जयराम जोत, मधुपुर, छिटनापुर, जगदीशपुर, केथोला, दुल्लापुर, रामगढ़, नकहारा, कमलपुर, हथियागढ़, मोकलपुर, खपरीपुर, शीतलगंज, रामपुर, बलीपुर, मेंहवा गोपाल, रामपुर खरहटा, दुर्जनपुर घाट, करनालपुर, महादेव, उमरिया, रानीपुर, धौरहरा घाट, नेहालपुर, गंगरौली तथा जफरपुर हैं। सरकार की मंशा है कि जितना खाद्यान्न लाभार्थियों को मिल रहा है पूरा मिले। आम जनमानस के बीच इसका प्रसार हो इसलिए सेल्फी प्वाइंट बनाया जाएगा। सरकार की ओर से खाद्यान्न के डायवर्जन पर रोक लगाने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। ऐसे में जब लोग जागरूक हो जाएंगे तो काला बाजारी पर अंकुश लगने में सफलता मिलेगी। फिलहाल विभाग ने कोटे की दुकानों को चयन करके शासन को भेज दिया है।



यात्रा निकालते कांग्रेस कार्यकर्ता। अमृत विचार

## राहुल गांधी के समर्थन में कांग्रेसियों ने निकाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** राहुल गांधी की अगुवाई में भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली जा रही है। उनके समर्थन में पूरे जिले में कांग्रेसी लगातार यात्रा निकाल रहे हैं। धानेपुर से नगर पंचायत मेहनौन बाजार होते हुए इंदिरा गांधी समाधि स्थल इंदिरा नगर तक भारत जोड़ो न्याय यात्रा 5 किलोमीटर तक निकाली गई।

यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा मौजूद रहे। उनके साथ जिला प्रवक्ता शिवकुमार दुबे, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के सगीर खान भी मौजूद रहे। पदयात्रा ब्लॉक अध्यक्ष धर्मराज, जैनुल आब्दीन खान, कांग्रेस नेता दिलीप शुक्ला के नेतृत्व में यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा, जिला प्रवक्ता शिवकुमार दुबे अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सगीर खान पदयात्रा में शामिल रहे। कांग्रेसियों ने आमजन मानस को पार्टी की नीतियों के बारे में भी अवगत कराया। पदयात्रा में सेवादल के हरिराम वर्मा, राजू सेवादार, अभिसार अहमद, अब्दुल्ला, संदीप कुमार, ओमकार, गंगाराम मौर्य, सुभाष चंद्र शर्मा, हरिश्चंद्र सहित सैकड़ों कांग्रेस जन शामिल रहे।

## सार-संक्षेप

### ढेमवा पुल से सरयू में कूदा युवक, तलाश जारी

नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार : क्षेत्र ढेमवा पुल से एक युवक ने शाम करीब साढ़े तीन बजे सरयू में छलांग लगा दी। सूचना पर पहुंची रौनाही थाने की पुलिस खोज में जुट गयी। रविवार की शाम करीब साढ़े तीन बजे के आस पास आदर्श उर्फ़ गोलू (27) निवासी बेनीपुर थाना रौनाही ने अज्ञात कारणों से ढेमवा पुल से सरयू में छलांग लगा दी। जानकारी होने पर परिजन सहित पुलिस भी मौके पर पहुंची। उप निरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि युवक की तलाश जारी है। एनडीआरएफ टीम की सहायता से पानी में युवक की तलाश की जा रही है। खबर भेजे जाने तक कोई जानकारी नहीं मिल पाई थी। खोज करता टीम में थाना प्रभारी विवेक कुमार, इन्द्रेश यादव, बालेन्द्र, रामप्रवेश सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

### 7 आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार : स्थानीय पुलिस ने 07 आरोपियों पर वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है और उनके कब्जे से 04 जंगली सुअर और एक पिकप भी बरामद की है। क्षेत्र के ढेमवा घाट चौकी प्रभारी साहेब कुमार ने बताया कि मिली सूचना के आधार पर वन उपनिरीक्षक अरूण तिवारी के साथ थाना क्षेत्र के ब्योंदा माझा स्थिति कम्पोजिट विद्यालय के पास एक पिकप गाड़ी से 04 जिंदा जंगली सुअर, जाल आदि बरामद किया और पिकप पर मौजूद आरोपी विजय कुमार, जितेन्द्र, अशोक, श्रीपाल, हनुमान, लल्लू सभी निवासी जनपद अयोध्या और मंतो पासवान निवासी ब्योंदा माझा को गिरफ्तार किया गया है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है ।

### रंजिश में दो पक्षों में मारपीट, चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

रुपईडीह, गोंडा। पुरानी रंजिश को लेकर कौड़िया के झौहना केदार पुरवा गांव निवासिनी नान मुन्नी व उनकी पुत्री नीलम को कुछ लोगों ने लाठी डंडों से प्रहार कर जख्मी कर दिया तथा जान माल की धमकी दी। घटना की रिपोर्ट उन्होंने गाँव के ही शत्रुघ्न सहित चार लोगों के विरुद्ध दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया कि सभी चोटिलों को चिकित्सीय परीक्षण के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रुपईडीह भेज दिया गया है। मामले की विवेचना दारोगा प्रतीक पांडेय को सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि इस मामले में चार नामजद आरोपितो में से पुलिस द्वारा शुभम व दद्दू को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना कर दिया गया है।

### एक सप्ताह बाद दर्ज हुई चोरी की रिपोर्ट

तरबगंज, गोंडा। चोरी का मुकदमा पंजीकृत करने में तरबगंज थाने की पुलिस को सप्ताह भर का समय लगता है। फिलहाल 16 जनवरी को हुई चोरी की घटना की प्रथम सूचना रिपोर्ट अब 26 जनवरी को दर्जकराई गई है। सुसेला गांव के कृपा शंकर सिंह की अमदही मार्ग पर डंवरी तालाब के पास किराने की दुकान है। जिसमें बीते 16 जनवरी को चोर फॉर्चून सामान लगभग 80 हजार मूल्य का तथा गल्ले में रखा20000 रूपए चोरी कर ले गए। मामले की शिकायत स्थानीय थाने में की गई लेकिन जांच के नाम पर खाना पूरी होती रही। आखिरकार प्रशासनिक अधिकारियों के दबाव में अब चोरी का मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

### रेलिंग से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत



अभिषेक सिंह
मृतक (फाइल फोटो)

करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार : कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र के जंहगिरवा निवासी अभिषेक सिंह उर्फ भोलू (32) पुत्र स्व. राकेश सिंह की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। ग्रामीणों के मुताबिक भोलू सिंह एक शादी समारोह में शामिल होकर शनिवार की देर रात बाइक से अपने घर वापस लौट रहे थे। तभी गोंडा-लखनऊ मार्ग स्थित जंहगिरवा रेलवे क्रासिंग के समीप उनकी बाइक रेलिंग से टकरा गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करनैलगंज पहुंचाया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई में जुटी हैं। वहीं परिजनों में कोहराम मचा है।

### विधायक ने किया तीन सड़कों का शिलान्यास



ग्रामीण से सड़क का शिलान्यास कराते मेहनौन विधायक विनय कुमार द्विवेदी।

धानेपुर, गोंडा, अमृत विचार : मैहनौन विधायक विनय कुमार द्विवेदी ने रविवार को लगभग दो करोड़ की लागत से तीन सड़कों का शिलान्यास किया। ग्राम पंचायत सोहांस करमोहनी में मुख्य सड़क से गैजाहनपुरवा तक, ग्राम पंचायत पेड़ारन में मुख्य सड़क से केवलपुरा होकर शिवपुरा तक एवं ग्राम पंचायत पेडारन में मुख्य सड़क से राजगढ़ बाजार से रामजानकी मंदिर तक सड़क निर्माण के लिए ग्रामीणों की मौजूदगी में नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचने पर विधायक का ग्रामीणों ने फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये विधायक विनय द्विवेदी ने कहा कि क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता हैं।हर गांव मुख्य सडक से कनेक्ट हो इसके लिये वे हमेशा फिक्रमंद हैं। क्षेत्र के विकास के लिये जनता कहे या फिर न कहे यह उनकी जवाबदेही में शामिल है। यह तीन सड़क के निर्माण की मांग वर्षों से लोगों की थी जो आज पूरा हुआ। शिलान्यास के मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि शेषराम बारी, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मंशाराम वर्मा, पूर्व जिलामंत्री चन्द्र प्रकाश शुक्ला, व्यास नारायण पान्डेय, विनोद सिंह, सालिक राम, जसवन्त सोनी, गौरीशंकर यादव, प्रमोद वर्मा, सहजराम गुप्ता, उमेश पान्डेय, रानूसिह, उमेश चंद्र शुक्ला, अजय प्रधान, रामचरन वर्मा आदि प्रमुख लोग रहे।

## कैलाश वर्मा अध्यक्ष, महेंद्र त्रिपाठी बने महामंत्री



निर्वाचन के बाद पदाधिकारी व कार्यकारिणी के सदस्य। अमृत विचार

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : श्रमजीवी पत्रकार यूनियन का त्रिवार्षिक चुनाव रविवार को टाउन हॉल में चुनाव अधिकारी तेज प्रताप सिंह, अंचल श्रीवास्तव और रघुनाथ पांडे की देखरेख में जिला कार्यकारिणी और चारों तहसीलों को मिलाकर 31 पदों पर चुनाव हुआ। जिसमें जिलाध्यक्ष पद पर कैलाश नाथ वर्मा, महामंत्री महेंद्र तिवारी, जिला उपाध्यक्ष राहुल तिवारी सदर तहसील, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नदीम सिद्दीकी, कोषाध्यक्ष यूपी मिश्रा, जिला वरिष्ठ मंत्री रविंद्र प्रताप सिंह, आरपी सिंह मनकापुर, प्रदीप गुप्ता तरबगंज, श्याम प्रकाश तिवारी करनैलगंज सभी उपाध्यक्ष, पंडित श्याम त्रिपाठी तरबगंज, सुधांशु गुप्ता मनकापुर, ज्ञान प्रकाश मिश्रा कर्नेलगंज, राजू मौर्य सदर तहसील सभी जिला मंत्री, प्रचार मंत्री विजय बहादुर तिवारी निर्विरोध निर्वाचित हुए। चुनाव संपन्न होने के बाद श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के जिलाध्यक्ष कैलाश नाथ वर्मा ने कहा कि सदस्यों के अपार स्नेह के चलते वह 34 वीं बार संगठन के अध्यक्ष बने हैं। शहर के टाउन हॉल में सुबह 11 बजे से 12 बजे तक नामांकन जांच पड़ताल की प्रक्रिया 12 बजे से 12 :30 तक तथा किसी भी नामांकन पर आपत्ति के लिए 12 :30 से 1 बजे तक का समय निर्धारित किया गया था। नाम वापसी का समय 1 :00 बजे से 1 :30 तक रहा। मतदान प्रक्रिया 2 :15 से चुनाव संपन्न होने तक निर्धारित की गई थी। 31 पदों पर निर्विरोध चुनाव संपन्न हुआ, जबकि मनकापुर मंत्री पद पर अशफाक आलम और संजय कुमार वर्मा को 10-10 मत मिले। मतों के बराबर होने की दशा में सर्वसम्मति से महिला पत्रकार चंदा नारायण राव द्वारा सिक्का उछाल कर टेल और हेड तरीके से अशफाक आलम को मंत्री पद पर विजई घोषित किया गया।

# माध्यमिक शिक्षक संघ का वार्षिक चुनाव

**अजीत सिंह 24 वीं बार जिला अध्यक्ष तथा राधा मोहन पांडेय 9 वीं बार जिला मंत्री बने**

गोंडा कार्यालय



निर्वाचित पदाधिकारी व शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद गोंडा का वार्षिक निर्वाचन रविवार को स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज में हुआ। जिसमें अजीत सिंह 24 वीं बार जिला अध्यक्ष और राधा मोहन पांडेय 9 वीं बार जिला मंत्री पद पर निर्वाचित हुए। निर्वाचन में कुल 116 मत पड़े। जिला अध्यक्ष पद पर अजीत सिंह को 81 मत प्राप्त हुए, जबकि भवानी शंकर मिश्र को मात्र 34 मत प्राप्त हुआ एक मत अवैध रहा। जिला मंत्री पद पर राधा मोहन पांडेय 9 वीं बार निर्विरोध निर्वाचन हुआ। उपाध्यक्ष पद पर डॉ. यस नंदू, अनुपम कुमार पांडेय, बृजेंद्र प्रताप सिंह, विष्णु जीत सिंह, निर्विरोध निर्वाचित हुए। जिला संयुक्त मंत्री पर डॉक्टर पवन प्रताप सिंह, गौरव कुमार श्रीवास्तव, घनश्याम ओझा, दिलीप कुमार सिंह, राजेश कुमार सिंह। कोषाध्यक्ष के पद पर वंशीधर तिवारी निर्वाचित हुए। सदस्य कार्यकारिणी के पद पर आय व्यय निरीक्षक पद राधेश्वर तिवारी निर्विरोध निर्वाचित हुए। जिला कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए बाल्मीक प्रसाद, प्रियशंकर मिश्र, मजहरूल अंसारी, संजय बाबू गौतम आदि चुने गए।

निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत जिला संरक्षक बृजेश द्विवेदी ने अयोध्या से आए हुए जिला पदाधिकारियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष अजीत सिंह ने कहा कि संगठन की एकता के बल पर ही हम शिक्षकों को उपलब्धियां मिली हुई है। उसे अक्षर रखने के लिए हम सबको एक रहना होगा नवनिर्वाचित जिला मंत्री राधा मोहन पांडे ने कहा कि अर्जित उपलब्धियां को बनाए रखने के लिए हम शिक्षक साथियों को सदैव सजग रहना होगा शिक्षकों की जो भी समस्याएं लंबित हैं। उसका शीघ्र समाधान कराया जाएगा निर्वाचन अधिकारी आलोक तिवारी जिला मंत्री अयोध्या ने नवनिर्वाचित पदाधिकारी को बधाई दिया इस अवसर पर अरुण कुमार शुक्ला, अनिल कुमार सिंह, ऋतुराज मौर्य, महिमा सिंह, महेंद्र कुमार गुप्त, मणि शंकर यादव, दिनेश कुमार त्रिपाठी, गोकर्ण तिवारी, राहुल चौधरी, सम्राट बहादुर सिंह, पारस नाथ पांडे, बृजेश कुमार सिंह, अमित कुमार यादव, अनिल कुमार मिश्रा, शिवेंद्र प्रताप सिंह, रफीउल्लाह, धर्मवीर सिंह सहदेव सिंह, कृष्ण कुमार सिंह, अरुण कुमार सिंह, राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी, सत्यवीर सिंह, पवन तिवारी, दिलीप कुमार सिंह, अजय कुमार श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार शर्मा, राजकुमार मिश्रा, रेखा सिंह, अमिताभ पांडे, गिरजा मिश्रा, गीता यादव, पप्पी तिवारी, कौशल कुमार सिंह, डॉक्टर पदमनाथ पांडे, सुग्रीव प्रसाद, कन्हैयालाल, राजेश चंद्र पांडे, चंद्रशेखर, अमित वर्मा, घनश्याम ओझा, माता शरण मिश्रा, सतपाल सिंह, अशोक कुमार, रंजीत कुमार, रघुनाथ द्विवेदी, रामेश्वर प्रताप सिंह, सुरेंद्र यादव, उमेश चंद गुप्ता, पवन गुप्ता, आदि शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

# चिकित्सालयों में दिखे स्वच्छता, शौचालयों की हो प्रतिदिन सफाई: डीएम

**जिला स्वास्थ्य समिति के साथ जिलाधिकारी ने की बैठक**

संवाददाता, बलरामपुर।



जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में अधिकारियों के साथ मौजूद डीएम अरविंद सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार:** आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने व स्वास्थ्य योजनाओं के पर्यवेक्षण के लिए जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक जिलाधिकारी अरविंद सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

बैठक में डीएम ने नियमित टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं में एचआरपी चिन्हीकरण, ई कवच, संस्थागत प्रसव, आयुष्मान भारत, आरसीएच पोर्टल पर गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर की क्रियाशीलता व निर्माण की प्रगति, आशा भुगतान, 102 नेशनल एंबुलेंस सेवा की स्थिति, 108 इमरजेंसी मेडिकल ट्रांसपोर्ट सर्विसेज एंबुलेंस सेवाओं की स्थिति, जननी सुरक्षा योजना का भुगतान, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय अंधता नियंत्रण कार्यक्रम, परिवार नियोजन, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की गहन समीक्षा की व आवश्यक निर्देश दिए। जनपद के सभी जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व स्वास्थ्य केन्द्र साफ सुथरे हो तथा वहां स्वच्छ शौचालय हो इसके लिए बैठक में डीएम ने कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा की चिकित्सालयों में दिन में कम से कम दो से तीन बार शौचालयों की साफ सफाई सुनिश्चित किया जाए। शौचायल के दरवाजे पर सफाई कर्मचारियों की रोस्टर वाइस ड्यूटी व नाम चस्पा हो। सफाई कर्मचारियों के कार्यों के निरीक्षण के लिए सुपरवाइजर तैनात किए जाएं। प्रत्येक चिकित्सालयों में साफ सफाई की समुचित व्यवस्था के लिए नोडल अधिकारी भी बनाए जाएं। नोडल अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे की अस्पताल में बेहतर हाइजीन मेंटेन हो एवं शौचालय नियमित रूप से दिन में दो से तीन बार साफ किया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, सीएमओ, समस्त अपर सीएमओ, सीएमएस, एमओआरसी व अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आदर्श नगरपालिका परिषद ने बांटे 5000 कम्बल

संवाददाता, बलरामपुर।



बलरामपुर में जरूरतमंद को कंबल देते महंत मिथिलेश नाथ योगी, सदर विधायक पल्टूराम, डीएम अरविंद सिंह व नपाप चेयरमैन डॉ धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू। अमृत विचार

**अमृत विचार:** आदर्श नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू व सभासदों द्वारा नगर क्षेत्र के जरूरतमंदों को कंबल वितरण कार्यक्रम में जिला अधिकारी अरविंद सिंह लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जनपद बलरामपुर में ठंड से बचाव हेतु जनप्रतिनिधियों नगर पालिकाओं का व्यापक स्तर पर सहयोग रहा है।

इस मौके पर सदर विधायक पल्टूराम, पूर्व मंत्री हनुमंत सिंह, लोकसभा संयोजक शंकर दयाल पान्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह, जिला प्रचारक अनिल, महंथ बृजानन्द, प्राचार्य डॉ जेपी पान्डेय, पूर्व जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश सिंह गुड्डू, जिला उपाध्यक्ष परमजीत सिंह गांधी, जिला मीडिया प्रभारी डीपी सिंह बैस, कृष्ण गोपाल गुप्ता, संजय शर्मा, संजय शुक्ल, डॉ अजय सिंह पिंकू, आद्या सिंह पिंकी, झूमा सिंह, अपूर्व प्रताप सिंह व समस्त सभासदगण उपस्थित रहे।

## सगीर को मिला लकी ड्रा में पचास हजार का नकद पुरस्कार

बलरामपुर, अमृत विचार : जीएस पाल बजाज की ओर से रविवार को भगवतीगंज के ग्राउंड में मेगा लकी ड्रा का आयोजन किया गया। मेगा लकी ड्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि सदर विधायक पल्टूराम व विशिष्ट अतिथि नगर पालिका के अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू ने किया। लकी ड्रा के प्रथम विजेता पिपरी कोल्हुई निवासी बजाज के ग्राहक सगीर को पचास हजार का नकद पुरस्कार दिया गया। जीएस पाल बजाज के सीईओ सरदार भूपेंद्र सिंह उर्फ सनी ने बताया कि इस मेगा लकी ड्रा में पांच नवंबर से 20 नवंबर 2023 के मध्य दीपावली व धनतेरस के उपलक्ष में बजाज के वाहनों की खरीदारी करने वाले ग्राहकों के नाम शामिल किए गए थे। मेगा लकी ड्रा में सगीर को पचास का नकद पुरस्कार दिया गया। इसी तरह से कीर्तापुर के जगदंबा को 25 हजार, मनकी निवासी प्रकाश को 15 हजार का नकद पुरस्कार दिया गया है। जबकि पचपेड़वा के गुलाम रब्बानी व डफलपुर के अब्दुल हलीम को 10 हजार रुपए का नकद पुरस्कार मिला है। इसी तरह से कोडारी के जितेंद्र कुमार व विजयडीह के नवाब को पांच-पांच हजार का नकद पुरस्कार दिया गया।


## रद्दी बिक्री हेतु निविदा सूचना

**अमृत विचार प्रेस, इण्डस्ट्रीयल प्लॉट नं. 42, निकट बद्रीनगर इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ- 226008 (उ.प्र.)** से रद्दी अखबार, मलाड एवं रद्दी कागज (स्वीपिंग) तथा रीलएंड (रीलकोर तथा बचा हुआ कागज) और अन्य स्क्रैप बिक्री हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। टेंडर के साथ अधोलिखित विवरण के अनुसार ऊपर दिये गये स्थान पर भेजें।

**निविदा की शर्तें निम्न हैं**

1. सभी रद्दी/स्क्रैप के मूल्य पर जीएसटी जो केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा लागू होगा अतिरिक्त देना होगा।
2. निविदा साफ-साफ हस्तलिखित या टाइप किया होना चाहिए।
3. रद्दी/स्क्रैप उठाने से पूर्व भुगतान नगद या ड्रॉफ्ट से करना होगा।
4. किसी भी तरह के विवाद का निपटारा लखनऊ स्थित न्यायाधिकरण के अंतर्गत होगा।
5. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार कम्पनी का होगा।
6. निविदा को सील बंद लिफाफे में 25.02.2024 तक कार्यालय भेजें।
7. जब टेंडर खुलेगा तब आपको सूचित करने के बाद आपको 20000 रू. जमा करने होंगे। नहीं तो आपका टेंडर निरस्त करने का अधिकार कंपनी का होगा।

**स्क्रैप का विवरण निम्न प्रकार है।**

1. अखबार रद्दी
2. मलाड एण्ड रद्दी कागज (स्वीपिंग)
3. डी.एन.पी. (धब्बा)
4. रीलएंड (रील कोर तथा बचा हुआ कागज)
5. स्क्रैप एल्यूमीनियम प्लेट
6. प्लास्टिक बाल्टी 20 किग्रा.
7. खाली कैन 20 लीटर।
8. प्लास्टिक रील गुटका एवं प्लास्टिक कचरा (पन्नी)
9. ड्रम आयरन 200 ली.
10. ड्रम प्लास्टिक 200 ली.

# यात्रीगण कृपया पूरी रात इंतजार करिए... आपकी ट्रेन आएगी

▸▸ ठंड से पूरी रात थर थर कांपते रहे यात्री

गोंडा कार्यालय


गोंडा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार कर रहे यात्री।


ठंड से बचने के लिए चाय का सहारा लेते यात्री।

**अमृत विचार :** यात्रीगण कृपया ध्यान दें गोरखपुर से आनंद विहार तक जाने वाली हमसफ़र एक्सप्रेस छह घंटे की देरी से चल रही है। यह ट्रेन प्लेटफार्म नंबर चार पर सुबह 3.40 बजे तक आने की संभावना है। इतना सुनने के बाद यात्रियों में उम्मीद जगी कि चलो देर सही लेकिन आ तो रही है। लेकिन जब सुबह 3.40 बजा तो पता चला कि दूसरे दिन सुबह 11 बजे तक आएगी। लेकिन 4.34 पर गोरखपुर से ट्रेन चल दी और सुबह नौ बजे गोंडा प्लेटफार्म एक पर आने को हुई तो फिर रिशेड्यूल किया गया और पांच नंबर पर ट्रेन को इन किया गया। यही हाल आनंद विहार से गोरखपुर तक जाने वाली ट्रेन भी पांच घंटे लेट से पहुंची। दिल्ली से गोरखपुर तक जाने वाली ट्रेन 12596 10.52 घंटे की देरी से चल रही है। इसी तरह दरभंगा क्लोन 12.45 घंटे की देरी से चलने की सूचना हुई। ऐसे ही कोई ट्रेन 16 घंटे तो कोई 18 घंटे तो कुछ ट्रेनों को निरस्त कर दिया गया।

प्लेटफार्म पर जो स्थानीय शहर के यात्री थे वे अपने घर लौट कर रतजगा करने लगे। जो दूर दराज गांव या अन्य शहर से आए रात में ट्रेन का प्लेटफार्म पर ही इंतजार करने लगे। भीषण ठंड में लोगों के दांत किटकिटाने लगे, लेकिन ट्रेन नहीं आई। पहले छह फिर सात और फिर 16 घंटे की देरी से ट्रेन के चलने की संभावना जताई गई। कोहरे के कारण गोरखपुर से मुंबई, चेन्नई, बंग्लौर, दिल्ली सहित अन्य स्थानों के लिए चलने वाली ट्रेनों का हाल इतना बदहाल है कि कई युवाओं के पेपर तक छूट गए। जानकीनगर कालोनी के एक व्यक्ति ने बताया कि दिल्ली में रिश्तेदार के यहां रविवार को विवाह है लेकिन उनकी ट्रेन जो रात 10.45 बजे गोंडा से चलनी थी वह 12 घंटे बाद आई और रात तक पहुंचने की उम्मीद है। जब शादी हो जाएगी तब वह पहुंचेंगे। इसी तरह कई अन्य युवाओं ने बताया कि उनका दिल्ली में पेपर है। लेकिन उन लोगों का पेपर छूट गया। भीषण कोहरे ने सभी के काम पर पानी फेर दिया।

### ट्रेन जाने के बाद भी डिस्प्ले पर दिखता रहा ट्रेन का नंबर

रविवार को सुबह आनंद विहार से गोरखपुर जाने वाली ट्रेन सुबह नौ बजे प्लेटफार्म नंबर चार पर पहुंची। ट्रेन 10 मिनट के स्टापेज के बाद अपने गंतव्य को रवाना हो गई लेकिन आधे घंटे बीतने के बाद भी डिस्प्लेट पर ट्रेन नंबर व बोगी नंबर दिखाता रहा। कर्मचारियों की लापरवाही से डिस्प्ले पर नंबर नहीं बदला गया।

### बेकार साबित हो रही एंटी फॉग डिवाइस

ठंड से पहले ही अधिकांश ट्रेनों में खासकर प्रीमियम ट्रेनों को एंटी फॉग डिवाइस से लैस करने की कोशिश की गई लेकिन रविवार को गोरखधाम व वैशाली एक्सप्रेस के अलावा किसी भी ट्रेन में एंटी फॉग डिवाइस काम करते हुए नहीं दिखा। पायलट को इंजन का शीशा साफ कर ट्रेन चलाने को मजबूर होना पड़ा।

## एक हजार की रिश्वत लेने वाला हेड कांस्टेबल निलंबित

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** धानेपुर थाने पर तैनात एक हेड कांस्टेबल को रिश्वतखोरी के आरोप में पुलिस अधीक्षक ने निलंबित कर दिया है। आरोप है कि पति-पत्नी के बीच हुए विवाद और फिर सुलह के बाद 2000 रिश्वत की मांग की। सिपाही ने पीड़ित से 1000 थाने के प्राइवेट भंडारी के मोबाइल नंबर पर गूगल पे करा लिया। इसके बाद और रुपये की डिमांड की। पीड़ित ने असमर्थता जतायी तो उसे धमकाया। पीड़ित ने एसपी से मिलकर इसकी शिकायत की थी। धानेपुर थाना क्षेत्र के बल्दूपुरवा गांव के रहने वाले प्रेम प्रकाश के मुताबिक उसके बड़े भाई अमरजीत का अपनी पत्नी से कुछ विवाद हो गया था। विवाद के चलते अमरजीत की पत्नी ने परिवार के कई सदस्यों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज करा दिया था, लेकिन बाद में दोनों के बीच सुलह समझौता हो गया। प्रेम प्रकाश का कहना है कि मुकदमे में सुलह होने की जानकारी मिलने पर हलका सिपाही हेड कांस्टेबल अविनेश कुमार पांडेय ने उसे थाने बुलाया और उससे दो हजार रुपये की मांग की। पीडित का कहना है कि रुपये के लिए सिपाही ने उसे दिन भर थाने पर बैठा रखा और उसे थाने के प्राइवेट भंडारी सरोज आजाद का मोबाइल नंबर देकर कहा कि फिलहाल तुम इस पर एक हजार रुपये का भुगतान कराओ। पीड़ित ने किसी तरह से एक हजार रुपये का बंदोबस्त कर सरोज आजाद के खाते में गूगल पे कर दिया। इसके बाद सिपाही अविनेश ने उससे और चार हजार रुपये की मांग की। उसने रुपये देने में असमर्थता जतायी तो धमकी दी और कहा कि भुगतान नहीं किया तो थाने में बंद कर जिंदगी बर्बाद कर दूंगा। सिपाही के चंगुल से मुक्त होने के बाद पीड़ित ने एसपी विनीत जायसवाल से मिलकर पूरी घटना बताई। एसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए इसकी जांच करायी तो आरोप सही पाया गया। शनिवार को एसपी ने आरोपी हेड कांस्टेबल अविनेश कुमार पांडेय को निलंबित कर दिया।

## एक नजर

### उप निरीक्षक बने प्रतीक

**रुपईडीह, गोंडा।** कौड़िया थाने में नवनियुक्त उप निरीक्षक पद पर प्रतीक पांडेय ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया कि इसके पूर्व वह कोतवाली नगर के मिश्रौलिया चौकी के प्रभारी पद पर तैनात थे।

### शिविर में 22 मरीजों का हुआ उपचार

**रुपईडीह, गोंडा।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुख्यालय पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला आयोजित किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चीफ फार्मासिस्ट कुलदीप तिवारी ने बताया कि इस मेले में विभिन्न गांवों को मिलाकर 22 मरीजों का उपचार किया गया।

### भूमि पर कब्जे की शिकायत

**रुपईडीह, गोंडा।** विभागीय अधिकारियों की रोक के बावजूद भूमि पर कब्जा कर मारपीट करने की शिकायत कौड़िया के पूरे पाठक निवासिनी रमा पाठक ने थानाध्यक्ष से की है। थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया कि मामले की जांच कर शीघ्र ही दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### भौतिकी व रसायन की हुई प्रयोगात्मक परीक्षा

**रुपईडीह, गोंडा।** जनता इंटर कॉलेज कौड़िया बाजार में इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा के रसायन विज्ञान व भौतिक विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा संपन्न हुई। विद्यालय के प्रधानाचार्य अश्विनी कुमार शुक्ल ने बताया कि भौतिक विज्ञान विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा पंडित जवाहरलाल नेहरू कन्या इंटर कॉलेज लार रोड देवरिया के प्रवक्ता सुधीर श्रीवास्तव तथा रसायन विज्ञान की परीक्षा एसपी इंटर कॉलेज मोधी लक्ष्मीपुर महाराजगंज के प्रवक्ता सुरेंद्रनाथ यादव द्वारा आयोजित कराई गई। उन्होंने बताया कि इन परीक्षाओं में 163 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। नौरेंद्र द्विवेदी, राकेश कुमार तिवारी, सुधीर तिवारी, सूर्य प्रकाश मिश्र आदि लोग उपस्थित रहे।

### बुजुर्ग के पैर पर चढ़ा ट्रक, लखनऊ रेफर

**इटियाथोक, गोंडा।** सदाशिव बाजार के रहने वाले हीरालाल (65) रविवार की दोपहर मोपेड से गैस लेने के लिए रमवापुर नायक जा रहे थे। जैसे ही वह इटियाथोक बाबागंज मार्ग पर दर्जीजोत गांव के पास पहुंचे। बाबागंज की ओर से आ रहे अनियंत्रित ट्रक ने मोपेड में ठोकर मार दी। घटना में हीरालाल सड़क गिरकर ट्रक के नीचे आगे आ गये। हादसे में हीरालाल के पैर पर ट्रक का पहिया चढ़ने से पैर पूरी तरह जख्मी हो गया। प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि सड़क हादसे की सूचना मिली है। ट्रक नं यूपी 51 एटी 5360 व ट्रक चालक को हिरासत में लिया गया है।

# 31 तक नहीं हुई फीडिंग तो खंड शिक्षा अधिकारी होंगे जिम्मेदार

### यू डॉयस पोर्टल पर स्टूडेंट डाटा फीड करने के कतरा रहे स्कूल, बीएसए ने जताई नाराजगी

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** यू डॉयस पोर्टल पर स्टूडेंट डाटा फीडिंग में शिथिलता पर बीएसए ने नाराजगी जताई है। उन्होंने 31 जनवरी तक सभी स्कूलों को हर हाल में डाटा फीडिंग का कार्य पूरा करने का निर्देश दिया है। बीएसए ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों ने शिथिलता बरतने वाले स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई के लिए रिपोर्ट मांगी है। साथ ही चेतावनी दी है कि अगर 31 जनवरी तक फीडिंग का कार्य पूरा नहीं होता तो संबंधित ब्लाक के खंड शिक्षा अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए असली रिपोर्ट शासन को भेज दी जायेगी।

भारत सरकार के निर्देश के क्रम में बेसिक, माध्यमिक व अल्पसंख्यक विभाग के सभी सरकारी व मान्यता प्राप्त स्कूलों तथा मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों का डाटा यू डॉयस पोर्टल पर फीड किया जाना है। सरकार की तरफ से कई बार फीडिंग की तारीख बढ़ाई जा चुकी है, बावजूद इसके स्कूल संचालक बच्चों का डाटा पोर्टल पर फीड करने से कतरा रहे हैं। 31 दिसंबर तक डाटा फीडिंग करने की समय सीमा बीत चुकी है लेकिन अभी भी 798 स्कूल फीडिंग का काम नहीं पूरा कर सके हैं। इसी तरह बेसिक शिक्षा विभाग के 2491 परिषदीय स्कूलों के फीडिंग का काम भी अभी अधूरा पड़ा है। 26 स्कूल ऐसे हैं जो अभी टीचर प्रोफाइल का डाटा नहीं दे सके हैं। समीक्षा के दौरान संबंधित स्कूलों के अध्यापकों व निजी स्कूल संचालकों की लापरवाही सामने आई है। बेलसर के प्राथमिक विद्यालय पूरेगयन में पिछले वर्ष महज 27 छात्र पंजीकृत थे। इनमें से सिर्फ एक छात्र का डाटा फीड हो सका है जबकि 26 की डाटा इंट्री नहीं हो सकी है। इसी तरह प्राथमिक विद्यालय डरौली पूरे पंडित पिछले वर्ष 36 बच्चे पंजीकृत थे। इनमें से 14 बच्चों का डाटा फीड किया गया है। इस स्थिति पर बीएसए प्रेमचंद यादव ने नाराजगी जताते हुए सभी स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को 31 जनवरी तक हर हाल में डाटा फीडिंग का काम पूरा करने का निर्देश दिया है। बीएसए ने सभी बीईओ से लापरवाही बरतने वाले अध्यापकों के खिलाफ कार्रवाई के लिए रिपोर्ट मांगी है। बीएसए ने बताया कि इसके बाद अब सीधे खंड शिक्षा अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जायेगी।

### निजी छोड़िए, 57 सरकारी स्कूलों ने भी नहीं शुरू किया काम

**अमृत विचार :** निजी स्कूल तो लापरवाही बरत ही रहे है, सरकारी स्कूल भी उनसे पीछे नहीं है। अब तक 57 परिषदीय स्कूलों ने भी डाटा फीडिंग का काम नहीं शुरू किया है। इनमें बभनजोत के जूनियर हाईस्कूल घारीघाट, प्राथमिक विद्यालय गौरा चौकी, कंपोजिट स्कूल कस्बा खास पूर्वी, प्राथमिक विद्यालय सावना व बेलसर के प्राथमिक विद्यालय पूरे अर्जुन, छपिया के कंपोजिट स्कूल अधौरी, जूनियर हाईस्कूल मसकनवा, प्राथमिक विद्यालय दीनानगर, प्राथमिक विद्यालय दरियापुर, जूनियर हाईस्कूल इटैला बुजुर्ग, करनैलगंज के प्राथमिक विद्यालय तरसड़ा, प्रहलाद गंज व चकरौत, हलधरमऊ ब्लाक के कन्या प्राथमिक स्कूल पड़रिया, प्राथमिक विद्यालय काशीसिंह पुरवा व सुमेरपुर, जूनियर हाईस्कूल ऊंचेपुरवा, इटियाथोक के प्राथमिक विद्यालय बिरमापुर, झंझरी ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय सोनभरिया, कंपोजिट स्कूल डड़वा दसौतिया, कन्या प्राथमिक स्कूल ठोरहंस, प्राथमिक विद्यालय छाछपारा कानूनगो, जूनियर हाईस्कूल जानकी नगर व गुलरिहा, प्राथमिक विद्यालय खुटेहना, मनकापुर के प्राथमिक विद्यालय गड़रही, कंपोजिट स्कूल चांदपुर दुर्गा, प्राथमिक विद्यालय बैरीपुर द्वितीय व दतौली नवीन, जूनियर हाईस्कूल मुरली देवरिया व चौबेपुर कटवा, नवाबगंज में प्राथमिक विद्यालय खेमपुर, परसपुर में जूनियर हाईस्कूल खरगू चांदपुर, प्राथमिक विद्यालय गौरारीपुरवा, कंपोजिट स्कूल पूरे बिलंद, प्राथमिक विद्यालय ताराचंद दूबेपुरवा, रुपईडीह में प्राथमिक विद्यालय तेलियानी पाठक, तरबगंज में प्राथमिक विद्यालय भैंसासुर, जूनियर हाईस्कूल चंदीपुर, जमथा, पिपरी रोहुआ, पुरवारडीह, धनौलीडीह व वजीरगंज में कंपोजिट स्कूल बेलभरिया शामिल हैं।

### शिथिलता बरतने में मुजेहना के सर्वाधिक स्कूल

**अमृत विचार :** यू डॉयस पोर्टल पर डाटा अपलोड करने के मामले में मुजेहना ब्लाक सबसे पीछे हैं। यहां के 13 स्कूल ऐसे हैं जहां अभी फीडिंग का कार्य नहीं प्रारंभ किया गया है। इनमें मुजेहना में प्राथमिक विद्यालय बनकसिया शिवरतन सिंह द्वितीय, महेशभारी, मझरेठी, रानीजोत, संझा बनकट, सुंदरघाट, छेदाजोत, बसंतपुर, पूरे मधान, शिव दयाल खरिहा, कन्या प्राथमिक स्कूल धानेपुर, जूनियर हाईस्कूल महेशभारी व कोल्हुआ शामिल हैं। बीएसए ने बताया इन सभी स्कूलों के प्रधानाध्यापकों के खिलाफ कार्रवाई के लिए रिपोर्ट मांगी गयी है।

# बाइक सवार युवक की हादसे में मौत

मनकापुर, गोंडा


बोलेरो व पेड़ के बीच फंसी बाइक। अमृत विचार

**अमृत विचार:** मनकापुर-रेहरा मार्ग पर बोलेरो की चपेट में आने से बाइक चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची मनकापुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय रवाना कर दिया।

जानकारी के अनुसार शनिवार देर शाम मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के मनकापुर रेहरा मार्ग स्थित दतौली चीनी मिल के पास एक अनियंत्रित बोलेरो की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बताया जाता है कि पड़ोसी जनपद बलरामपुर के रेहरा थाना अंतर्गत ग्वालियर ग्रंट गांव के रहने वाले सीता राम गुप्ता का 20 वर्षीय लड़का रोहित गुप्ता बाइक से अपने घर की तरफ जा रहा था। इसी दौरान रेहरा बाजार की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने अनियंत्रित होकर सामने से ठोकर दिया। जिससे बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। चालक मौके पर बोलेरो छोड़कर फरार होने ही वाला था लेकिन स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बोलेरो सहित चालक को कस्टडी में ले लिया है। मृतक युवक के पिता ने शिकायती पत्र पर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करने में जुटी हुई है। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सरोज ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय रवाना किया गया है। मृतक के पिता के शिकायती पत्र पर मुकदमा दर्ज किया जा चुका है।

### निकाली गई न्याय यात्रा

**रुपईडीह, गोंडा।** भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत कांग्रेस कमेटी के जिला महासचिव इरशाद हुसैन तथा ब्लॉक रुपईडीह के अध्यक्ष हरिश्चंद्र श्रीवास्तव की अगुवाई में पार्टी कार्यकर्ताओं ने कस्बा कौड़िया बाजार में यात्रा निकाली। इस यात्रा में पार्टी के जिला उपाध्यक्ष विनय त्रिपाठी, शाहिद अली, ओम प्रकाश मिश्र, अफजल खान, चाँद बाबू, युसूफ खान, अमृतलाल, हबीब अहमद, विशाल मोदन वाल आदि लोग शामिल रहे।

## सार-संक्षेप

### खेलकूद प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित


सम्मान पत्र व स्मृति चिह्न के साथ छात्राएं। अमृत विचार

**मसकनवा, गोंडा, अमृत विचार :** मां गायत्री इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग पैरामेडिकल सांइसेज चांदनी चौक मसकनवा में सम्पन्न हुए पांच दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के विजेताओं को शील्ड और मेडल देकर सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया गया। इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर डॉक्टर विजय बहादुर सिंह और प्रशासक सरोज सिंह ने विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया। सरिता, राशिदा, साजिदा, नेहा, नेहा शुक्ला, मानसी, शालू, श्याम मनोहर, विक्रांत, हर्ष अरविंद, सत्य प्रकाश, अवंतिका, सुधा, शालिनी, बबीता रूपा, रोशनी, ममता, आकृति मिश्रा, शिवांश, अनुज, आंचल, प्रांजल सोनी, स्वाती, साजिरा, सिद्धि, सुधा, बबीता सविता, अर्चना, साजिरा, मानसी, उत्कर्ष, अजीत को सम्मानित किया गया। डॉ नीरज सिंह, सूर्य प्रकाश सिंह, मुख्य आयोजक डायरेक्टर डॉक्टर विजय बहादुर सिंह, प्रशासक सरोज सिंह ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। डॉ माण्डवी सिंह, डॉ दिव्यांगनी सिंह, सिब्बू सिंह, शिवांश सिंह, सचिन सिंह, डॉ आर्यन पठान, डॉ अमजद खान, डॉ एपी सिंह थे।

### ग्रामीण क्षेत्रों में रहा गणतंत्र दिवस का उल्लास


गणतंत्र दिवस के अवसर पर उल्लास मनाते बच्चे।

**खरगूपुर, गोंडा, अमृत विचार :** गणतंत्र दिवस का पर्व नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में उल्लास पूर्ण माहौल में मनाया गया। विद्यालयों ने प्रभात फेरी निकाली और बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। स्कॉलर एकेडमी फतेहगढ़ के छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों ने खरगूपुर में प्रभात फेरी निकाली और आकर्षक झांकी के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। राजकीय महाविद्यालय भवानीपुर कला में झंडा फहराया गया और नोडल अधिकारी डॉ संदीप कुमार एवं वरिष्ठ प्रवक्ता डॉक्टर प्रवीण सिंह ने गणतंत्र दिवस के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कॉलेज की छात्राओं ने विभिन्न मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इसी क्रम में नगर पंचायत कार्यालय में पूर्व अध्यक्ष राजीव रस्तोगी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अधीक्षक डॉक्टर जी एम चिश्ती, सत्य साइ इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य अखिलेश तिवारी, गांधी आदर्श इंटर कॉलेज में प्रबंधक जगदीश मिश्रा, थाना खरगूपुर में थाना अध्यक्ष दिनेश सिंह, जानकी नगर में ग्राम प्रधान ओमप्रकाश तिवारी, संझवल ग्राम में प्रधान दीप नारायण तिवारी, भवानीपुर कला में प्रधान केडी शुक्ला, मस्जिदिया ग्राम स्थित मदरसा में मोहम्मद मोबीन अंसारी ने उल्लास पूर्ण माहौल में झंडा रोहण किया।

### 14वीं तरही शेरी नशिस्त का आयोजन

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** गणतंत्र दिवस के मौके पर मुहल्ला मेवातियान के वार्ड मेम्बर आफ़ताब तन्हा के घर पर एक तरही शेरी नशिस्त की महफ़िल सजाई गई। जमील आज़मी की सरपरस्ती में नशिस्त की सदारत नियाज़ क़मर और निज़ामत नजमी कमाल ने की। मेहमाने ख़ुसूसी डॉ महमूद आलम ने कहा कि इस तरह की नशिस्तें हमेशा होती रहनी चाहिए। असग़र गोंडवी फॉउंडेशन हिन्दोस्तानी ज़बान उर्दू के फ़रोग़ के लिए बेहतरीन काम अंजाम दे रहा है। नियाज कमर ने पढ़ा- इतने फरहाद से और क़ैस से आये व गए, रास्ते इश्क़ के हमवार नहीं होने के। अभिषेक श्रीवास्तव ने पढ़ा- सूख कर ख़ुश्क भी हो जाएं तो गुल रहते हैं, गुल किसी हाल में भी ख़ार नहीं होने के। इमरान मसऊदी ने पढ़ा- बीज नफ़रत की जो डालोगे सियासत दानो, फस्ल फिर अम्न के तैयार नहीं होने के। इसी तरह खालिद वेग, जमशेद वारसी, अफसर हसन, मुजीब अहमद, डा आफताब आलम, अल्हाज गोंडवी, आतिफ गोंडवी, आकिफ खोचड़ ने भी अपनी रचनाएं पढ़ी। अज्म गोंडवी ने कहा- बावफ़ा, बेवफ़ा एक साथ नहीं हो सकते, इक नियाम और दो तलवार नहीं होने के। नजमी कमाल ने पढ़ा- जो मुहब्बत में गिरफ़्तार नहीं होने के, मेरा दावा है वफ़ादार नहीं होने के। इस दौरान डॉ असलम हाशमी, जमील आज़मी, रशीद माचिस, सूफ़ी गोंडवी, ईमान गोंडवी ने भी अपने कलाम पेश किए।


जरूरतमंदों को कंबल देते विधायक गौरा प्रभात वर्मा। अमृत विचार

## गौरा विधायक ने जरूरतमंदों को बांटे 250 कंबल

**बभनजोत, गोंडा, अमृत विचार :** सर्दी का सितम बढ़ाने के साथ ही समाज के निर्धन असहाय लोगों को शीत लहर के प्रकोप से बचाने के लिए गौरा विधायक प्रभात कुमार वर्मा ने गौरा विधानसभा क्षेत्र में गरीब, असहाय, जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया है। रविवार को गौरा विधानसभा क्षेत्र के रसूलपुर खान प्राथमिक विद्यालय के परिसर में शीत लहर को देखते हुए असहाय तथा कमजोर वर्ग के असुरक्षित बुजुर्गों को सर्दी से राहत दिलाने के लिए कंबल वितरित किया। कंबल लेने के लिए गांव के काफी संख्या में बुजुर्ग पहुंचे थे। ठंड में कंबल मिलते ही गरीबों के चेहरे खिल गए। कड़ाके की ठंड एवं सर्दी के मौसम को देखते हुए गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को ठंड से बचाव के लिए बभनजोत ब्लॉक क्षेत्र से आए हुए 250 लोगों के बीच कंबलों का वितरण किया गया। गौरा विधायक प्रभात कुमार वर्मा ने कहा कि ठंड से कोई भी जनहानि नहीं होनी चाहिए उन्होंने कहा कि अत्यधिक ठंड व शीत लहर से उत्पन्न होने वाली समस्याओं को देखते हुए निराश्रित एवं असहाय तथा कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से कंबलों का वितरण किया जा रहा है। इस अवसर पर कंबल वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप में एसडीएम मनकापुर राजीव मोहन सक्सेना, लेखपाल गिरीश चंद्र श्रीवास्तव, राजस्व निरीक्षक प्रदीप मिश्रा, रामखेलावन वर्मा प्रधान रसूलपुर खान, शोहरत वर्मा, सूर्य कुंवर चौधरी अमरनाथ पांडे, रामखेलावन वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# पीएम के मन की बात सुनने को लगे शिविर

गोंडा कार्यालय


मनकापुर में पीएम के मन की बात सुनते सांसद कीर्तिवर्धन सिंह व अन्य।

**अमृत विचार:** रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 190 वें मन की बात कार्यक्रम को विभिन्न स्थानों पर सुनने के लिए शिविर लगाया गया।

भाजपा जिला अध्यक्ष अमरकिशोर कश्यप ने गोंडा सदर विधानसभा के सिविल लाइन बूथ संख्या 176 पर मन की बात को सुनी। सांसद गोंडा कीर्ति वर्धन सिंह ने ए पी इंटर कॉलेज मनकापुर में बात सुनी। मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा कि मुझे ये देखकर अच्छा लगता है कि वोटर्स के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए सामुदायिक स्तर पर भी कई प्रयास हो रहे हैं। मैं 'मन की बात' के माध्यम से अपने पहले टाइम वोटर को कहूंगा कि वो वोटर लिस्ट में अपना नाम जरुर जुड़वाएं। इसके बाद उन्होंने कहा कि आज देश पंजाब केसरी लाला लाजपत राय जी और फील्ड मार्शल के.एम. करियप्पा जी को श्रद्धांजलि दे रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार भी ऐसे अनेक देशवासियों को पद्म सम्मान दिया गया है, जिन्होंने जमीन से जुड़कर समाज में बड़े-बड़े बदलाव लाने का काम किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में आगे कहा साथियों अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर ने देश के करोड़ों लोगों को मानो एक सूत्र में बांध दिया है। सबकी भावना एक, सबकी भक्ति एक, सबकी बातों में राम, सबके हृदय में राम। 22 जनवरी की शाम को पूरे देश ने राम ज्योति जलाई, दिवाली मनाई गयी। इस दौरान देश ने सामूहिकता की शक्ति देखी, जो विकसित भारत के हमारे संकल्पों का भी बहुत बड़ा आधार है। पूर्व मंत्री एवं विधायक मनकापुर रमापति शास्त्री, जिला महामंत्री आशीष त्रिपाठी, राकेश तिवारी, जसवंत लाल सोनकर, कार्यक्रम संयोजक जिला मंत्री विनय शर्मा, मीडिया प्रभारी राघवेंद्र ओझा पट्टू, अविनाश जायसवाल, मनीष द्विवेदी, अभिषेक दत्त त्रिपाठी, श्यामसुंदर मौर्य, विशाल अग्रवाल, सिद्धार्थ मिश्रा, जितेंद्र पांडे, शोहरत वर्मा, एसपी यादव, जसवंत सिंह जैसे सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने मन की बात सुनी।

**सम्मेलन** तुलसी सभागार में पुस्तक लोकार्पण, साहित्यकार सम्मान व डिजिटल युग में साहित्य के साथ कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन

# डिजिटल माध्यम से सर्व सुलभ हुआ साहित्य : डॉ. शैलेन्द्र मिश्र

गोंडा कार्यालय


साहित्यकार डा अतुल सिंह को सम्मानित करते अन्य साहित्यकार।

**अमृत विचार:** साहित्यिक संस्था पूर्वापर, स्पंदन, लायसियम और हिंदी विभाग श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के संयुक्त उपक्रम में रविवार को एक दिवसीय देवीपाटन मंडल : साहित्यकार अधिवेशन के अंतर्गत महाविद्यालय के तुलसी सभागार में पुस्तक-लोकार्पण, साहित्यकार-सम्मान, 'डिजिटल युग में साहित्य' विषयक संगोष्ठी और कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

पूर्वापर पत्रिका के 16वें वर्ष के उपलक्ष्य में साहित्य भूषण साहित्यकार संपादक डॉ. सूर्य पाल सिंह एवं शोध निदेशक डॉ. शैलेन्द्र नाथ मिश्र के संयोजन में आयोजित इस सारस्वत कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार अतुल कुमार सिंह 'अतुल 'की पुस्तक 'सुधियों के साये में', राजेश मोकलपुरी का कथा - संग्रह 'कनेर के फूल', सुरेश मोकलपुरी का काव्य संग्रह 'लाल किले की प्राचीर से' डॉ. सूर्यपाल सिंह ग्रंथावली का आठवां भाग का विमोचन हुआ। अधिवेशन में साहित्य की विशिष्ट सेवा के लिए अतुल कुमार सिंह 'अतुल', राधाकृष्ण 'पथिक', अवध नरेश सिंह, गणेश गंभीर, भोलानाथ कुशवाहा, राम पाल श्रीवास्तव, राम बहादुर मिश्र, विनय दास, केदार नाथ सविता, हुस्न तबस्सुम निहा, अरविन्द अवस्थी एवं राजेन्द्र तिवारी को 'साहित्यकार - श्री 'की उपाधि एवं अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अधिवेशन के द्वितीय सत्र में हिन्दी प्राध्यापक डॉ. जयशंकर तिवारी के संचालन में डिजिटल युग में साहित्य विषय पर आयोजित संगोष्ठी में शोध निदेशक डॉ. शैलेन्द्र नाथ मिश्र ने विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि डिजिटल युग में साहित्य भले ही अल्पजीवी है, लेकिन डिजिटल माध्यम ने साहित्य को सर्वसुलभ कर दिया। इसके बावजूद मुद्रित साहित्य समाज को सांस्कृतिक दिशा बोध कराने की क्षमता से दीर्घजीवी है।

वरिष्ठ चिंतक विचारक अतुल कुमार सिंह 'अतुल' ने कहा कि परिवर्तन प्रकृति का शाश्वत नियम है। गणेश गंभीर ने कहा कि डिजिटल बहु आयामी माध्यम है और यह सकारात्मक व नकारात्मक दोनों रूपों में हमे प्रभावित कर रहा है। डॉ. सूर्यपाल सिंह ने कहा कि डिजिटल माध्यम ने युग में परिवर्तन की गति तेज कर दिया है। डिजिटल ने साहित्य को सर्व सुलभ बनाया यह इसका सकारात्मक पक्ष हैं। कार्यक्रम में महाविद्यालय उपाध्यक्ष वर्षा सिंह, प्राध्यापक अच्युत शुक्ल, डॉ. मुक्ता, साहित्य भूषण शिवाकान्त मिश्र विद्रोही, उमा शंकर शुक्ल, सतीश आर्य, डॉ. रघुनाथ पाण्डेय, कृष्ण नन्दन तिवारी नन्दन, एस बी सिंह झंझट, परीक्षित तिवारी, प्रदीप बहराइची, अवधेश सिंह, हरीराम शुक्ल प्रजागर घनश्याम अवस्थी, विनय शुक्ल, ज्योतिमा शुक्ला किरन सिंह, याकूब सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

# अधूरी स्वास्थ्य परियोजनाओं को पूरा करें अधिकारी: डीएम

संवाददाता, बहराइच


कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक को संबोधित करतीं जिला अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित हुई।

बैठक के दौरान परिवार नियोजन कार्यक्रमों उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रभारी चिकित्साधिकारी कैसरगंज डॉ. एनके सिंह, फखरपुर के डॉ. नरेन्द्र सिंह, तेजवापुर के डॉ. अभिषेक अग्निहोत्री, सीएचसी फखरपुर के बीसीपीएम शकील अहमद सिद्दीकी व बीएएम रमाकान्त पाठक को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने सीएमओ डॉ. एसके सिंह को निर्देश दिया कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों सम्मानित किये जाने के साथ-साथ कर्तव्यों के प्रति उदासीन कार्मिकों को चिन्हित कर उन्हें दण्डित भी किया जाय। कम्युनिटी प्रॉसेस अन्तर्गत हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टरों एवं स्वास्थ्य उपकेन्द्रों की गतिविधियों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये गये कि मानक के अनुसार सभी सुविधाएं उपलब्ध करायी जाय साथ ही सीएचओ की उपस्थिति भी सुनिश्चित करायी जाय। नियमित टीकाकरण कार्य की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये गये कि टीकाकरण सत्रों पर लॉजिस्टिक व दवा इत्यादि की उपलब्धता सुनिश्चित कराते हुए लक्षित वर्ग गर्भवती एवं धात्री महिलाओं, 0 से 05 वर्ष के बच्चों, किशोरियों, योग्य दम्पत्तियों को शत-प्रतिशत आच्छादित किया जाय। साथ ही प्रभारी चिकित्साधिकारी स्वयं रूचि लेते हुए दम्पत्तियों को परिवार को सीमित रखने के लिए प्रेरित करें। मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान डीएम द्वारा निर्देश दिये गये कि नवजात शिशुओं का शत-प्रतिशत जन्म प्रमाण-पत्र निर्गत किया जाय। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये गये कि आरबीएसके टीमों द्वारा नियमित रूप से विद्यालय एवं ऑगनबाड़ी केन्द्रों का भ्रमण कर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यकतानुसार चश्मा इत्यादि का वितरण कराएं। बैठक में अन्य बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये। बैठक का संचालन सीएमओ डॉ. एसके सिंह ने किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर., सीएमएस डॉ. एमएमएम पाण्डेय, डीपीएम सरजू खान, कार्यक्रम अधिकारी राजकपूर, बीएसए अव्यक्तराम तिवारी सहित अन्य अधिकारी, एमओआईसी व सीडीपीओ मौजूद रहे।

## पूजा सामग्री और प्रसाद मिलने पर खुशी

**जरवलरोड बहराइच, अमृत विचार :** अयोध्या में स्थित श्री राम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का महाप्रसाद एवं पूजन सामग्री विश्व हिंदू परिषद के महामंत्री चंपत राय के द्वारा विश्व हिंदू परिषद बहराइच के संरक्षक रघुनाथ प्रसाद श्रीवास्तव जी को प्राप्त होने पर परिवार में हर्ष व्याप्त है। यह जानकारी देते हुए प्रखंड उपाध्यक्ष जरवल प्रवीण कुमार श्रीवास्तव ने यह भी बताया कि उक्त महाप्रसाद प्राप्त होने पर पूरा परिवार धन्य महसूस कर रहा है उक्त महाप्रसाद किट में सदसाहित्य, रामनामी गमछा एवं लड्डू प्रसाद आदि सामग्री शामिल है उन्होंने यह भी बताया कि आस पास के रामभक्तों को प्रसाद वितरित किया गया है।

## एसडीएम व तहसीलदार ने अलाव जलवाकर बांटे कम्बल


जरूरतमंदों को कंबल वितरित करते तहसीलदार।

**कैसरगंज, बहराइच, अमृत विचार :** उप जिलाधिकारी पंकज दीक्षित व तहसीलदार अजय यादव ने कड़ाके की ठंड को देखते हुए गांव गांव जाकर कम्बल वितरित किये व नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रो मे अलाव जलवाए। तहसीलदार अजय यादव ने बताया शीतलहर का प्रकोप बहुत ही ज्यादा है, इसको देखते हुए शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में 20 जगहो पर अलाव भी जलवाए जा रहे है। उन्होने बताया की तहसील क्षेत्र मे लगभग दो हजार गरीब, निराश्रित व जरूरतमंद लोगों को कंबल भी वितरित किया गया। तहसीलदार ने बताया कि गरीब असहाय जरूरतमंद लोगों के लिए शासन प्रशासन सदैव मदद के लिए तैयार है। किसी भी व्यक्ति को अगर किसी तरीके की कोई परेशानी हो तो वह अपने क्षेत्र के लेखपाल या हमारे सीयूजी नंबर पर सम्पर्क कर सकता है।

# बोलेरो में ट्रक ने मारी टक्कर शिक्षक समेत दो की मौत

### धौरहरा सीओ के पेशकार भी घायलों में शामिल

मोतीपुर, बहराइच


शिक्षक की (फाइल फोटो)।


अस्पताल में जांच करने पहुंचे एसडीम। अमृत विचार

**अमृत विचार :** नानपारा लखमीपुर मार्ग पर नैनिहा गुरुद्वारा के पास बोलेरो और ट्रक में टक्कर हो गई। हादसे में शिक्षक और टाइपिस्ट समेत की मौत हो गई। जबकि सीओ धौरहरा के पेशकार समेत छह अन्य घायल हुए हैं। सभी को सीएचसी में भर्ती कराया गया। यहां चार घायलों की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया।

लखीमपुर खीरी जनपद के धौरहरा कोतवाली के कस्बा निवासी आठ की संख्या में लोग शनिवार को नेपाल गए थे। रात में सभी बोलेरो वाहन से वापस अपने घर जा रहे थे। मोतीपुर थाना क्षेत्र के नानपारा लखीमपुर मार्ग पर नैनिहा गुरुद्वारे के पास लखीमपुर जा रहे बोलेरो वाहन में ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में धौरहरा निवासी उच्च प्राथमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक प्रवीण दीक्षित पुत्र श्रवण दीक्षित की मौके पर ही मौत हो गई। कस्बा निवासी शिवचंद पुत्र संजय कुमार, अतीक पुत्र सफीक, शकील अहमद पुत्र जलील, अफसर पुत्र असलम, राधा रमन मिश्रा और प्रदीप दीक्षित पुत्र कन्हैयालाल घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलने पर जालिम नगर चौकी के पुलिसकर्मी ने ग्रामीणों की मदद से सभी को बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य मोतीपुर पहुंचाया। यहां हालत गंभीर होने पर छह लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। यहां सभी घायलों की हालत में सुधार न होने पर मेडिकल कॉलेज लखनऊ रेफर कर दिया गया। देर रात राधा रमन मिश्रा की मौत हो गई। राधा रमन मिश्रा तहसील में टाइपिस्ट थे। घायलों में शिवचंद्र पुलिस क्षेत्राधिकारी धौरहरा के पेशकार है।

#### नेपाल गए थे सभी

हादसे में दम तोड़ने वाले सहायक अध्यापक लखनऊ से प्रकाशित एक दैनिक समाचार पत्र के तहसील संवाददाता थे। लखीमपुर निवासी उनके एक मित्र ने बताया कि वह लखनऊ से प्रकाशित एक दैनिक समाचार पत्र के तहसील संवाददाता थे। वह सभी नेपाल में एक स्थान पर गए थे।

## शिक्षक है बच्चों का भाग्य विधाता: संगीता



कैसरगंज में सम्मानित की गई महिला शिक्षक। अमृत विचार

कैसरगंज, बहराइच

**अमृत विचार:** कस्बे में स्थित कंचन कान्वेंट स्कूल में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित कर विद्यालय के शिक्षकाओ को उनके उत्कृष्ट योगदान देने के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रबंधक रहीं। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विद्यालय प्रबंधक ने कहा शिक्षक राष्ट्र का निर्माता है और उसका स्थान सर्वोपरि है। व्यक्ति के जीवन को मूल्यवान बनाने में शिक्षक अहम भूमिका निभाता है। विद्यालय की को डायरेक्टर संगीता श्रीवास्तव ने अपने सम्बोधन मे कहा कि हर इंसान की पहली गुरु उसकी मां होती है और उसके बाद शिक्षा ग्रहण के दौरान एक शिक्षक ही मनुष्य को सफलता की बुलंदियों पर पहुंचाता है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विद्यालय के डिप्टी डायरेक्टर अगम स्वरूप श्रीवास्तव ने कहा कि गुरु एक बालक की बुद्धि का सृजनकर्ता है, वह जो बीज बोता है वैसा ही पेड़ बनता है। इसलिए बच्चों को अच्छे संस्कार व अच्छी शिक्षा अवश्य दे। सम्बोधित करते हुए कहा कि मां-बाप के अलावा बच्चा सबसे अधिक समय अपने शिक्षकों के साथ ही गुजारता है। यही कारण है कि शिक्षक बच्चों के व्यक्तित्व पर गहरा प्रभाव छोड़ते हैं शिक्षक सम्मान समारोह में मालती सिंह, शीबा, प्रीति, सुधा सिंह, आयशा फातिमा ,वैशाली, वारिशा, साक्षी सिंह, क्षमा सिंह, उम्मे रूबी, आदि को माला पहनाकर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## व्यापारियों के हित में आवाज उठाएगी नई टीम


व्यापार मंडल के चुने गए पदाधिकारी। अमृत विचार

**बहराइच, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए दीपक सोनी "दाऊजी" व महामंत्री पद के लिए आशीष कंसल निर्विरोध निर्वाचित घोषित हुए हैं। निवर्तमान अध्यक्ष कुलभूषण अरोरा को व्यापार मंडल का संरक्षक घोषित किया गया है।

अक्टूबर 2023 में शुरू हुई चुनाव प्रक्रिया के परिणामों की औपचारिक घोषणा जिलाध्यक्ष गौरीशंकर भानीरामका ने रविवार को डालमिया धर्मशाला सभागार में आयोजित व्यापार मंडल बैठक में की। व्यापारियों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह चुनाव तीन वर्ष के लिए हुआ है। नगर की नवगठित टीम से व्यापारियों व संगठन को काफी उम्मीदें हैं। हमें पूरा विश्वास है कि नये पदाधिकारी व्यापारी एकता को मजबूत बनाए रखते हुए व्यापारियों की उम्मीदों पर खरा उतरें और व्यापारियों तथा समाज की इतनी सेवा करें कि वह अगले कई टर्म तक इन पदों पर बने रहें। बैठक में गौरीशंकर भानीरामका, अशोक मातनहेलिया, कमल शेखर गुप्ता, सुशील भल्ला, मनीष मल्होत्रा, कुलभूषण अरोरा, बृजमोहन मातनहेलिया, नवनीत अग्रवाल, अल्ताफ अहमद, नागेश्वर नाथ सर्राफ, शफात अहमद,, महेश अग्रवाल, मनोज बंसल, एजाज अहमद, अयाज, अब्दुल सईद, राकेश मित्तल, राजेश रस्तोगी, सत्या सर्राफ, विनय जैन, राजकुमार लोहिया, मुरली मातनहेलिया, प्रदीप चावला, अजीत बुग्गा आदि रहे।

## नारी सशक्तिकरण का किसान डिग्री कॉलेज में हुआ सम्मान


किसान डिग्री कॉलेज में सम्मानित महिलाएं।

**बहराइच, अमृत विचार :** गणतंत्र दिवस के दूसरे दिन किसान पीजी कॉलेज स्वायत्तशासी संस्था में जिले में बालिका शिक्षा के लिए कार्य करने वाली चार महिलाओं को कर्मयोगिनी सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान शिक्षाशास्थली फाउंडेशन, जयपुर राजस्थान द्वारा प्रदान किया गया। सम्मान प्राप्त करने वाली महिलाओं में बाबा सुंदर सिंह पब्लिक स्कूल की संचालिका डॉ .बलमीत कौर, बेगम हस्तशिल्प सेवा समिति की कुरैशा बेगम, मेट्रो म्यूजिक एंड डांस एकेडमी की सोनी श्रीवास्तव तथा आस्था वेलफेयर सोसाइटी की डायरेक्टर तथा किसान पीजी कॉलेज की शिक्षिका सविता वर्मा हैं। यह सम्मान किसान पीजी कॉलेज बहराइच की प्रबंध समिति के सचिव मेजर डॉ. एसपी सिंह ने प्रदान किया।

# बच्चों के तनाव नियंत्रण में माता-पिता के सहयोग का महत्व


डॉ. राजकुमार रंजन सिंह
विदेश व शिक्षा राज्य मंत्री

आज तेजी से बदलती दुनिया में छात्रों को अपने शैक्षणिक जीवन के हर पहलू में प्रतिस्पर्धा करनी होती है। ऐसे में शैक्षणिक तनाव माता-पिता और छात्रों के लिए चिंताजनक हो सकता है। शैक्षणिक उपलब्धि और मौजूदा परीक्षा प्रणाली का दबाव और माता-पिता, शिक्षकों, साथियों व परिवार के सदस्यों की अपेक्षाएं छात्रों में खराब मनोवैज्ञानिक स्थितियों को जन्म देता है। इस तरह का तनाव परीक्षा के दबाव के कारण चिंता बढ़ा सकता है, जो परीक्षा से पहले, परीक्षा के दौरान और बाद में छात्र को प्रभावित करता है। यह एक महत्वपूर्ण समस्या है, जिससे छात्र अपने पूरे शैक्षणिक जीवन में जूझते रहते हैं। परीक्षा का तनाव छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता है। इससे चिंता, अवसाद और अन्य भावनात्मक समस्याएं हो सकती हैं। इतना ही नहीं शैक्षणिक विफलता से जुड़ी कुछ प्रत्याशित निराशा या ऐसी विफलता की आशंका के बारे में सोचकर भी उनमें हताशा बढ़ती है।

छात्र के जीवन में तनाव के कई कारण होते हैं, जैसे बहुत अधिक कार्य, अन्य छात्रों के साथ प्रतिस्पर्धा, असफलता, खराब रिश्ते, पढ़ाई का लगातार दबाव, परीक्षा, भविष्य की योजना आदि। विशेष रूप से परीक्षा के समय में कुछ ऐसे फैक्टर्स होते हैं जो छात्रों में तनाव को जन्म देते हैं। वे इस प्रकार हैं : अच्छा प्रदर्शन करने का प्रयास करें: पढ़ाई में कमी या पारिवारिक दबाव के कारण कुछ बच्चे परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव झेलते समय तनाव महसूस कर सकते हैं।

असफल होने का डरः ऐसे बहुत से छात्र हैं जो परीक्षा में असफल होने को लेकर चिंतित होते हैं। इससे वे तनावग्रस्त और चिंतित महसूस कर सकते हैं। यह डर उन छात्रों के लिए विशेष रूप से बढ़ सकता है जो किसी खास तरह के विषय से जूझते हैं या जिन्होंने पहले परीक्षाओं में समस्याओं का अनुभव किया है। तैयारियों का अभावः जो छात्र परीक्षा के लिए पर्याप्त रूप से सुसज्जित/तैयार नहीं हैं, वे तनाव और दबाव महसूस कर सकते हैं। यह अध्ययन सामग्री की समझ की कमी, पढ़ाई के लिए समय की कमी या अन्य वजहों से भी हो सकता है।

समय की पाबंदीः परीक्षाओं में अक्सर समय की कमी होती है, जो उन छात्रों के लिए बुरा हो सकता है जो तनाव में काम करने के अभ्यस्त नहीं हैं। वास्तव में छात्र अपनी सफलता की उम्मीदों, अपने माता-पिता और शिक्षकों की अपेक्षाओं के कारण शैक्षणिक तनाव का अनुभव करते हैं। यह साफ है कि माता-पिता की अपने बच्चों से परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करने को लेकर अपेक्षाएं होती हैं। इससे उन पर दबाव पड़ता है। हालांकि यह कहा जाता है कि परीक्षा से होने वाला थोड़ा तनाव कुछ हद सकारात्मक और कारगर भी होता है क्योंकि यह परीक्षा से पहले बच्चों को सावधानी और सतर्कता बरतने को प्रेरित करता है। परीक्षा के दौरान बच्चों से अधिक उम्मीदें रखना परीक्षा के तनाव/दबाव और खराब प्रदर्शन का आधार बन सकता है।

आमतौर पर यह माना जाता है कि माता-पिता अपने बच्चों के ज्ञानात्मक, व्यावहारिक, भावनात्मक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अपनी भूमिका में माता-पिता बच्चों को सांस्कृतिक और सामाजिक मानदंडों और समाज के मूल्यों से परिचित कराते हैं। इसका उद्देश्य उन्हें समाज की जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ भविष्य के लिए तैयार करना है।

बच्चों पर शैक्षणिक आकांक्षाओं के सकारात्मक या नकारात्मक प्रभाव का मार्गदर्शन और प्रबंधन करने में माता-पिता की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। माता-पिता कुछ शारीरिक, सामाजिक, व्यावहारिक और मनोवैज्ञानिक चीजों को पहचानकर अपने बच्चों को परीक्षा के दबाव से निपटने में मदद कर सकते हैं। बच्चों में परीक्षा के तनाव के लक्षणों को पहचानना यह संभव है कि युवा लोग परीक्षा के दबाव और तनाव पर चर्चा करने में सहज महसूस नहीं करेंगे, लेकिन माता-पिता अपने बच्चों में तनाव के किसी भी लक्षण को देख सकते हैं और उनसे इसके बारे में बात कर सकते हैं। यहां तनाव के कुछ सबसे आम लक्षण हैं जो बच्चों में शारीरिक (जैसे, सिरदर्द, दांत पीसना, उच्च रक्तचाप, अपच, थकान, अनिद्रा), मनोवैज्ञानिक (जैसे चिंता, चिड़चिड़ापन, असंवेदनशीलता, क्रोध, मनोदशा में बदलाव, अवसाद की वजह से होने वाली असहायता स्थिति, निराशा) और व्यवहार संबंधी लक्षण (जैसे, भूख न लगना, टालमटोल का व्यवहार, लोगों से खुद को काट लेना/अकेलापन, व्यक्तिगत साफ-सफाई को नजरअंदाज करना) शामिल हैं।

माता-पिता की भूमिकाः माता-पिता के रूप में सबसे महत्वपूर्ण चीजों में से एक जो आप कर सकते हैं वह है जितना संभव हो उतना समझदार और सहयोगी बनें। उनसे संवाद करें और उन्हें याद दिलाना सुनिश्चित करें कि उनके जीवन में और भी महत्वपूर्ण अवसर हैं। ये परीक्षाएं हमारे जीवन का सिर्फ एक हिस्सा भर हैं। उन्हें बताएं कि आप हमेशा उनके साथ रहेंगे। आप स्वाभाविक रूप से चाहेंगे कि बच्चे अच्छा प्रदर्शन करें, लेकिन अगर वे ऐसा नहीं करते हैं तो आप उन्हें दोष नहीं देंगे।

परीक्षा से पहले और परीक्षा के दौरान बच्चे के व्यवहार व भावनाओं के प्रति सचेत रहें। अपने बच्चे के साथ आपसी विश्वास बनाएं। माता-पिता अपने बच्चों को बताएं कि वे बिना किसी शर्त उनका सकारात्मक रूप से ध्यान रखते हैं। यदि वे किसी प्रकार की परेशानी महसूस करते हैं तो आपको बताने के लिए उनको प्रोत्साहित करना होगा। स्वस्थ और विविध संबंधों को लेकर उन्हें प्रेरित करें। खुद को प्रसन्न रखने से संबंधी शारीरिक गतिविधि, अच्छा पोषण और आराम के लिए प्रेरित करना होगा। परिवार और दोस्तों के प्यार एवं सहयोग से अपने बच्चे को कठिन समय से निकलने में उसकी क्षमता को याद दिलाएं। उपयुक्त सह-पाठ्यचर्या संबंधी अभ्यास चुनने में अपने बच्चे की सहायता करें। यदि आपका बच्चा चुनौतीपूर्ण परीक्षा देने जा रहा है या पहले ही दे चुका है, तो उसका आत्मविश्वास बढ़ाना न भूलें। बच्चों की बातों को गंभीरता से सुनें और सकारात्मक विचारों के साथ उनकी सहायता करें।

## वर्ग पहेली-326

**बाएं से दाएं**

3.1. एक तरह की कस्तूरी 2. एक तरह का तरल गंध द्रव्य जो गंधमार्जार या मुश्कबिलाव के अंडकोश से निकलता है।

5.1. जिसका अपमान हुआ हो, बेइज़्ज़त, तिरस्कृत 2. तुच्छ, नीच, अधम 3. जिसकी बेकद्री की गई हो।

7. ऐसा स्थान जहां कोई परिवार कई पीढ़ियों से रहता चला आ रहा हो, डीह।

8.1. अंतिम, आख़िरी, चरम 2. निर्णायक


**ऊपर से नीचे**

1.1. ज़मीन, भूमि 2. देश, मुल्क 3. पृथ्वी, धरा 4. पेशबंदी 5. गज़ल की रदीफ़।

2. दोनों हथेलियों को ऊपर की ओर जोड़ने से बनने वाला गड्ढा जिसमें पानी या कोई वस्तु भरकर दी जाती है, करसंपुट, चुल्लू, ओक, अंजुरी, अंजलि।

4. वह स्थान जहां बच्चों के अनुसार खेलने-सीखने की चीज़ें रखी जाती हैं, बच्चों के लिए बना सार्वजनिक स्थल, बालभवन, बच्चों का उपवन, आंगनवाड़ी।

6.1. बारूद या गंधक भरकर बनाए गए खिलौने




### वर्ग पहेली - 325 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 द | ■ | ■ | 2 शु | 3 चि | ता |
| या | ■ | ■ | ■ | ड़ि | ■ |
| र | ■ | ■ | 4 द | हा | ना |
| ■ | 5 ए | का | हा | र | ■ |
| ■ | का | ■ | ड़ | ■ | 6 झाँ |
| ■ | थि | ■ | ■ | ■ | ई |
| ■ | 7 क | चा | यँ | ध | ■ |

## सुडोकू -43

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | | 3 | | 7 | 6 | 9 | |
| 7 | | 2 | | 4 | | | | |
| | | | 5 | | | | | 4 |
| 4 | 6 | | | 8 | | | | |
| | | 1 | | | | 2 | | 6 |
| | | | | 9 | | | 4 | 7 |
| 3 | | | | | 4 | | | |
| | 4 | | | 3 | | 8 | | 5 |
| | | 8 | 1 | | 2 | | | 3 |

### सुडोकू - 42 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 2 | 5 | 7 | 8 | 4 | 6 | 3 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 9 | 2 | 8 | 1 | 5 |
| 8 | 3 | 5 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 | 7 |
| 3 | 6 | 8 | 2 | 5 | 7 | 1 | 9 | 4 |
| 5 | 9 | 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 3 | 2 |
| 7 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 6 | 5 | 8 |
| 1 | 5 | 7 | 4 | 2 | 9 | 3 | 8 | 6 |
| 2 | 8 | 9 | 7 | 6 | 3 | 5 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 1 | 5 | 2 | 7 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 जनवरी, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्थी पूर्ण रात्रि तक।

**मेष** – आज रिश्ते तो मजबूत बनेंगे ही, इसके अलावा रिश्तेदारी में ही आप किसी के साथ बिजनेस में कोई समझौता भी कर सकते हैं। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**वृष** – आज कोई कठोर निर्णय ले सकते हैं जिसका लाभ समय रहते आपको मिलेगा। किसी दोस्त के साथ बहस भी हो सकती है, लेकिन संयम से काम लेने पर वह सुलझ जाएगी। शेयर मार्केट में सोच-समझकर निवेश करें।

**मिथुन** – आज किसी अनजान व्यक्ति के साथ मेलजोल बनाने से बचें, क्योंकि वह आपके भविष्य के लिए अच्छा नहीं रहेगा। परिवार में आपको लेकर सकारात्मक माहौल बनेगा। कारोबार में बड़ी डील के होने की प्रबल संभावना है।

**कर्क** – आज परिवार के लोगों के साथ मिलना होगा और किसी बात को लेकर चर्चा संभव है। घर में मेहमानों का भी आना हो सकता है। उधार दिया हुआ धन वापस मिल सकता है। छात्रों का मन पढ़ाई से उचट सकता है।

**सिंह** – आज व्यापार में साझेदारी कर सकते हैं। किसी की बात दिल पर लग सकती है, लेकिन आप उस ओर ज्यादा ध्यान न देकर बाकी कामों में ध्यान लगाएंगे। शाम के समय बाहर जाना हो सकता है। संपत्ति में निवेश कर सकते हैं।

**कन्या** – आज परिवर्तन को लेकर उत्साहित रहेंगे और पुरानी बातों को याद करेंगे। घर वालों के साथ कहीं बाहर जाने का प्लान बनाएंगे, लेकिन कुछ अड़चने आएगी। ऑफिस में सहकर्मियों का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा।

**तुला** – आज किसी कल्पना में खोए रहेंगे और कुछ बातों को लेकर आशंकित भी रह सकते हैं। दोस्तों के साथ पार्टी का तो प्लान बनेगा, लेकिन खर्चे को लेकर चिंता रहेगी। कारोबारी यात्रा सफल और लाभप्रद साबित होगी।

**वृश्चिक** – आज किसी से धोखा मिल सकता है, जो आपके दिल को दुखाएगा। परिवार में सभी के साथ आपका संबंध और मजबूत बनेगा। आप अपनी भावनाओं को खुलकर व्यक्त कर पाएंगे। प्रेमीजन अपनी दिल की बात प्रेमी से कह सकते हैं।

**धनु** – आज शाम के समय दुर्घटना होने के संकेत हैं। इसलिए आप वाहन ना चलाएं और हमेशा किसी के साथ ही यात्रा करें। प्रेम संबंधों में किसी बात को लेकर मतभेद होगा। पैतृक संपत्ति प्राप्त होने के प्रबल योग बल रहें हैं।

**मकर** – आज का दिन आप अपने किसी दोस्त के नाम कर सकते हैं। सुबह से किसी बात को लेकर चिंता रहेगी, लेकिन शाम होते ही वह छूमंतर हो जाएगी। जीवनसाथी से किसी बात को लेकर अनबन हो सकती है। पिता के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

**कुंभ** – आज व्यापार में किसी से सोच समझकर ही साझेदारी करें। जैसा सोचेंगे या प्लान करेंगे वैसा नहीं हो पाएगा। आराम नहीं मिलेगा और काम का बोझ ज्यादा ही रहेगा। भाई-बहन का भरपूर सहयोग मिलेगा।

**मीन** – आज का दिन आपके लिए अत्यंत शुभ सिद्ध होगा। परिवार के लोग कुछ प्लान कर सकते हैं और शाम के समय बाहर जाना हो सकता है। प्रतियोगी छात्रों का पढ़ाई में मन नहीं लगेगा। विवाहेतर संबंधों से दूरी बनाएं रखें।

## आज का पंचांग




त्योहार/व्रत/दिवस- सकट चौथ। मुहूर्त- अभिजित-11.58-12.41 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-12.41-13.25, 14.52-15.35 तक। दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-शिशिर। चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन। ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी 18.57 तक तत्पश्चात उत्तरा फाल्गुनी।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
होते होते प्यार हो गया – सुबह : 10.00
धड़कन – रात : 07.00

**Sony Max**
चेहरे – सुबह : 09.00
चेन्नई एक्सप्रेस – रात : 10.00

**Sony Pix**
स्पाइडर मैन 3 – सुबह : 09.35
बैटमैन बिगिन्स – रात : 09.00

**Zee Cinema**
ऑपरेशन रोमियो – सुबह : 10.30
कमांडो – रात : 07.30

**Colors Cineplex**
सपने साजन के – सुबह : 09.53
स्वदेश – रात : 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म



बी 4 यू पर रात-07.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक लड़का घर वालों के साथ लड़की देखने गया।
लड़के के घरवालों ने लड़की के पिता से पूछा आपकी लड़की ने क्या किया हुआ है?
लड़की का पिता- अभी तो इसने हमारे नाक में दम किया हुआ है। आप बस इसे यहां से ले जाइए।

पप्पू अपने दोस्त से बात कर रहा था। मेरी पत्नी का स्वभाव बहुत खर्चीला है। हर दूसरे दिन 1000 और 2000 रुपये मांगने लग जाती है।
दोस्त- आखिर इतने पैसे का वह करती क्या है??
पप्पू- क्या पता मैंने कभी दिए ही नहीं।

## एक नजर

### विधायक ने बांटे 1200 कंबल

**मिहींपुरवा, बहराइच :** गल्ला मंडी परिसर में संचालित अस्थाई तहसील परिसर में विधान सभा बलहा के गरीब, निराश्रित, विधवा व वृद्ध जनों को विधायक सरोज सोनकर ने कंबल वितरण कर उन्हें ठंड से राहत देने का प्रयास किया है। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि आलोक जिंदल, उपजिलाधिकारी संजय कुमार, नायब तहसीलदार अर्सलान रशिद, खण्ड विकास अधिकारी अजीत सिंह आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सभासद हर्षित शुक्ला ने किया।

### समाधान दिवस में निपटाए गए दो मामले

**रिसिया, बहराइच :** रिसिया थाने में चौथे शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया ।जिसमे ठंड के कारण फरियादियों की संख्या कम थी। रिसिया थाने पर आयोजित समाधान दिवस के मुख्य अधिकारी आनंद राय पुलिस क्षेत्रा धिकारी पयाग पुर रहे ।और संचालन प्रदीप कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक रिसिया ने किया, माह के अंतिम शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में कुल छह मामले जमीन से जुड़े हुए आए थे, जिनमे से दो मामले का निपटारा कर दिया गया, शेष चार मामले पेंडिंग में चल रहे है।

### पुस्तक एवं स्टेशनरी विक्रेता संघ के अध्यक्ष बने जीतेन्द्र

**बहराइच :** शहर के पुस्तक एवं स्टेशनरी विक्रेता संघ की एक वार्षिक बैठक शहर के हरियाली रिसोर्ट में आयोजित हुई। बैठक में नई कार्यकारिणी के लिए सर्वसम्मत से चुनाव हुआ एवं नए पदाधिकारियों की घोषणा हुई ।जिसमें संरक्षक अशोक मेहरोत्रा, मुकेश जैन, अध्यक्ष जीतेन्द्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष योगेंद्र भूषण श्रीवास्तव, मो .फरहान मून, महामंत्री सुमित जैन, कोषाध्यक्ष ऋषभ शर्मा, मंत्री नीलेश जैन, नितिन सक्सेना एवं मीडिया प्रभारी राहुल रस्तोगी चुने गए। चुनाव पुस्तक एवं स्टेशनरी के सभी विक्रेताओं की उपस्थिति मे संपन्न हुई।

### आज लगेगा रोजगार मेला

**बहराइच :** जनपद के अधिक से अधिक बेरोज़गार युवक-युवतियों को रोज़गार उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 29 जनवरी को वृहद रोज़गार मेले का आयोजन किया जा रहा है ।राजकीय आईटीआई की प्रधानाचार्या स्मृति शर्मा ने बताया कि कौशल विकास मिशन, आईटीआई एवं सेवायोजन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले रोज़गार में 10 से अधिक नियोजकों द्वारा प्रतिभाग कर साक्षात्कार के माध्यम से अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखो के साथ 29 जनवरी को पूर्वान्ह 10 बजे नानपारा रोड स्थित राजकीय आईटीआई परिसर में उपस्थित होकर साक्षात्कार में सम्मिलित हो सकते हैं।

### जिला उद्योग बन्धु की बैठक कल

**बहराइच :** उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र ने बताया कि 30 जनवरी को विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में अपरान्ह 03 :30 बजे से उद्योग बन्धु समिति एवं एमओयू से सम्बन्धित बैठक आहूत की गई है। उपायुक्त उद्योग ने जिले के उद्यमियों, व्यापारियों एवं निर्यातकों के अपेक्षा की है कि बैठक में समय से उपस्थित होकर अपनी समस्याओं से समिति को अवगत करायें।

### डीआईओएस ने दी तहरीर

**बहराइच :** जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि जिले में बोर्ड की प्रयोगात्मक परीक्षाएं शुरू हो गई। लेकिन का इंटर कॉलेज ऐसे हैं जहां बिना सीसीटीवी के प्रयोगात्मक परीक्षा शुरू की गई है इन इंटर कॉलेज के शिक्षकों पर केस दर्ज करवाने के लिए दरगाह थाने में तहरीर दी गई है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में एक-दूजे के हुए 347 जोड़े

संवाददाता, बहराइच




जिले के मिहींपुरवा और कैसरगंज ब्लॉक में आयोजित सामूहिक विवाह में शामिल जोड़े और जनप्रतिनिधि। अमृत विचार

**अमृत विहार :** जिले में रविवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिले भर में 347 जोड़ों का विवाह हुआ। एक ही पंडाल में मंत्र जप के साथ निकाह पढ़ा गया।

जिलाधिकारी मोनिका रानी एवं मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर के मार्गदर्शन में विकास खण्ड विशेश्वरगंज के निकट बीआरसी सेण्टर के परिसर में ब्लाक पयागपुर के 15, विशेश्वरगंज के 30 एवं हुजूरपुर के 34 कुल 79 जोडो (हिन्दू जोड़ा-71 एवं मुस्लिम जोड़ा-8) का सामूहिक विवाह धार्मिक रीति रिवाज के अनुसार सम्पन्न हुआ। इसी प्रकार परमहंस डिग्री कालेज कैसरगंल के परिसर में विकास खण्ड फखरपुर के 69, कैसरगंज के 36, जरवल के 27 एवं जरवल कस्बा के 02, गल्ला मण्डी मिहीपुरवा के परिसर में विकास खण्ड मिहीपुरवा के 143 एवं राम प्यारे शिवशंकर इण्टर कालेज शिवपुर के परिसर में विकास खण्ड शिवपुर के 70 इस प्रकार कुल 347 (हिन्दू जोड़ा-341 एवं मुस्लिम जोड़ा-6) सकुशल सामूहिक विवाह सम्मपन्न हुआ। मिहीपुरवा में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गोंड, विधायक सरोज सोनकर रहीं। सांसद ने विधायक के साथ सभी को आशीर्वाद दिया। इस दौरान बीडीओ अजीत सिंह, ग्राम विकास अधिकारी अर्जुन सोनकर, रोजगार सेवक अनीता आर्य, सरोज जायसवाल, विधान सभा परिषद सदस्य डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, नानपारा के राम निवास वर्मा सहित ब्लाक प्रमुख, पयागपुर, विशेश्वरगंज, हुजूरपुर, जरवल, कैसरगंज, प्रधानगण व अन्य जन प्रतिनिधिगण, जनपद स्तरीय नोडल अधिकारी, सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर व अन्य अधिकारी कर्मचारी तथा लाभार्थी परिवारों के सदस्यगण मौजूद रहे।

### यहां कल होगा विवाह

जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि 30 जनवरी को ग्राम पंचायत बैकुण्ठा विकास खण्ड महसी, विकास खण्ड बलहा, विकास खण्ड चित्तौरा, विकास खण्ड नवाबगंज एवं गेदघर बहराइच के परिसर में 601 कन्याओं का सामूहिक विवाह कार्यक्रम प्रस्तावित है।

# बहोरिकापुर की महिला प्रधान व पति पर धोखाधड़ी का केस

**बहराइच, अमृत विचार :** जिले के महसी ब्लाक के बहोरिकापुर की महिला ग्राम प्रधान व उसके पति पर धोखाधड़ी व अमानत मे ख्यानत की धाराओं में हरदी थाने में कोर्ट के आदेश पर शुक्रवार को केस दर्ज किया गया है। पूर्व माध्यमिक विद्यालय बहोरिकापुर मे तैनात रही रसोइया ने आरोप लगाया है कि घरेलू कार्य से इंकार व एमडीएम में अनियमितता के विरोध पर उसे रसोइया पद से हटा दिया गया था। हरदी थाने के बहोरिकापुर के मजरे राम निधि नगर निवासनी दीपा के पति प्रमोद कुमार की शादी के कुछ दिनों बाद ही मौत हो गई थी। दीपा को प्रयास करने पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय बहोरिकापुर में रसोइया का कार्य मिलने पर आजीविका चल रही थी। ग्राम पंचायत मे चुनाव होने पर रेनु सिंह प्रधान निर्वाचित होने के बाद दीपा को काम से हटा दिया गया। दीपा का

**▸▸ विद्यालय में तैनात पूर्व रसोइया ने कोर्ट की ली शरण**

आरोप है कि प्रधानी का कार्य रेनू सिंह के पति राजू गड़ाया देखते है। उन्होंने दीपा व अन्य रसोइयो को घर पर घरेलू काम करने को कहा। दीपा ने इंकार कर दिया। यही नही एमडीएम में कम छात्रों का भोजन बनने व अधिक छात्रों की संख्या दिखा कर धन गबन, गुणवत्ता विहीन एमडीएम बनने की शिकायत की है। यह भी आरोप है कि रसोइया के चयन में अभिलेखों में कूट रचना कर अपात्र लोगों को रसोइया रखा गया। पात्र लोगों को निकाल दिया गया। थाने व एसपी से शिकायत पर कोई कार्रवाई नही हुई। एसएचओ संतोष कुमार सरोज ने बताया कि धोखाधड़ी व अमानत में ख्यानत की धाराओं में प्रधान व उसके पति पर केस दर्ज किया गया है।

# 113 चालकों ने खपत कर दिया अधिक डीजल, रिकवरी के निर्देश

## एआरएम ने की कार्रवाई, चालकों में मचा हड़कंप

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार:** रोडवेज बस अड्डे से विभिन्न रूटों पर संचालित परिवहन निगम के चालकों ने निर्धारित डीजल से अधिक की खपत कर दी। इसका खुलासा जांच में होने पर क्षेत्रीय प्रबंधक ने 113 चालकों के वेतन से रिकवरी के निर्देश दिया है, इससे हड़कंप मच गया है।



बहराइच रोडवेज बस अड्डे पर खड़ी बसें। अमृत विचार

बहराइच रोडवेज बस अड्डे से विभिन्न मार्गों पर परिवहन निगम की बसों का संचालन होता है। विभिन्न जनपदों को जाने वाली बसों के लिए विभाग की ओर से डीजल का निर्धारण भी किया गया है। इसके बाद भी परिवहन निगम के चालक अधिक डीजल खर्च कर देते हैं। कार्रवाई होने के बाद भी सभी सुधर नहीं रहे हैं। परिवहन विभाग के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक प्रेम कुमार ने बताया कि एक दिसंबर 30 दिसंबर तक विभिन्न मार्गों पर संचालित रोडवेज बसों में खपत होने वाले डीजल की जांच कराई गई। कारखाना प्रबंधक से कराए गए जांच में तय मानक से 1106 लीटर अधिक डीजल का खर्च हुआ है। जिस पर सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने सभी चालकों के नाम की नोटिस जारी करते हुए वेतन से रिकवरी के निर्देश दिए हैं। इससे हड़कंप मच गया है। कार्यवाई की जद में आने वाले संविदा और नियमित चालक शामिल हैं। वही चालक भी इस कार्रवाई को लेकर नाराज है। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया कि सभी चालकों से कुल 99587 रूपये की वसूली की जायेगी।

### किसी ने 10 तो किसी ने 24 लीटर किया खर्च

सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक प्रेम कुमार ने बताया कि जांच में खुलासा हुआ है कि किसी ने 10 लीटर तो किसी ने 24 लीटर डीजल का खर्च किया है। ऐसे में निर्धारित मानक से अधिक डीजल खर्च से सरकार के राजस्व को नुकसान पहुंचा है।

# फसल रखवाली के लिए गए किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत



किसान की मौत के बाद गमगीन परिवार के लोग। अमृत विचार

बौंडी, बहराइच

**अमृत विचार:** जिले के ग्राम पंचायत भौंरी निवासी एक किसान शनिवार शाम को फसल की रखवाली के लिए खेत गया था। वहां वह घायल मिला। उसे सीएचसी से रेफर करते हुए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भौंरी के बहोरवा निवासी शरीफ (60) पुत्र सुकुरु खेत की रखवाली के लिए खेत गए हुए थे। काफी देर तक किसान के घर न आने पर परिवार के लोगों ने खोजबीन शुरू की। खेत के पास ही गंभीर रूप से बुजुर्ग घायल अचेत अवस्था में पड़े मिले। ग्रामीणों ने इसकी सूचना बौंडी थाना प्रभारी अंजनी कुमार राय को दी। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष मौके पर पहुंचे और 108 की सहायता से फखरपुर चिकित्सालय भेजा। जहां पर डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जिससे क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई क्षेत्र में मौत के तरह तरह की अफवाहें फैल गई। कुछ वन्यजीव का हमला बता रहे हैं। वहीं पुलिस सड़क हादसा बता रही है। थानाध्यक्ष अंजनी कुमार राय ने बताया की प्रथम दृष्टया यह अज्ञात वाहन से एक्सीडेंट मालूम पड़ता है। फिलहाल बारीकी से जांच की जा रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने पर ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।




**कार्यालय ग्राम पंचायत इंटहा शिवपुर बहराइच**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत इंटहा में मनरेगा योजनांतर्गत निम्नलिखित कार्य कराए जाने है–

1– बुद्ध सागर के घर से माता जी के स्थान तक इंटरलांकिंग निर्माण कार्य।
2– जगदीश नगर में बलराम मिश्र के घर से विनोद यादव के घर तक इंटरलांकिंग निर्माण कार्य।
3– PWD से कल्लू के घर तक इंटरलांकिंग निर्माण कार्य।
4– ध्रुप वर्मा के खेत से हरिद्वार प्रसाद इंटर कालेज तक इंटरलांकिंग निर्माण कार्य।
5– अरविंद के घर से राम सिंह के खेत तक इंटरलांकिंग निर्माण कार्य।
6– इण्टर कॉलेज से PWD रोड़ तक इंटरलांकिंग निर्माण कार्य।

जिसमे इच्छुक फर्म ईट, ईट का रोड़ा, सीमेंट, बालू, मौरंग, सरिया, गिट्टी, रेत व इंटरलांकिंग ईट आदि आपूर्ति के लिए अपना आवेदन दिनांक 29/01/2024 को सांय 5 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर दे, निविदा दिनांक 30/01/2024 को खोली जाएगी। निविदा का कोई मूल्य देय नही होगा।

**कृष्णा देवी** — प्रधान
**राजमणि वर्मा** — सचिव
ग्राम पंचायत इंटहा शिवपुर बहराइच

**कार्यालय ग्राम पंचायत सेमरिया, शिवपुर बहराइच**

**निविदा**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सेमरिया में मनरेगा योजनांतर्गत सी सी रोड से खलील के घर तक इंटरलांकिंग निर्माण कार्य कराया जाना है जिसमे इच्छुक फर्म ईट, ईट का रोड़ा, सीमेंट, बालू, मोरंग, सरिया, गिट्टी, रेत व इंटरलांकिंग ईट आदि आपूर्ति के लिए अपना आवेदन दिनांक 03/02/2024 को सांय 5 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर दे , निविदा दिनांक 05/02/2024 को जाएगी। निविदा का कोई मूल्य देय नही होगा ।

**अनिल कुमार मौर्य** — प्रधान, ग्राम पंचायत सेमरिया, शिवपुर बहराइच
**विकास श्रीवास्तव** — सचिव, ग्राम पंचायत सेमरिया, शिवपुर बहराइच

# वारसी फुकरा ने अध्यक्ष को पहनाया चांदी का मुकुट

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** हजरत सैय्यद सालार मसूद ग़ाज़ी (रह0) के उर्स रजब के मौके पर आये वारसी फुकरा के संगठन ने दरगाह प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष सैय्यद शमशाद अहमद एडवोकेट के नेतृत्व में हुवे विकास कार्यों से प्रभावित हो कर उन्हें चांदी का मुकुट पहनाकर सम्मानित किया। कहा कि यहां की व्यवस्था के लिये कई प्रशासक, पैनल आदि की समितियां देखी हैं। मगर जो विकास कार्य इनके द्वारा दरगाह में कराए गये तथा आने वाले जायरीन ( श्रद्धालुओं ) को सहूलियतें मिली उसकी मिसाल मिलना मुश्किल है।



दरगाह प्रबंध समिति अध्यक्ष को चांदी का मुकुट पहनाती किन्नर फुकरा।

शहर के दरगाह में स्थित सैयद सालार मसूद गाजी की दरगाह पर उर्स कार्यक्रम चल रहा है। उर्स में मुम्बई, वाराणसी, गोरखपुर, इलाहाबाद, नेपाल से आये किन्नरों और वारसी फुकरा ने बिस्मिल्लाह शाह वारसी उर्फ गुड़िया नेपाली के नेतृत्व में दरगाह स्थित डेरे पर आयोजित (महफिले समा) कव्वाली के प्रोग्राम के उपरांत सभी लोग एक जूलूस की शक्ल में जिसमें क़व्वाल आगे आगे अपना कलाम पढ़ते हुए चल रहे थे और दो बड़ी थालियों में फूलों का ताज और चांदी का मुकु सजाए वारसी फुकरा या वारिस हक़ वारिस और ग़ाज़ी का दामन नही छोड़ेंगे जैसे नारे लगाते सभी दफ्तर दरगाह पहुंचे और नाल दरवाजा के सामने प्रबन्ध समिति के सदस्यों, खुद्दाम, कर्मचारियों और हजारों श्रद्धालुओं की उपस्तिथि में बाबा मासूम शाह वारसी क्षेत्रीय समिति के सचिव बिस्मिल्लाह शाह वारसी उर्फ गुड़िया नेपाली ने प्रबन्ध समिति अध्यक्ष सै0 शमशाद अहमद एडवोकेट के सर पर फूलों का ताज सजाते हुवे उस पर चांदी का मुकुट रख गले मे पीला अचला और खूबसूरत फूलों की डाल उन्हें सम्मानित किया साथ ही उनपर हजारों रुपये न्युछावर किये। इस अवसर पर वारसी फुकरा ने प्रबन्ध समिति के सदस्य दिलशाद अहमद एडवोकेट, हाजी अज़मत उल्ला, अब्दुल रहमान "बच्चे भारती " मकसूद अहमद रायनी और अधिवक्ता हाई कोर्ट सैय्यद अकरम आज़ाद, डा0 कासिफ, अज़हर अबसार, मो0 आरिफ, अदनान रहमान, इलियास अली शब्बू , सैय्यद आरिफ के गले मे पीला अचला डाल सम्मान दिया। सैय्यद शमशाद को सम्मानित किये जाने के दौरान गुड़िया बाबा के साथ किन्नर चंदा वारसी वाराणसी, सलमा नायक, चांदनी, पूनम मुम्बई, सुनीता वारसी राजस्थान, जीनत कानपुर, राजा नेपाल, रानी, रोशन तारा वारसी, सना खान वारसी ,निज़ाम शाह वारसी प्रयागराज, गब्बर शाह वारसी गोरखपुर, अनीस छोटी तकिया, भण्डारी उर्फ पैगाम ए वारिस, शकील, चुनना श्रावस्ती के अलावा सैकड़ों की संख्या में बहराइच व अन्य जनपदों से आय वारसी फकीर उपस्थित रहे।

### आवेदन कर सकते हैं प्रशिक्षु

**बहराइच :** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की नोडल प्रधानाचार्य स्मृति शर्मा ने बताया कि शिशिक्षु प्रशिक्षण हेतु योजित किये जाने हेतु राष्ट्रीय प्रशिक्षुता संवर्धन योजना के अन्तर्गत अधिष्ठानों/ उद्योगों एवं अभ्यार्थियों के लिए अप्रैन्टिसशिप इण्डिया डाट जीओवी डाट इन पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। पंजीकरण के समय अधिष्ठानों एवं उद्योगों को पंजीकरण, बेसिक डिटेल्स, प्रमुख विवरण, नियोक्ता का विवरण, लोकेशन एवं बैंक डिटेल्स तथा अभ्यर्थियों को बेसिक डिटेल्स, शैक्षिक विवरण, वरीयता विवरण एवं आधार वेरिफिकेशन अनिवार्य होगा। बताया कि ऐसे संस्थान/प्रतिष्ठान/कम्पनियां जहां युवाओं को (अप्रेन्टिसशिप) शिक्षुता दी जा रही है उन्हें भारत सरकार/उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजना एनएपीएस/सीएमएपीएस का लाभ प्राप्त करने के लिए सीएमएपीएस पोर्टल पर पंजीकरण करते हुए संस्थान में प्रशिक्षुओं का विवरण दर्ज करना होगा।

### प्रयोगात्मक परीक्षाएं शुरू हुई

पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार : जिले के इंटर कॉलेज में प्रयोगात्मक परीक्षा चल रहा है। केबीइण्टर कॉलेज पयागपुर में यूपी बोर्ड की प्रयोगात्मक परीक्षा की शनिवार को शुरुवात हुई। जिसमें पहले चरण में इंटरमीडिएट की भौतिक विज्ञान पार्ट- A की प्रयोगात्मक परीक्षा का आयोजन किया गया कॉलेज के प्राचार्य श्रीप्रकाश पटेल ने बताया कि प्रयोगात्मक परीक्षा के प्रथम चरण की परीक्षा के परीक्षक मंजूर आलम तथा पर्यवेक्षक वीरेंद्र नाथ द्विवेदी की देख रेख में परीक्षा को सकुशल सीसीटीवी की निगरानी में संपन्न कराया गया तथा अवशेष बच्चों की परीक्षा अगले दिन सम्पन्न करवाई जाएगी।

### सपा महिला सभा की देवीपाटन मंडल प्रभारी बनी निशी खान

**बहराइच :** समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व व महिला सभा प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव के द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र शहर के मोहल्ला चांदपुरा निवासी कुमारी निशी खान को गोंडा( देवी पाटन मंडल) का समाजवादी महिला सभा का प्रभारी नियुक्त किया है। कुमारी निशी खान पिछले कई वर्षों से संगठन मे महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती चली आ रही है। वर्तमान मे वह महिला सभा मे विधानसभा अध्यक्ष बहराइच के रूप मे पार्टी को मजबूत करने का कार्य कर रही है। उनके मनोनयन पर पूर्व मंत्री यासर शाह, विधायक मटेरा मरिया शाह, सपा जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव, महिला सभा जिलाध्यक्ष मनु देवी , जिला कोषाध्यक्ष अब्दुल मन्नान सहित तमाम पार्टीजनों ने उन्हे शुभकामनाएं दी है।



सपा महिला सभा की देवीपाटन मंडल प्रभारी।










**कार्यालय नगरपालिका परिषद, बहराइच**

पत्रांकः– 852/अलाव व्यवस्था– जलौनी लकड़ी आपूर्ति/2023–24 दिनांक 27 जनवरी, 2024

**अति अल्पकालिक निविदा सूचना**

नगरपालिका परिषद, बहराइच को कार्यालय के पत्र सं0 851/ अलाव व्यवस्था–जलौनी लकड़ी आपूर्ति/2023–24 दिनांक 27 जनवरी, 2024 द्वारा नगरपालिका परिषद, बहराइच में वर्ष 2023–24 में ठण्ड एवं शीत लहरी के दौरान नगर के विभिन्न चौराहों / प्रमुख स्थानों/वार्डो में अलाव जलवाये जाने हेतु जलौनी लकड़ी की आपूर्ति हेतु समस्त टिम्बर मर्चेन्टों, लकड़ी की ठेकी वाले व्यक्तियों एवं वन विभाग / वन निगम से कार्य अनुभव प्रमाण पत्र प्राप्त ठेकेदारों तथा लकडी सप्लाई करने वाली फर्मो जिनका पंजीकरण आयकर एवं व्यापार कर विभाग (जी0एस0टी0) में हो से सीलबन्द निविदायें दिनांक 06.02.2024 को नगरपालिका परिषद बहराइच के निर्माण अनुभाग में, 2– प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय बहराइच कार्यालय एवं .3– उपजिलाधिकारी बहराइच कार्यालय में अपरान्ह 3.00 बजे तक अमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/ प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय, बहराइच के कार्यालय कक्ष में प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय एवं अधिशासी अधिकारी द्वारा उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष सांय 4: 30 बजे खोली जायेगी। निविदा वो साथ रू0–10000 के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र (निर्धारित प्रारूप) तथा 12% धरोहर धनराशि की एन0एस0सी0एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0 जो अधिशासी अधिकारी के पद नाम से बंधक हो जमा करना होगा। निविदा फार्म नगर पालिका परिषद बहराइच के निर्माण अनुभाग, प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय बहराइच कार्यालय एवं उपजिलाधिकारी बहराइच कार्यालय से दिनांक 05.02.2024 को कार्यालय अवधि (प्रातः 10.00 बजे से साथ 5.00 बजे तक) में निर्धारित मूल्य जमा करके प्राप्त किये जा सकते हैं। प्राप्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अध्यक्ष महोदय को होगा। आपूर्ति की जाने वाली जलौनी लकड़ी की मात्रा घट–बढ़ सकती है। सशर्त निविदा स्वीकार नहीं होगी। सम्बंधित निविदा सूचना नगरपालिका परिषद बहराइच की वेब साइट WWW.bahraichnpp.in पर देखी जा सकती है।

**(प्रमिता सिंह)** अधिशासी अधिकारी, नगरपालिका परिषद, बहराइच।
**(सुधा देवी)** अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद, बहराइच

अनाहूत : प्रविशति अपृष्टो बहु भाषते !
अविश्वस्ते विश्वसिति मूढचेता नराधम : !!

किसी जगह पर बिना बुलाए चले जाना, बिना पूछे बहुत अधिक बोलते रहना, जिस चीज या व्यक्ति पर विश्वास नहीं करना चाहिए उस पर विश्वास करना मुर्ख लोगो के लक्षण होते है।

## संपादकीय

# बदले समीकरण

बिहार में कई दिनों से जारी राजनीतिक उथल-पुथल थम गई है। राज्य में सत्ता का समीकरण एक बार फिर बदल गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आरजेडी से अलग होने का फैसला कर भारतीय जनता पार्टी के साथ सरकार बना ली है। रविवार को नीतीश कुमार ने जबरदस्त सियासी घमासान के बाद नौवीं बार राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। नीतीश ने पिछले दशक में चौथा और इस कार्यकाल में दूसरा पलटमार कदम उठाया है। वास्तव में राजनीति में कुछ भी स्थायी नहीं होता है। नीतीश के इस कदम से राज्य में महागठबंधन के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी गुट को भी गहरा झटका लगेगा। घटनाक्रम का समय बड़ा महत्वपूर्ण है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा बिहार में प्रवेश कर रही है और कांग्रेस ने सत्तारूढ़ गठबंधन के सभी सदस्यों के साथ शक्ति प्रदर्शन की योजना बनाई है। नीतीश का यह कदम विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन के लिए बड़ा झटका है। विपक्षी दलों के बीच गठबंधन करके ज्यादा से ज्यादा सीटों पर एनडीए के खिलाफ साझा प्रत्याशी खड़ा करने का पूरा प्रयास नीतीश कुमार की ही पहल पर शुरू हुआ था।

ऐसे में उनके जाने के बाद यह प्रकिया किस तरह से और कितनी आगे बढ़ेगी, इस पर सवाल खड़ा हो गया है। जाहिर है, आगे घटनाएं चाहें जैसा भी मोड़ लें, इतना तय है कि इंडिया को अपनी विश्वसनीयता की नई परीक्षाओं से गुजरना होगा। राष्ट्रीय महत्वाकांक्षाएं पूरी करने की चाह में पिछले साल की शुरुआत में नीतीश ने विभिन्न भाजपा विरोधी पार्टियों को एक मंच पर लाने के प्रयास में , देश का दौरा करना शुरू किया। ममता बनर्जी और उद्धव ठाकरे जैसे नेताओं से मुलाकात की। उनके प्रयासों का फल इंडिया गठबंधन के रूप में मिला। नीतीश को विपक्षी गठबंधन के वास्तुकार के रूप में देखा गया । जिस बात से इंडिया के नेता हतप्रभ हैं, वह है बिहार के मुख्यमंत्री का उन लोगों के साथ शामिल होने का अचानक लिया गया निर्णय, जिनके खिलाफ वह युद्ध छेड़ने की तैयारी कर रहे थे। नीतीश गठबंधन के उन पारित प्रस्तावों के हस्ताक्षरकर्ता थे, जिसमें कहा गया था कि केंद्र सरकार लोकतंत्र के लिए खतरा है और विपक्षी गठबंधन देश बचाने के लिए लड़ रहा है। हालांकि नीतीश कुमार ने पहले भी अपने अवसरवादी निर्णयों से राजद और भाजपा को झटके दिए हैं, लेकिन भाजपा को गले लगाने की उनकी ताजा रणनीति आगामी आम चुनाव से पहले विपक्ष के राजनीतिक गणित को गड़बड़ करने की क्षमता रखती है।

# देवकुलों के बारे में हमारा ज्ञान और इंडोलॉजिस्ट्स का श्रम



रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

मंदिरों की अनेक श्रेणियों को देखकर देवकुलों की समाज पर विशालता और असर का आभास होता है। इसकी पैठ गहरी है। देवप्रासादों में एक देव-देवी या देवकुल को एक निश्चित और विशिष्ट स्थान (स्थल नहीं) क्यों दिया गया इसके बारे में जानने को शायद ही कभी हम उत्सुक हुए दीखते हैं; बस जो चल रहा है उसे स्वीकार करते हैं, जीवन भर देखते चले जाते हैं और दर्शन के बाद मंदिर परिसर से बाहर हो लेते हैं।

अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की घटना ने मुझे यह सोचने को मजबूर किया कि हिंदुओं के देव-देवियों के बारे में 99 प्रतिशत तक मैं कुछ खास नहीं जानता। अन्य सामान्य लोग अपनी जांच इस बारे खुद कर लें। इसका बड़ा कारण संभवतः संस्कृत भाषा के पठन-पाठन के बारे में मेरी कमजोरी है। मैंने संस्कृत भाषा और व्याकरण सिर्फ ग्यारहवीं जमात तक पढ़ी है और ठेठ या उच्च स्तर की वैसी संस्कृत बांचने और पाठ का अर्थ समझने में अक्षम हूं जैसी ऋग्वेद में है। एक भी ऋचा का अर्थ नहीं कर पाता, यूं अपने मन में यह ख्याल जरूर रखता हूं कि शायद समझ गया हूं। हम जिस तरह की शिक्षा प्रणाली से दीक्षा पाकर निकलते हैं उसमें भारतीय भाषाओं में हमारे सांस्कृतिक महत्व के पाठ और स्मृतियों के पठन-पाठन की कोई सामान्य-सी योजना भी नहीं है। विभाग विशेष अर्थात, संस्कृत महाविद्यालयों और सामान्य विश्व-विद्यालयों के, संस्कृत विभागों के आम सिलेबस से मैं अधिक वाकिफ नहीं बस इम्प्रैशन भर है कि शायद इनमें एमए पाठ्यक्रम में ये सब सामान्य तरीके से पढ़ाए जाते हैं।

हिंदू देवकुलों का अध्ययन एक खास किस्म का तजुर्बा है और जिससे आधार पर हम अपने अराध्यों और मार्गदर्शकों के निजी जीवन के कुछ पक्ष और बौद्धिक कृतियों के बारे में और इन द्वारा बताए गए जीवन दर्शन के गहन पहलुओं और अपने हिंदू समाज की दिनचर्या ही नहीं जीवन के गहराइयों को शायद समझ पाएं। हम अपने आसपास या दूरस्थ देवस्थलों और देवालयों में हिंदू देव, देवियों को चित्र, चित्रार्द्ध और चित्रभाषा में अनेक रूप में देखने के अभयस्त हैं लेकिन शायद ही हिंदू देवकुलों के विस्तार और इनकी श्रेणियों से परिचय पाने की जिज्ञासा रखते हैं। बस, सुनने से जो नाम मन पर चढ़ गए वे ही याद हैं। हिंदुओं के अलावा ग्रीक और रोमन देव-देवियों की भी लंबी फेहरिस्त है और हम यदा-कदा इनके नामों से भी प्रसंगवश परिचित होते रहे हैं जैसे कि अपोलो, जुपिटर, मार्स, मरकरी पुरुष देव हैं और वेस्ता, जूनो, मिनर्वा, देवियां हैं। भारत में देवकुलों की सूची में 500 नाम तो हैं ही। प्रत्येक देव-देवी के लिए पूजा, अर्चना के विधान और देवस्थान तय हैं। मुझे यह जानकर आश्चर्य होता है कि भारतीय धर्म-संस्कृति के ग्रंथाचार्यों ने कितनी मेहनत से यह सब किया होगा और इसका प्रयोजन क्या रहा होगा जिससे मैं तो अधिकांश अपरिचित ही हूं! भारत में एक बिलकुल ही निराले धर्म-दर्शन की सुदीर्घ परंपरा विकसित रही है जिसमें विस्तार हुआ और वैष्णवों, शैव, शाक्त और जैनियों के अलावा अनेक और समुदायों की उत्पत्ति हुई। इनका निकास आदि-शिव साधकों और वैष्णवों ने किया जैसे कि निम्बार्काचार्य, माधवाचार्य, दादू, श्री वल्लभ, चरनदास, चैतन्य, स्वामीनारायण, रामनुज और पंथ संस्थापकों जैसे कि गुरुनानक, रामदेव ने 70 से अधिक हिंदू धार्मिक संप्रदायों और अनेक पंथों ने एक प्रमुख गुरु और संत को अपनाया। इनके बारे में विस्तृत सूची और ब्यौरा सन 1896 में जोगेंद्रनाथ भट्टाचार्य ने 'हिंदू कास्ट्स एंड सेक्ट्स' पुस्तक में दिया है। इससे पहले प्रोफेसर वीपी जोहरापुरकर ने सन 1958 में प्रकाशित पुस्तक में भट्टारक जैन समुदाय के बारे विस्तार से लिखा है। इनसे भी पहले होरेस हेमन ने 1861 में 'ए स्केच ऑफ़ द रिलीजियस सेक्ट्स ऑफ़ द हिंदूज' में 50 से अधिक धार्मिक संप्रदायों के बारे में जानकारी दी थी। मंदिरों की अनेक श्रेणियों को देखकर देवकुलों की समाज पर विशालता और असर का आभास होता है। इसकी पैठ गहरी है। देवप्रासादों में एक देव-देवी या देवकुल को एक निश्चित और विशिष्ट स्थान (स्थल नहीं) क्यों दिया गया इसके बारे में जानने को शायद ही कभी हम उत्सुक हुए दीखते हैं; बस जो चल रहा है उसे स्वीकार करते हैं, जीवन भर देखते चले जाते हैं और दर्शन के बाद मंदिर परिसर से बाहर हो लेते हैं। बाद में सामान्य तरीके से जीवन यापन में लग जाते हैं। देव-देवियों की प्रतिमाओं के शिल्प के बारे में, उनके कक्ष और श्रृंगार और निर्धारित अर्चना शैली के अलावा शिल्पियों की विद्या और प्रतिमा-मान एवं बहुत सी तकनीकी बातों की खोज नहीं करते जबकि भारतीय विद्यावृत्त में इनके बारे में विस्तार से जानकारी मौजूद है। मैं भी नहीं पढ़ पाया हूं इसलिए किसी तरह की डींग हांकने की जुर्रत नहीं कर रहा हूं। यह जानकर मुझे भी आश्चर्य होता है कि भारत अध्येताओं में अंग्रेज़ स्कॉलर्स ने-चाहे किसी भी प्रयोजन और नीयत से, भारतीय हिंदू देवकुलों का अध्ययन करके सन 1810 में ही किताब लिख दी थी। जैसाकि ब्रिटिश सोल्जर और बाद में भारत अध्येता बने एडवर्ड मूर ने लिखी और प्रकाशित की थी। एडवर्ड मूर, भारत में आर्मी ऑफ़ द ईस्ट इंडिया कंपनी में सन 1782 में एक कैडेट अफसर के रूप में भर्ती हुए थे और सन 1796 में कैप्टेन थे। भारत में रहते हुए इन्हें सन 1806 में रॉयल सोसाइटी ऑफ़ इंग्लैंड का फेलो बनाया गया। मूर ने सन 1810 में 'द हिंदू पेन्थियन' के अलावा 1811 में 'हिंदू इन्फंटिसाईड' अर्थात बालहत्या और, सन 1834 में 'ओरिएण्टल फ्रैगमेन्ट्स' किताबें भी लिखी हैं।

> मुझे अब महसूस हो रहा है कि पढ़ाई चाहे कैसी भी हो, भारत के मूल निवासी होने के नाते हिंदू देवकुलों के बारे में कॉलेज स्तर पर ही हमें जानकारी दी जानी चाहिए थी। यह जानकारी हमें टूरिस्ट लिटरेचर या कोर्स की किताबों से मिलने से रही। जाहिर है, ऐसे में बनावटी तौर से ही यह कहलवाना कि 'हमें भारतीय होने पर गर्व है' मुझे जंचता नहीं हैं।

वे सन 1848 में सिधार गए। इसके अलावा भी इंडोलॉजिस्ट्स ने बहुत कुछ और लिखा है जैसे कि कई खंडों में 'द सेक्रेड बुक्स ऑफ़ द हिंदूज़' और 'रिलीजियस हिस्ट्री ऑफ़ द ओरिएंट', आदि। परंतु जैसा कि मुझे दामोदर धर्मानंद कोसाम्बी (डीडीके) की 'कंबाइंड मेथड्स इन इंडोलॉजी' के कुछ अध्याय पढ़कर महसूस हुआ कि विशेषी मूल के भारत अध्याताओं ने बेशक बहुत मेहनत की और इन प्रकाशनों के अध्ययन के साथ प्रस्तुत संदर्भ विशाल संख्या में दिए हैं, लेकिन इनमें से कुछ अध्ययनों में अपनाए गए मेथड और निष्कर्षों को आंख मूंद कर स्वीकार भी नहीं करना चाहिए। उदाहरण के लिए कोसाम्बी ने अपनी उक्त पुस्तक के 'डेवलपमेंट ऑफ़ द गोत्र सिस्टम्स' अध्याय में बताया है कैंब्रिज यूनिवर्सिटी के जॉन ब्रौ की पुस्तक 'द अर्ली ब्राह्मनिकल सिस्टम ऑफ़ गोत्र एंड प्रवर –'अ ट्रांसलेशन ऑफ़ द गोत्रप्रवर मंज़री' में लिखित जानकारी के इंटरप्रिटेशन की बाबत सही टिप्पणी नहीं की है। गोत्र प्रवर मंजरी के लेखक पुरुषोत्तम पंडित हैं। कोसाम्बी ने हमें सावधान किया है और कहा कि अगर मूल पाठ नहीं देखा और इसकी पूर्ण समझ नहीं तो किसी किस्म की ऐसी टिप्पणी जिससे भारतीय समाज और इसके ज्ञानाधार के क्रमिक विकास के बारे में कुछ कहना है तो संयम से कहें। अर्थ यह कि विदेशी इंडोलॉजिस्ट्स में शायद वह समझ कभी विकसित नहीं हुई जिसकी पृष्ठभूमि को ठेठ भारतीय ज्ञान पद्धति से ही समझा जा सकता है। इंटरप्रिटेशन में सिर्फ सूचना का ही महत्व नहीं बल्कि भारतीय दर्शन की उत्पत्ति, कबीलों की उत्पत्ति और नामकरण, जियोग्राफी, नर-नारी के स्थायी निवास और प्रवर की उत्पत्ति के अलावा भाषा और संवाद, ग्रामर का विकास और भारत की अंतर्सामाजिक गतिकी के अलावा वर्णक्रम और इसकी अनेक मर्यादाओं को समझना होता है, ऐसा कोसाम्बी का सावधान करने वाला संकेत है। वेद, उपनिषद, पुराण और बहुत सी अन्य हिंदू धर्म और दर्शन की भारतीय मनीषियों द्वारा लिखित प्राचीन किताबें इन्होंने पढ़ी होंगी, भारतीय देवकुल सिस्टम को समझा होगा और फिर सूची बनाकर सबके विवरण जमा किए होंगें, भारतीय पंडितों से समझा होगा और भारतीय हिंदू समाज में इनकी व्यापकता को जाना होगा। जाहिर है एक अंग्रेज के लिए इन्हें समझना कितना श्रमसाध्य और समग्र प्रयास रहा होगा।मुझे अब महसूस हो रहा है कि पढ़ाई चाहे कैसी भी हो, भारत के मूल निवासी होने के नाते हिंदू देवकुलों के बारे में कॉलेज स्तर पर ही हमें जानकारी दी जानी चाहिए थी।

यह जानकारी हमें टूरिस्ट लिटरेचर या कोर्स की किताबों से मिलने से रही। जाहिर है, ऐसे में बनावटी तौर से ही यह कहलवाना कि 'हमें भारतीय होने पर गर्व है' मुझे जंचता नहीं हैं। यह सब खुद को भ्रम में रखने जैसा निवारण प्रतीत होता है। तटस्थ भाव से उन लोगों की हमें प्रशंसा करनी चाहिए जिहोंनें अपनी भाषाओं अर्थात इंग्लिश, जर्मन, फ्रेंच, जापानी या मंडारिन में भारत को समझ कर किताबें लिखीं। जीवन के पहले 60-65 वर्षों में सांसारिक व्यस्तताओं से निपट कर अंतिम आश्रमावस्था के दौर में तो स्वाध्याय करके भारत को हम समझ ही सकते हैं अन्यथा टूरिस्ट बनकर मंदिरों के यूं ही ख्वामखाह चक्कर काटने से कुछ अधिक हासिल होने वाला नहीं है। इस समझ को भ्रमण से बढ़ाया जा सकता है। अंतिम दिनों में शांत होने के लिए इसे मैं अब जरूरी समझ रहा हूं।

## प्रसंगवश

# नीतीश : कितनी नावों में कितनी बार

> अब यह देखना दिलचस्प होगा कि कि नेता और विधायकों का आमेलन क्या संबंधित मतदाताओं का भी विलय करा पाएगा? जरूरी नहीं है। अभी तक भाजपा और नीतीश एक दूसरे को पानी पी पीकर कोस रहे थे; जनता सब देख सुन रही थी,अब एक दूसरे की तारीफ करेंगे और वोट मांगेंगे

'कितनी नावों में कितनी बार' वैसे तो अज्ञेय जी का एक काव्य संग्रह है,जिस पर प्रतिष्ठापूर्ण 'ज्ञानपीठ'पुरस्कार मिला था, किंतु यहां हम उसका जिक्र नहीं करने जा रहे हैं। यहां हमारा वर्ण्य विषय है बिहार के आठ बार मुख्यमंत्री रहे और फिर बनने जा रहे नीतीशकुमार की बहुशः पाला बदल राजनीति। उन्हें ज्ञानपीठ तो नहीं हां 'पलटू राम'का खिताब जरूर हासिल हुआ है और देने वाले कोई और नहीं, वही भाजपाई हैं, जिनसे मिलकर अब नवीन सत्ता सृजन सामने है। यह युग अब 'राज'का ही रह गया है,'नीति'गायब हो चुकी है। भाजपा भी,अपने को 'पार्टी विद डिफरेंस'यानी अन्यों से भिन्न प्रकृति और व्यवहार रखने वाली पार्टी कहा करती रही है,अब सब की ही तरह होकर रह गई है। राजनीति अब केवल एक नाम भर रह गया है,कुर्सी ही सब कुछ है। ये नीतीशकुमार ने लालू यादव के भ्रष्ट और कुशासन के विरुद्ध समता पार्टी बनाने में आगे आगे रहे; लेकिन उनके साथ मिलकर खूब सरकारें बनाईं। अपने वरिष्ठ जार्ज फर्नाडीज़ के साथ कृतघन्नता की और उन्हें 2007 में टके का तीन करने में संकोच नहीं किया। पिछला विधानसभा चुनाव ये लड़े तो भाजपा से मिलकर थे, और सरकार भी बनाई; किंतु बहुत जल्द उससे ऊब गये और सुविधावादी दृष्टिकोण अपनाते हुए लालू यादव के राजद से हाथ मिला लिया। उनके नवीं फेल पुत्र तेजस्वी को उपमुख्यमंत्री पद पर आसीन करते हुए सरकार बना ली। जिनकी शासनावधि को जंगलराज कहा करते थे, गले लगा लिया। वर्तमान में भी इनके हृदय परिवर्तन का कारण कुर्सी ही है। लालू अपने बेटे तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाना चाहते थे; अतः नीतीश को सब्जबाग़ दिखाया कि 'आप अगले लोकसभा चुनाव में विपक्ष के पीएम फेस बनिये,मैं समर्थन करुंगा और बिहार तेजस्वी को दीजिए'। नीतीश यह महत्वाकांक्षा पाल बैठे कि वे विपक्ष के पीएम कैंडीडेट हो सकते हैं। इस क्रम में उन्होंने दौड़भाग शुरू की और विपक्ष के 'इंडिया'नामक गठबंधन ने आकार ले गया। हालांकि गठबंधन ने इन्हें भाव तो कभी नहीं दिया किंतु कुछ झटकों के बावजूद ये भ्रम पाले रहे कि शायद अब पीएम प्रत्याशी घोषित हो जाएं। अंततः जब कांग्रेस के मल्लिकार्जुन खरगे इस गठबंधन के अध्यक्ष चुन लिए गए, तब नीतीश की आशाओं पर तुषारापात हो गया। वे समझ गए कि यदि किसी तरह सत्ता विपक्ष के हाथ आ भी गई, तो पीएम कांग्रेस का ही होगा; उनका अपना कोई चांस नहीं। ऐसे में वे फिर भाजपा की ओर मुड़े और एनडीए का दामन थाम लिया। समझौते के अनुसार वे भाजपा की मदद से निर्बाध सीएम तो रहेंगे किंतु लोकसभा सीटें भाजपा को ज्यादा देनी पड़ेगी। भाजपा ने भी नैतिकता किनारे रखकर इनसे हाथ इसलिए मिलाया है,क्योंकि उन्हें लोकसभा चुनावी वैतरणी पार करनी है। भाजपाई नेतृत्व जानता हे कि केवल 'रामभरोसे'काम नहीं चलेगा। यह भावनात्मक मुद्दा मात्र है; हो सकता है कि चुनाव तक भक्ति-जोश कम हो जाय और जाति या कुछ नई बातें पैदा हो जाएं, तो बेमेल गठबंधन भी कर लिए जाएं; सिद्धांत कौन पूछता है। जिन सुशील मोदी को नीतीश-मित्र मानकर बिहार की राजनीति से हटाया गया था,अब फिर भाव दिया जा रहा है।'जब आग लगी जलने,खैरात लगी बटने'कहावत में शब्दों का थोड़ा हेरफेर करना पड़ा। जरूरी था।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

अब यह देखना दिलचस्प होगा कि कि नेता और विधायकों का आमेलन क्या संबंधित मतदाताओं का भी विलय करा पाएगा? जरूरी नहीं है। अभी तक भाजपा और नीतीश एक दूसरे को पानी पी पीकर कोस रहे थे; जनता सब देख सुन रही थी,अब एक दूसरे की तारीफ करेंगे और वोट मांगेंगे! तब जनता इन मुखौटा बदलने वालों को क्या कहेगी और इनकी बात को कितना वजन देगी,यह भविष्य के अंधेरे में है।

# आधुनिकता के दौर में शर्मसार होती मानवता



सोनम लववंशी
स्वतंत्र लेखिका

> इस संसार में मां से बड़ा कोई नहीं होता। मां के आगे दुनिया की सारी धन दौलत बेकार है। माता-पिता भी अपनी औलाद की बेहतरी के लिए अपने जीवन की सारी खुशियां कुर्बान कर डालते हैं?

वर्तमान दौर में लोग रिश्तों की मर्यादा को भूलकर धन संपत्ति को तवज्जों देने में लगे हैं। आज का सबसे बड़ा सच यही है कि 'बाप-बड़ा ना भैय्या, सबसे बड़ा रुपैया'। धन दौलत के लिए संतान अपने माता-पिता से भी मुंह मोड़ रही हैं। जो मां बाप अपने बच्चों के लिए दिन-रात मेहनत करके सम्पति जमा करते हैं। लेकिन उसी सम्पति के लिए जब बच्चे अपनी मां की चिता का दाह संस्कार रुकवा दे तो ऐसी धन दौलत का क्या फ़ायदा? बीते दिनों मानवता को शर्मसार कर देने वाली एक घटना मथुरा के मसानी स्थित श्मशान घाट में देखी गई। जहां 85 वर्षीय महिला पुष्पा की मौत के बाद उसकी तीनों बेटियों के बीच जमीनी हक को लेकर लड़ाई शुरू हो गई और कई घंटे तक महिला का अंतिम संस्कार रुका रहा। सोचिए! उस मां की रूह पर क्या बीती होगी जब वह अपने ज़िगर के टुकड़ों को खुद से बढक़र जमीन जायजाद के लिए लड़ते देख रही होगी।

कहने को तो मां बेटी का रिश्ता दुनिया का सबसे खूबसूरत रिश्ता होता है। एक बेटी अपनी मां के हर दुःख तकलीफ़ को समझती है। लेकिन जब वही बेटियां धन दौलत के लालच में अंधी होकर अपनी मां की ही अंतिम विदाई की रस्म को रुकवा दे तो फिर क्या ही कहा जाए। वैसे तो अपने प्रियजन की मृत्यु किसी भी परिवार के लिए अविश्वसनीय रूप से दुखद और कठिन समय होता है। परिवार के सदस्य मृतक देह की अंतिम "विदाई" को पूरे सम्मान के साथ करते हैं। लेकिन बीते दिनों एक मां अपनी ही चिता के दाह संस्कार को तरसती रही। पुष्पा की तीन बेटियां हैं। लेकिन मां की मौत होते ही बेटियों में जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद छिड़ गया। श्मशान घाट पर मां का शव रखा रहा और बेटियां लड़ती रहीं। जब तक मामले का निपटारा नहीं हो गया तब तक शव को मुखाग्नि नहीं दी जा सकी। करीब 8 से 9 घंटे मां का शव चिता पर रखा रहा। यहां तक कि श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार की विधि संपन्न कराने आए पंडित भी घाट से लौट गए। कई घंटे तक श्मशान घाट पर बेटियों का ड्रामा चलता रहा। पुलिस ने स्टाम्प लाकर जमीन का लिखित बंटवारा कराया तब कहीं जाकर अंतिम संस्कार पूरा हो सका।

इस संसार में मां से बड़ा कोई नहीं होता। मां के आगे दुनिया की सारी धन दौलत बेकार है। माता-पिता भी अपनी औलाद की बेहतरी के लिए अपने जीवन की सारी खुशियां कुर्बान कर डालते हैं? बस इस उम्मीद में की बच्चे उनके बुढ़ापे का सहारा बनेंगे। लेकिन आधुनिकता के इस दौर में ये परंपरा भी बदलती जा रही है। परिवार बिखरते जा रहे हैं। रिश्तों की डोर कमजोर हो रही है। पर आज भी माता-पिता का अपने बच्चों के प्रति प्रेम नहीं बदला है। श्मशान घाट जिसे मोक्ष धाम भी कहा जाता है, लेकिन एक मां की देह बेटियों की दौलत की लालसा में मोक्ष के लिए तरसती रहे। सोचिए जिन बहनों का जीवन बसाने के लिए एक मां ने उम्र भर कितने जतन किए होंगे। ख़ुद की खुशियां त्याग कर अपने बच्चों की जरूरत को पूरा किया होगा। पर इस निर्मोही समाज में रिश्तों का मर्म पत्थर हो गया है। ये घटना तो सिर्फ एक बानगी भर है। आए दिन निर्दयी समाज में ऐसे किस्से आम हो चले हैं।

बुजुर्गों की समस्या को देखते हुए सरकार उन्हें 'मरते दम तक' कीमती बनाए रखने का लाख जतन कर लें। लेकिन जब बुजुर्ग मां बाप को अपने बच्चों के सहारे की ज़रूरत हो तो सरकार कैसे उसकी औलाद को रिश्ता निभाना सिखाए? ये सवाल अहम हो जाता है। उत्तर प्रदेश सरकार माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण एवं कल्याण नियमावली 2014 में संशोधन करने जा रही है। इस संशोधन में न सिर्फ बुजुर्ग माता-पिता के बच्चों, बल्कि रिश्तेदारों को जोड़ा जा रहा है। जो बच्चे अपने माता पिता को प्रताड़ित कर या उनका ख़्याल न रखें उन्हें संपत्ति से बेदख़ल करने का प्रावधान किया गया है। साल 2017 में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को माता-पिता और वरिष्ठ नागरिक गुजारा भत्ता एवं कल्याण कानून, 2007 के प्रावधानों को तीन माह के भीतर लागू करने का निर्देश दिया था। यह कानून राज्य सरकार को वरिष्ठ नागरिकों को गुजारा खर्च, चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने की व्यवस्था करने और वरिष्ठ नागरिकों के जीवन की रक्षा करने की सहूलियत प्रदान करता है। सरकार सीनियर सिटीजन के अधिकार को सुरक्षित कर रही है। बावजूद इसके आए दिन समाज में ऐसी अनगिनत कहानियां उजागर हो रही है। कहीं बच्चों के होते हुए भी बूढ़े मां बाप वृद्धावस्था में अपना जीवन गुज़र रहे है। तो कहीं घर के ही किसी कोने में घुटन भरी ज़िंदगी जी रहें हैं। बच्चे अपनी जवानी के नशे में भूल गए है कि कल उनका भी बुढ़ापा आएगा।

## सोशल फोरम

# विकसित भारत



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

मेरे एक दूर के रिश्तेदार हैं। स्वभाविक है कि सिख ही होंगे। तो अधिकतर सिखों के समान उनकी भी एक ही लालसा है....विदेश जाने की। अब पुश्तैनी पैसा हो और विदेशों में अपने सगे संबंदी हो तो विदेश जाना क्या मुश्किल। आखिर पहुंच गए विदेश उनके पास।

लेकिन कुछ महीनों के बाद ही वो वापिस चले आए। मुझे मिले तो थोड़े निराश से थे। शायद कोई ख्वाब टूटने का दर्द था। कहने लगे......विदेश से बढ़िया तो अपना भारत है। वहां तो किसी को फुरसत ही नही। गधे की तरह सप्ताह के पांच दिन काम करते हैं। और फिर दो दिन अपने घर का काम संवारते हैं। वहां तो सारा काम भी खुद ही करना पड़ता है। एक नौकर तक आदमी रख नही सकता।

इससे बढ़िया तो हमारा भारत है। जहां झाड़ू पोछा, चौका बर्तन से लेकर कपड़े धोने तक सब के लिए नौकर रख लो। अब हमारे घर मे ही देखो तीन तीन बाई आकर घर का सब काम करती हैं। घर की औरतों को असली मजा तो यहां है। वहां तो उन्हें भी काम पर जाना पड़ता है और सारा दिन जी तोड़ खटना पड़ता है। मैंने उससे कहा कि जिस बात पर तुम गर्व कर रहे हो , वास्तव में वो हमारे लिए शर्म की बात होनी चाहिए। काम के लिए तीन तीन बाई रख लेना कोई बहादुरी की बात नही, बल्कि इस बात का द्योतक है कि गरीबी यहां इस हद तक है कि 1000, 1500 रुपये में तुम इनसे घर का काम ले पा रहे हो। ये उदाहरण है कि कैसे करोड़ों असंगठित मजदूर वर्ग के लोगों का शोषण हो रहा है। इनके लिए कोई काम के घंटे नही। कोई छुट्टी भी नही। पीएफ, ग्रेटयूटी, मेडिकल सुविधा तो छोड़ दीजिए। कायदे से भारत तभी विकसित कहला सकता है जब तुम्हारे घर की स्त्रियों को सारे काम खुद ही करने पड़ें, जब तुम एक काम वाली बाई की तनख्वाह भी ना दे पाओ। जब काम वाली तुम्हारी बाई भी अपने दोपहिया पे तुम्हारे घर काम करने आए। और किसी रेस्तरां में वो तुम्हारे बगल में बैठ कर ही खाती मिले।मेरे मित्र मुझसे बहुत नाराज हैं, शायद इतना विकसित भारत उन्हें नहीं चाहिए।

-फेसबुक वॉल से

# मौसम के दांव-पेच



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

> इससे ज्यादा गंभीर और क्या होगा कि उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश की पहाड़ियों जो इन दिनों बर्फ से लकदक होती थीं वहां आज आग लगने की घटनाएं हो रही हैं।

इस साल अभी तक बारिश या बर्फबारी का नामो निशान नहीं है। नवंबर और दिसंबर का महीना बिन बारिश ही बीत गया था। नए साल की शुरुआत ने भी निराश किया है। जनवरी का महीना जाने को है लेकिन सूखा ही सूखा है। पूरे उत्तर भारत को कोहरे ने आगोश में लिया है। रेल और हवाई सेवाओं पर इसका असर साफ दिखाई दे रहा है। कई ट्रेन और फ्लाइट्स कैंसिल हो रही हैं। दिल्ली में दृश्यता इतनी कम है कि जयपुर में लैंडिंग करवाने के कई मामले आए हैं।

लगभग एक महीने से धुंध का प्रकोप है जो पर्यावरण के लिए हानिकारक साबित हो रही है क्योंकि हवा में फैले अवांछित तत्व हमारी सांसों में घुलकर लगातार नुकसान पहुंचा रहे हैं। शीत लहर और कोहरे ने सर्दी जुकाम, सांस के रोगियों और जोड़ों के की तकलीफों को तो बढ़ाया ही है, साथ ही एक सामान्य व्यक्ति को भी अवसाद से घेर लिया है। सूखी ठंड स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक भी मानी जाती है।

खेत खलिहानों पर भी सूखे का असर साफ़ दिख रहा है। यह रबी की फसल का मौसम है। गेहूं की फसल बर्बाद होने के कगार पर है। अनाज और फलों के उत्पादन में 50 से 60 प्रतिशत की गिरावट बताई जा रही है। बारिश की कोई उम्मीद नहीं बन पा रही है। अगर यही हालत रही तो अन्न संकट गहरा सकता है। अर्थशास्त्र का नियम कहता है कि मांग और आपूर्ति में अगर असंतुलन हो जाए तो दाम बढ़ने तय हैं। सेव ठंडी जलवायु में उगने वाला फल है लेकिन बर्फबारी के अभाव के कारण इसे पकाने के लिए समुचित वातावरण नहीं मिल पा रहा है। पानी की कमी से गेहूं की फसल को पीला रतुवा रोग यानि फंगस लग गया है। जिससे कुल उत्पादन के 20 प्रतिशत के नुकसान का अनुमान बताए जा रहा है। अगर आने वाले समय में बारिश नहीं होती है तो इस प्रतिशत में वृद्धि हो सकती है।फिलहाल बाजार में सब्ज़ी और फलों के दामों में भारी वृद्धि देखी जा रही है। जिससे बिचौलियों को छोड़कर किसानों और ग्राहकों दोनों को ही नुकसान है। नदियों और ताल तलैयों में भी इसका असर साफ दिखाई दे रहा है।

नैनी झील का स्तर लगातार घटता जा रहा है। एक तो वर्षा का न होना और ऊपर से जल दोहन। परिणामस्वरूप नैनी झील का जलस्तर 12 फीट से घटकर 7 फीट के लगभग आ गया है। जो निसंदेह चिंता जनक है। अभी बीते दिनों उधम सिंह नगर जिले में स्थित काशीपुर शहर की यात्रा पर जाना हुआ। बचपन में वहां जो ताल पानी से लबालब देखे थे, जिनमें कमल और दूसरे जलीय पौधों की भरमार रहती थी, आज सूख चुके हैं। कोई आश्चर्य नहीं कि अगर आने वाले समय में नैनी झील भी इस हालत में पहुंच जाय तो। हालांकि भूमिगत श्रोतों से इस झील को पानी मिलता रहता है लेकिन वर्तमान में इसका प्रतिशत बारिश से मिलने वाले पानी की तुलना में कम है। एक समय था जब नैनीताल में जनवरी तक कई बार बर्फवारी हो चुकी होती थी लेकिन जलवायु परिवर्तन के इस दौर में कई अपवाद देखने को मिल रहे हैं। शहर के आसपास पाए जाने वाले कई चिन्हित जल स्रोतों की संख्या भी अब धीरे-धीरे घट रही है। सूखाताल क्षेत्र में हालात बुरे हैं। अंधाधुंध कंक्रीट के जंगल खड़े करने से पानी के लिए जमीन के अंदर से रास्ता बनाना मुश्किल हो गया है। यही हाल भीमताल और आसपास के क्षेत्रों की झीलों का भी है। हिल सिटी नैनीताल जो ठंड के लिए मशहूर है, जनवरी के महीने में भी दोपहर में गर्मी का एहसास दिलाता है तो यह विचारणीय है। विंटर गेम्स के लिए प्रसिद्ध औली भी इस बार बर्फबारी का इंतजार कर रहा है।

इससे ज्यादा गंभीर और क्या होगा कि उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश की पहाड़ियों जो इन दिनों बर्फ से लकदक होती थीं, वहां आज आग लगने की घटनाएं हो रही हैं। आंकड़े बताते हैं कि हिमाचल प्रदेश में अक्टूबर 23 से जनवरी 24 के बीच 2000 से अधिक आग लगने की घटनाएं रिकॉर्ड की गई। जो पिछले साल की अपेक्षा सात गुना अधिक हैं। इन घटनाओं ने वन भूमि को काफी नुकसान पहुंचाया है।

उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में जंगलों में 600 से अधिक आग लगने की घटनाएं अभी तक हो चुकी हैं, जिनमें से अल्मोड़ा और चंपावत के जंगल प्रमुख हैं।अल्मोड़ा जिले के 11 हेक्टेयर से अधिक जंगल अभी तक आग की भेंट चढ़ चुके हैं। वन पंचायत के जंगल भी आग की गिरफ्त में हैं। लाखों रुपए की सम्पत्ति का नुकसान हुआ है। साथ में, धुएं से स्थानीय लोगों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जम्मू कश्मीर, अरुणाचल प्रदेश आदि राज्यों में भी जंगलों में सूखी पत्तियों का ढेर जमा होने से कोई भी छोटी सी चिंगारी आग भड़काने का काम कर रही है। हिमालय की तलहटी पर बसे जम्मू कश्मीर-लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बारिश और बर्फबारी का न होना इन राज्यों के लिए ही चिंता का विषय नहीं है बल्कि दूसरे राज्य भी इससे प्रभावित होने तय हैं। मौसम विभाग की जानकारी के मुताबिक उत्तर भारत में पड़ती इस भीषण सर्दी और कोहरे के लिए मुख्य रूप से उत्तर-पश्चिम भारत में किसी भी पश्चिमी विक्षोभ का सक्रिय न होना है।

फागुन का महीना आते ही आयो नवल बसंत जैसे गीतों से मधुमास का स्वागत होने लगता था। मगर इस बार सुना है कि बसंत नहीं आएगा। सामान्यतः मार्च के महीने यानि होली तक हल्की ठंड रहती थी लेकिन वैज्ञानिकों की चेतावनी है कि इस बार जाड़े के मौसम में कमी आएगी और फरवरी मध्य से अचानक तापमान बढ़ने लगेगा, जिससे बसंत ऋतु वाला मौसम गायब हो जाएगा।

## एक नजर

### हजरत अली के जन्म दिवस पर बांटा कंबल

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** रविवार को ग्राम पंचायत लौहर दक्षिण में प्रधान रियाज फातमा की तरफ से प्रधान प्रतिनिधि मास्टर शकील अहमद ने हजरत अली अलै. के जन्मदिवस के अवसर पर 250 जरूरतमंदों को कंबल बांटा। मौके पर मोहम्मद असगर, जीशान हुसैन, अकील अहमद, मोहम्मद कलीम, मोहम्मद अजीज आदि मौजूद रहे।

### आजाद समाज सेवा समिति का वार्षिकोत्सव कल

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** अमर शहीद खुदीराम बोस की स्मृति व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर आजाद समाज सेवा समिति अपना 28वां वार्षिकोत्सव 30 जनवरी को तिकोनिया पार्क में मना रहा है। जिलाध्यक्ष अशोक सिंह ने बताया कि मुख्य अतिथि प्रधान संपादक बृजेश मिश्रा, विशिष्ट अतिथि दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री गोपाल राय, मुख्य वक्ता रघु ठाकुर होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिले के वरिष्ठ समाजसेवी करतार केशव यादव करेंगे।

### युवा सेवा दल ने जरूरतमंदों को दिया कंबल

**धम्मौर, सुलतानपुर, अमृत विचार।** बढ़ती हुई ठंड के प्रकोप को देखते हुए रविवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार के युवा सेवा दल टीम के प्रमुख आशीष अग्रहरि के निर्देशन में डा अमित सिंह व टीम के साथी प्रखर सिंह, मृत्युंजय सिंह, प्रमोद सिंह के द्वारा विकास खण्ड दूबेपुर के दिखौली,लौहर दक्षिण,भांई,इटहवा, टिकरिया, अमेठा सहित कई गांवों में घर घर जाकर असहाय व जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग सेवा प्रमुख दयाराम चौरसिया, सत्यप्रकाश मिश्र, कृष्ण कुमार गुप्ता, धर्मेंद्र सिंह,राम मूरत आदि लोग मौजूद रहे।

# पांच जोनल और 22 सेक्टर मजिस्ट्रेट कराएंगे बोर्ड परीक्षाएं

## 22 फरवरी से जिले में 122 परीक्षा केंद्रों पर होगी परीक्षा, एक व दो फरवरी को प्रशिक्षित किए जाएंगे केंद्र व्यवस्थापक, केंद्रों की विशेष निगरानी के दिए गए निर्देश

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाएं 22 फरवरी से शुरू हो रही है। इसको लेकर जिले को पांच जोन और 22 सेक्टर में बांटा गया है। हर जोन में एक जोनल मजिस्ट्रेट और 22 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। अतिसंवेदनशील व संवेदनशील परीक्षा केंद्रों की विशेष निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं।

उप्र बोर्ड परीक्षाओं के लिए इस बार 122 केंद्र निर्धारित किए गए हैं। हर परीक्षा केंद्र पर एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट को तैनात किया गया है। वहीं एक सेक्टर मजिस्ट्रेट को चार से पांच परीक्षा केंद्रों की जिम्मेदारी दी गई है। उनके क्षेत्र के विद्यालय में नकल होती पाई जाती है अथवा कोई शांति भंग या कोई अन्य घटना होने पर उन्हें जिम्मेदार माना जाएगा। स्टेटिक मजिस्ट्रेट अपनी निगरानी में प्रश्नपत्रों को खुलवाएंगे और वितरण कराएंगे। उत्तर पुस्तिकाओं को सील कराकर अपनी देखरेख में संकलन केंद्र तक पहुंचाने की जिम्मेदारी भी उन्हें दी गई है। जिले में पांच तहसील है। सभी तहसीलों को जोन में बांटा गया है। संबंधित एसडीएम को जोनल की जिम्मेदारी सौंपी गई है।



राजकीय इंटर कॉलेज सुलतानपुर को बनाया गया स्ट्रांग रूम। अमृत विचार

| कक्षा | बालक | बालिका | कुल |
|---|---|---|---|
| हाईस्कूल | 22356 | 20908 | 43264 |
| इंटरमीडिएट | 18562 | 18671 | 37233 |
| कुल | 40918 | 39579 | 80497 |

### एक व दो फरवरी को होगी ट्रेनिंग

परीक्षा प्रभारी जितेंद्र दुबे ने बताया कि समस्त राजकीय व अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय जो 2024 में केंद्र बनाए गए हैं, उनके केंद्र व्यवस्थापकों को एक फरवरी और समस्त वित्तविहीन विद्यालय जो 2024 में केंद्र बनाए गए हैं उनके केंद्र व्यवस्थापकों को दो फरवरी को प्रशिक्षण दिया जाएगा। संबंधित केंद्र व्यवस्थापकों को मास्टर ट्रेनर डीआईओएस कार्यालय के मीटिंग हाल में प्रशिक्षित करेंगे। सभी को प्रतिभाग करना अनिवार्य है। केंद्र व्यवस्थापक अपनी जगह दूसरे को नहीं भेज सकते हैं।

### छह सचल दस्ते रखेंगे नजर

नकल विहीन व सुचितापूर्ण बोर्ड परीक्षा कराने के लिए माध्यमिक शिक्षा महकमा पूरी कसरत कर रहा है। 22 फरवरी से बोर्ड की परीक्षाएं शुरू होंगी जो 9 मार्च तक चलेंगी। जिले में 122 केंद्र निर्धारित किए गए हैं। हर केंद्र पर स्ट्रांग रूम बन गए है और डबल लॉक वाली अलमारी की व्यवस्था है। केंद्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरे और वायस रिकार्डर क्रियाशील रखने की हिदायत दी गई है। वहीं, जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर ने जिला स्तरीय छह सचल दल बनाया है। इनमें पहले दल का नेतृत्व डीआईओएस रविशंकर खुद करेंगे।

### इन नंबरों पर की जा सकती है शिकायत

यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए किसी भी तरह की समस्या के निदान के लिए डीआईओएस कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाया गया है। कंट्रोल रूम का प्रभारी डीआईओएस के नंबर 9454457329, परीक्षा प्रभारी जीतेंद्र कुमार दूबे के नंबर 9454758550, विजय प्रकाश मौर्य प्रधानाचार्य जीआईसी केनौरा के नंबर 6394938699 और शेषमणि वर्मा प्रधानाचार्य, राजकीय हाईस्कूल महमूदपुर जंगल के नंबर 9415960080 पर बोर्ड परीक्षा से संबंधित किसी तरह की समस्या की शिकायत कर निदान पाया जा सकता है।

# सीएचसी के गार्ड पर किया जानलेवा हमला

लंभुआ, सुलतानपुर

▸▸ पुलिस ने दो आरोपियों पर केस दर्ज कर शुरू की जांच-पड़ताल

**अमृत विचार।** सीएचसी लंभुआ में ड्यूटी के दौरान सुरक्षा गार्ड पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। सुरक्षा गार्ड की तहरीर पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू की है।

लंभुआ सीएचसी में तैनात सुरक्षा गार्ड राम अनुज यादव ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के गोसाई का पुरवा निवासी महेश व पप्पू सुबह लगभग साढ़े नौ बजे आए और कहा सुनी करते हुए मारपीट करने लगे। सुरक्षा गार्ड राम अनुज यादव ने तत्काल लिखित रूप से सीएचसी अधीक्षक से शिकायत की। सीएचसी अधीक्षक डॉ राघवेंद्र ने तत्काल लिखित रूप से कोतवाली प्रभारी से शिकायत की। कोतवाली प्रभारी शिवाकांत त्रिपाठी ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। उधर, दोनों आरोपियों ने सुरक्षा गार्ड द्वारा लगाए गए आरोप को असत्य एवं निराधार बताया।

## अनियंत्रित होकर कार पलटी, सवार बचे

**गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार।** लखनऊ बलिया राजमार्ग पर राजापुर के पास तेज रफ्तार कार सड़क किनारे ईंट के ढेर से टकराकर सड़क किनारे पलट गई। गनीमत रही कार सवार हादसे में बाल-बाल बच गया। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र आयुबपुर निवासी विपिन कुमार वर्मा अपनी कार से शनिवार देर शाम को सुलतानपुर से घर को लौट रहे थे। रात करीब आठ बजे वह गोसाईंगंज थानाक्षेत्र लखनऊ बलिया राजमार्ग राजापुर के पास पहुंचा था कि कार सड़क किनारे रखी ईंट के ढेर में टकराने के बाद अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे के समय मौजूद लोगों ने चालक को कार से बाहर निकाला। हादसे में चालक बाल-बाल बच गया।

# चांदा में नर्सिंग होम संचालकों को नोटिस, हड़कंप

● झोलाछाप डॉक्टर के ओवर डोज दवा से बच्चे की मौत के बाद बड़ी कार्रवाई

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा के अंतर्गत कस्बा चांदा में बीते नौ जनवरी को मासूम की झोलाछाप चिकित्सक के ओवरडोज दवा के चलते हुई मौत के बाद महकमा सतर्क हो गया है। करीब 20 दिन बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा के अधीक्षक ने कस्बा स्थित दर्जन भर नर्सिंग होम संचालकों और डॉक्टरों को नोटिस थमाया है। तीन दिन के भीतर डिग्री, रजिस्ट्रेशन और नर्सिंग होम में काम करने वाले स्टाफ की योग्यता का विवरण मांगा है।

दर्जनों नर्सिंग होम संचालकों को कार्यवाही की पहले से भनक लग गई थी, जिससे वह मौके से फरार हो गए। नोटिस मिलते ही झोलाछाप डॉक्टरों में अफरा-तफरी मच गई है। क्षेत्र के बरनी गांव की सोनी निषाद बुखार से पीड़ित चार माह के मासूम को अमरावती बाल चिकित्सालय पट्टी रोड चांदा में दिखवाया था। आरोप है कि ओवर डोज दवा के कारण मासूम की मौत हो गई। बीते 12 जनवरी को अस्पताल को सीज कर दिया गया था। अस्पताल के कर्मचारी विजय कुमार को जेल भेजा गया। आरोपी झोलाछाप डॉ. विनोद निषाद अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पीपी कमैचा।

इस घटना के करीब 20 दिन बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी के आदेश पर अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा डॉ आरएस यादव ने कस्बा स्थित सहारा बाल चिकित्सालय, शिखा नर्सिंग होम, सोनी हॉस्पिटल के डा ओम प्रकाश यादव, आकाश दीप बाल चिकित्सालय के अलावा कादीपुर रोड़ डॉ. प्रजापति सहित लगभग एक दर्जन डॉक्टरों को नोटिस जारी किया है। कई चिकित्सकों को पहले से ही कार्यवाही की सूचना मिल गई थी, जिससे वे नोटिस पहुंचने के पहले ही अपनी क्लीनिक में ताला बंद कर दिया था। सीएचसी अधीक्षक डॉ. आरएस यादव ने बताया कि नर्सिंग होम संचालकों को नोटिस दी गई है। कुछ संचालक मौक़े से फरार हो गए थे। जिन्हें बाद में नोटिस तामील कराई जाएगी। अवैध नर्सिंग होम व क्लीनिक बंद कराया जाएगा।

# कुएं में गिरने से महिला की मौत

● लकड़ी तोड़ने के दौरान हुआ हादसा पुलिस ने शव पीएम को भेजा

मोतिगरपुर, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** लकड़ी का प्रबंध करने से घर से निकली महिला की कुएं में फिसलकर गिरने से डूबकर मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

मोतिगरपुर थाना क्षेत्र स्थित पदारथपुर अचली गांव निवासी कन्हैयालाल निषाद की पत्नी सरोजा निषाद (50) रविवार को घर से लकड़ी के प्रबंध के लिए निकली थी। गांव के बाहर गुरुदीन के खेत में स्थित कुएं के पास लकड़ी तोड़ने के प्रयास में फिसल कर कुएं में जा गिरी। जिससे पानी में डूबने से उनकी मौत हो गई। घटना के काफी देर बाद 12 वर्षीय बेटी प्रिया जब मां को ढूंढते हुए वहां पहुंची तो पानी में डूबा देख चीखने चिल्लाने लगी। शोर सुनकर आसपास के लोग बड़ी संख्या में वहां इकट्ठा हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से कुएं के अंदर की झाड़ियां को साफ कराकर छोटी रस्सी के सहारे चारपाई कुएं में डालकर अंदर से शव को निकाला गया। शव का पंचनामा कर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा। तहसीलदार जयसिंहपुर हृदयराम तिवारी ने बताया कि मृतका के अंतिम संस्कार की व्यवस्था कर दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट रिपोर्ट आने के बाद दैवीय आपदा के तहत पीड़ित परिवार को अहेतुक धनराशि दी जाएगी।


महिला की मौत की सूचना पर पहुंचे ग्रामीण व पुलिसकर्मी। अमृत विचार

# पुस्तक विमोचन के साथ किया प्रतिभाओं का सम्मान

▸▸ रुद्र नारी उत्थान सेवा समिति के तत्वावधान में हुआ आयोजन

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** रुद्र नारी उत्थान सेवा समिति के तत्वावधान में समिति की राष्ट्रीय अध्यक्ष जया सिंह के नेतृत्व में जीआईसी के स्वामी विवेकानन्द हाल में पुस्तक विमोचन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शशि निगम ने की। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष उषा सिंह रहीं।

रामराजी विद्या मंदिर की छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। साहित्यकार और कवियों में केशव प्रसाद सिंह, संजय कुमार सिंह एवं राजबहादुर राना आदि ने कविताएं पढ़ी। समिति की तरफ से सूरज विश्वास, अनिल कुमार, भोलू जहांगीर, कासिम, शुभम गौतम, शिव सागर विश्वकर्मा, वीर विक्रम सिंह, मो. साहिल, राम अवतार, राजकुमार शर्मा, सुधा सिंह एवं अर्शी को रुद्र सेवा रत्न सम्मान से तथा साहित्यकारों में सुनीता श्रीवास्तव, जितेन्द्र श्रीवास्तव, रोहित राय, केशव प्रसाद सिंह, संजय कुमार, राज बहादुर राना, अशोक कुमार आचार्य, बृजेश कुमार वर्मा, रमेश चन्द्र शर्मा नंदवंशी, अनिल कुमार वर्मा मधुर को राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर सम्मान दिया गया।

## आर्या का कबड्डी टीम में चयन

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** गनपत सहाय की बीपीएड विभाग की छात्रा आर्या श्रीवास्तव का चयन अंतर राज्य स्तरीय कबड्डी के प्रशिक्षण कैंप से हुआ है। छात्रा आर्या लंभुआ ब्लॉक के शिवगढ़ की निवासी हैं। इनके पिता राघवेंद्र श्रीवास्तव बीकापुर में सरकारी कार्मिक हैं। छात्रा आर्या कैम्प से चयनित होकर भटिंडा पंजाब विश्वविद्यालय में हो रहे आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी। जिले का नाम रोशन करने पर जिला कबड्डी एसोसिएशन सचिव महेश यादव, राजेश कनौजिया व कबड्डी कोच राजकुमार सरोज, रविंद्र शुक्ला, जिला ओलंपिक संघ के सचिव वेद प्रकाश चैंपियन, कोषाध्यक्ष मुनेन्द्र मिश्रा ने बधाई दी है।

## सार-संक्षेप



तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन पर बांटा गया प्रमाण पत्र।

### दिव्यांगों को शिक्षा देने वाले शिक्षकों को दी गई ट्रेनिंग

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** राम नेवाज शैक्षणिक अनुसंधान एवं पुनर्वास संस्थान अंकारीपुर अमहट में तीन दिवसीय सतत पुनर्वास कार्यक्रम का समापन रविवार को प्रदेश सचिव शारदा प्रसाद एडवोकेट व क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य हंसराज ने किया। सतत पुनर्वास कार्यक्रम में प्रदेश के 150 प्रतिभागी शिक्षकों को दिव्यांगता के क्षेत्र में हो रहे परिवर्तन के बारे में प्रशिक्षण दिया गया एवं दिव्यांग छात्रों को नई तकनीकी से शिक्षा कैसे दी जाए इसको लेकर प्रतिभागी शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के समापन के उपरांत संस्थान के अध्यक्ष राजीव कुमार ने आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्थान के पाठ्यक्रम समन्वयक राजशेखर सिंह, प्राचार्य रोहिताश्व कुमार, ऑफिस इंचार्ज सत्यम प्रशासनिक अधिकारी विजय शंकर तिवारी, राजकिशोर यादव सुधीर, दिग्विजय, आशुतोष, सुनील आदि मौजूद रहे।

### 15 लाख की लागत से बनी सड़क का लोकार्पण

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** रविवार को निराला नगर में देवतादीन यादव के मकान से रघुनंदन पांडेय बंशीधर मौर्य अग्रदीप अग्रहरि के मकान तक इंटरलॉकिंग सड़क नाली कबरिग का लोकार्पण नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने किया। सभासद शशि तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में पूजा पाठ के साथ लोकार्पण किया गया। सभासद पुत्र व समाजसेवी सुधीर तिवारी ने बताया कि इस मार्ग पर करीब 15 लाख रुपये पालिका द्वारा खर्च किया गया है। लंबे समय से वार्डवासी इस सड़क की मांग कर रहे थे। वार्ड वासी विनीत तिवारी, पुष्कर तिवारी, वीरभद्र सिंह, राजकुमार सिंह, गौरव श्रीवास्तव, दिनेश पांडेय, अंबर कश्यप, मनीष मिश्रा आदि रहे। वार्ड वासियों ने पालिकाध्यक्ष से पेयजल और मार्ग प्रकाश की मांग भी की।

### दो बाइकों की टक्कर में तीन लोग घायल

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार।** दो बाइक सवारों की आमने-सामने की टक्कर में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हुए। इनमें से एक लखनऊ रेफर किया गया है। घटना बल्दीराय थाना क्षेत्र के टेरी गांव के पास से गुजरी पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के पास मुसाफिरखाना-देवरा रोड की है। बताया जा रहा है कि संदीप (20) पुत्र राम लौट निवासी उपरी मजरे बीही निदुरा बल्दीराय से बहुरावां की तरफ जा रहा था। बहुरावां से बल्दीराय की ओर आ रहे थे। सनी जयसवाल पुत्र कमला जायसवाल निवासी बल्दीराय साथ में अहमद उल्ला पुत्र शमसुल निवासी आलामऊ की आमने-सामने टक्कर हो गई। जिससे संदीप को गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं शनि जयसवाल व अहमद उल्ला घायल हो गए। जिसमें गंभीर रूप से घायल संदीप को सुल्तानपुर से लखनऊ रेफर कर दिया गया। सनी जयसवाल व अहमद उल्ला को बल्दीराय से सुलतानपुर रेफर किया गया है।

### दहेज उत्पीड़न में ननद और सास पर मुकदमा दर्ज

**गोसाईंगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार।** गोसाईंगंज पुलिस ने विवाहिता की तहरीर पर ननद और सास पर मारपीट और दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। धम्मौर थाना क्षेत्र पलिया गांव निवासी पूजा पुत्री अगनू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि उसकी शादी चार वर्ष पहले गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के नकहा बड़ा निवासी रामकिशोर के साथ हुई थी। शादी के बाद से कम दहेज देने की बात को लेकर ससुराली जन आए दिन उसको प्रताड़ित करते थे। आरोप है कि एक दिन उसके पिता जब उसके ससुराल आए थे तो उसकी ननद किंजल, कल्पना और सास अनीता ने उसके साथ दहेज की मांग को लेकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने विवाहिता की तहरीर पर दो ननद और सास पर केस दर्जकर जांच शुरू कर दी है।

## केएनआई के अनुशास्ता मंडल ने किया श्रमदान

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** कमला नेहरू संस्थान के मुख्य परिसर में रविवार को साफ-सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर संस्थान के उपप्राचार्य एवं परीक्षा नियंत्रक प्रो राधेश्याम सिंह ने कहा कि सफाई की निरंतरता मानव जीवन का प्राण है, जिसमें दैहिक व भौतिक दोनों दुनिया सम्मिलित है। परिसर सफाई कार्य की शुरुआत अनुशास्ता कार्यालय से की गयी। इसके उपरांत प्राचार्य कार्यालय एवं विज्ञान संकाय में सफाई का कार्य संपन्न हुआ। इस अभियान में मुख्य अनुशास्ता सुधांशु प्रताप सिंह, डॉ. शक्ति सिंह, डॉ. अतुल कुमार सिंह, डॉ. आर पी मिश्र, डॉ. वीरेंद्र, एवं सुशील कुमार मिश्र आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

# अमन के खेल से डीसीए ब्लू की जीत

● 79 रनों से पराजित हुआ डीसीए ग्रीन, जिला क्रिकेट एसोसिएशन अंडर-12 त्रिकोणीय लीग

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** अंडर-12 त्रिकोणीय लीग श्रृंखला के रविवार को हुए रोमांचक मैच में डीसीए ब्लू के खिलाड़ी अमन मिश्रा ने बेहतरीन खेल प्रदर्शन किया। जिसकी वजह से डीसीए ब्लू ने डीसीए ग्रीन पर 79 रनों से शानदार जीत दर्ज की।

इस त्रिकोणीय श्रृंखला के एक लीग मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए डीसीए ब्लू ने 9 विकेट खोकर निर्धारित 30 ओवरों में 163 रनों का स्कोर खड़ा किया। डीसीए ब्लू के सलामी बल्लेबाज प्रखर (3) और सैम अली (0) जल्दी ही पवेलियन वापस लौट गए। किंतु हरिओम (12) और प्रत्यूष यादव (12) ने थोड़ा पारी को संभाले की कोशिश की। किंतु अमन मिश्रा (50) और सर्वेश (30) ने टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। जिसमें अमन मिश्रा शानदार बल्लेबाजी करते हुए 50 रनों बनाकर नाबाद रहे, उन्होंने यह अर्धशतक 7 चौकों की मदद से पूरा किया। इस प्रकार डीसीए ब्लू निर्धारित 30 ओवरों में 163 रन बन पाई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीसीए ग्रीन की पूरी टीम 25.1 ओवर में 84 रन बनाकर पवेलियन वापस लौट गयी। बल्लेबाजी के बाद अमन मिश्रा ने जबरदस्त गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट भी झटका। अमन मिश्रा को बेहतरीन खेल प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच का खिताब मिला।



क्रिकेट लीग में बालिंग करता खिलाड़ी। अमृत विचार

### गाय से टकराई कार, सवार मामूली रूप से घायल

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार।** पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर शनिवार की शाम लखनऊ से अंबेडकर नगर आ रही कार थाना क्षेत्र के खालिसपुर दुर्गा के पास अचानक गाय के आ जाने से टकरा गयी। जिससे चालक हरिनरायण (28), सवार शंभू (40), संतोष (40), अरविंद (43) मामूली रूप से घायल हो गये। यूपीडा के सुरक्षा कर्मियों ने घायलों को अस्पताल भेजवाया व गाड़ी को रास्ते से हटवाकर यातायात बहाल कराया।

**विभाग उत्तर प्रदेशीय बोर्ड माल, इलाहाबाद**

रेस्टो नं0- 2762/2022

से0अपील सं0- 74वर्ष 2018 जिला सुल्तानपुर

**यज्ञ नारायन व अन्य**

... अपीलकर्ता

बनाम

**शारदा प्रसाद व अन्य**

... प्रतिवादी

1- उत्तर प्रदेश सरकार -द्वारा- कलेक्टर - सुल्तानपुर, 2- गाँव सभा- ग्राम- कटसारी, परगना- अल्देमऊ तह0- कादीपुर, जिला- सुल्तानपुर द्वारा- ग्राम प्रधान, 3- शारदा प्रसाद पुत्र स्व0 सन्त प्रसाद निवासीगण- ग्राम- कंटसारी, परगना- अल्देमऊ, तहसील- कादीपुर, जिला- सुल्तानपुर, 4- विजय पाल पुत्र राम प्रसाद, 5- मदन मोहन मालवीय पुत्र स्व0 राम आसरे, 6- राम गोपाल पुत्र स्व0 राम आसरे, 7- बृजेश कुमार पुत्र स्व0 राम आसरे, 8- राजेश कुमार पुत्र स्व0 राम आसरे, 9- राकेश कुमार पुत्र स्व0 राम आसरे, 10- काशी नाथ पुत्र गंगा सहाय, 11- घनश्याम पुत्र स्व0 हरी नारायन, 12- इन्द्रपाल पुत्र स्व0 श्री राम प्रसाद, निवासीगण- ग्राम- कंटसारी, परगना- अल्देमऊ, तहसील- कादीपुर, जिला- सुल्तानपुर।

आपको यह सूचना दी जाती है कि तारीख 30 माह 1 वर्ष 24 दिन मंगलवार समय 10 बजे पुनः विचार प्रार्थना की सुनवाई हेतु नियुक्त हुआ है। यदि आप इस न्यायालय में उक्त विषय पर स्वतः अथवा किसी वकील के द्वारा उपस्थित न रहेंगे तो अभियोग सुनवाई करके आपकी अनुपस्थिति में निर्णय कर दिया जायेगा।

रजिस्ट्रार

**संबोधन** | मन की बात में पीएम ज्वलंत मुद्दों पर करते हैं अपने विचार साझा : जिलाध्यक्ष

# 1760 बूथों पर सुनी गई पीएम मोदी के 'मन की बात'

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** रविवार को पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 109वें संस्करण को जिले भर में 1760 बूथों पर सुना गया। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा ने पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 109वां संस्करण शाहगंज शक्ति केंद्र के बूथ संख्या 266 पर सुना।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी ज्वलंत मुद्दों पर अपने विचार लोगों के साथ साझा करते हैं। मन की बात से कार्यकर्ताओं में प्रेरणा व ऊर्जा का संचार होता हैं। भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने शास्त्रीनगर बूथ संख्या 286 पर शक्ति केंद्र संयोजक राजीव सिंह, हनुमान त्रिपाठी, प्रदीप श्रीवास्तव, विनोद सिंह, रामदेव अग्रहरि आदि के साथ कार्यक्रम को सुना। वहीं, पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल शाहगंज बूथ संख्या 299, जिला उपाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश जायसवाल बूथ संख्या 306, जिला महामंत्री घनश्याम चौहान कादीपुर विधानसभा के बूथ संख्या 259 एवं धर्मेंद्र कुमार सुलतानपुर विस के बूथ संख्या 259 पर मन की बात सुनी।

इसके अलावा एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक राजप्रासाद उपाध्याय, सीताराम वर्मा, राजेश गौतम, पूर्व जिलाध्यक्ष करुणा शंकर द्विवेदी, जगजीत सिंह छंगू, जिला सह मीडिया प्रभारी अशोक सिंह, रामेंद्र सिंह राणा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष चंदन नारायण सिंह आदि ने विभिन्न बूथों पर मन की बात कार्यक्रम सुना। नगर अध्यक्ष आकाश जायसवाल, राम अभिलाष सिंह,मनोज श्रीवास्तव, सुभाष वर्मा एवं सूर्य नारायण पाण्डे एवं मंडल अध्यक्ष संदीप पांडेय सहित सभी 26 मंडलों के अध्यक्षों के संयोजन में जिले के 1760 बूथों पर मन की बात कार्यक्रम सुना गया।


पीएम के मन की बात कार्यक्रम को सुनते पालिकाध्यक्ष व अन्य भाजपा नेता। अमृत विचार

# भाजपा की बैठक में शामिल होंगे मंत्री नंदी

▸▸ लोकसभा चुनाव को लेकर आज होगी महत्वपूर्ण बैठक

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** भाजपा में लोकसभा चुनाव के क्लस्टर प्रमुख उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी रविवार की देर शाम जिले में पहुंचे। वे यहां रात्रि विश्राम करेंगे।

सोमवार को कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. आरए वर्मा की अध्यक्षता में भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित महत्वपूर्ण मंथन योजना बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। इस महत्वपूर्ण बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर योजना व रणनीति को अंतिम रूप दिया जाएगा।

पार्टी प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि बैठक में भाजपा प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी मीना चौबे, जिले में निवास करने वाले सभी प्रदेश एवं क्षेत्र के पदाधिकारी, सभी पूर्व जिला अध्यक्ष, सांसद, एमएलसी, विधायकगण, जिला पंचायत अध्यक्ष, डीसीबी अध्यक्ष, पूर्व विधायक, पूर्व मंत्री, नगर पालिका व नगर पंचायत अध्यक्ष आदि को आमंत्रित किया गया है।

# सांसद व डीएम के बीच नोकझोंक से हुई महोत्सव की शुरुआत

## सिद्धार्थनगर महोत्सव के उद्घाटन के तरीके पर जगदंबिका पाल ने जताई नाराजगी, डीएम पर लगाया मनमानी का आरोप

सिद्धार्थनगर अमृत विचार

सिद्धार्थनगर महोत्सव के भव्य आयोजन के लिए पिछले कई दिनों से दिन-रात तैयारियां चल रहीं थीं, जनपदवासी भी बेसब्री से महोत्सव का इंतजार कर रहे थे, लेकिन रविवार को महोत्सव की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उद्घाटन के मौके पर जिलाधिकारी और डुमरियागंज सांसद के बीच हुई नोकझोंक से महोत्सव का रंग फीका पड़ गया। कार्यक्रम शुरू हो जाने के काफी देर बाद फीता काटा गया। स्थानीय जनप्रतिनिधि और जिला प्रशासन एक-दूसरे से अलग-थलग नजर आए। इसकी जानकारी हो जाने पर महोत्सव के पहले दिन दर्शक भी कम ही पहुंचे। पंडाल में पड़ी कुर्सियां लगभग खाली ही रहीं।

पांच दिवसीय सिद्धार्थनगर महोत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि यूपी सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, सांसद जगदम्बिका पाल, विधायक श्यामधनी राही, विधायक विनय वर्मा, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्ज्वलित किया। उद्घाटन के बाद अतिथियों ने समारोह में आए गिने-चुने दर्शकों को संबोधित किया। इससे पहले महोत्सव के उद्घाटन से पूर्व जिलाधिकारी पवन अग्रवाल और सांसद जगदंबिका पाल आमने-सामने आ गए। कार्यक्रम शुरू होने के पूर्व फीता काटकर दीप प्रज्ज्वलित कर भगवान बुद्ध की गाथा गाये जाने की परंपरा रही है, लेकिन इस बार इस परंपरा को दर किनार करते हुए मुख्य अतिथियों एवं अन्य अतिथियों को संबोधन के बाद फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया, इसी को लेकर सांसद द्वारा टोके जाने पर डीएम नाराज हो गए।

महोत्सव के दौरान जिलाधिकारी ने जनप्रतिनिधियों को पवन अग्रवाल द्वारा पुष्प गुच्छ एवं काला नमक चावल देकर स्वागत किया गया। शिवपति इन्टर कालेज की छात्राओं ने स्वागत गीत की प्रस्तुत किया। कपिलवस्तु गीत प्रस्तुत किया गया। श्री शाही ने महोत्सव के आयोजन के लिए जिला प्रशासन की सराहना की।



महोत्सव का फीता काटकर उद्घाटन करते मुख्य अतिथि व अन्य।

### विधायक ने कहा

सांसद और डीएम के बीच हुई नोंकझों को लेकर कार्यक्रम में मौजूद रहे सदर विधायक श्याम धनी राही ने बताया कि उद्घाटन के समय सांसद की ओर से एक व्यक्ति बीच में ही पहुंच कर डीएम को निर्देशित करने लगा, आरोप लगाया कि कार्यक्रम का उद्घाटन पारंपरिक ढंग से नहीं हो रहा है, पहले फीता कटवाईये...यह बात डीएम को खराब लग गई और सांसद-डीएम आमने-सामने हो गए।



कार्यक्रम के दौरान नाराज सांसद जगदंबिका पाल।

### सीडीओ ने मामले को कराया शांत

जानकारी के अनुसार सांसद जगदंबिका पाल, जिलाधिकारी पवन अग्रवाली की कार्यशैली और व्यवहार को लेकर आग बबूला हो गये। सांसद ने डीएम पर मनमाना रवैया अपनाने का आरोप लगाया। दोनों के बीच तीखी बहस देख वहां हड़कंप मच गया। दरअसल महोत्सव के उद्घाटन पर इच्छा के अनुरूप दीप प्रज्ज्वलन आदि कार्यक्रम न होने पर सांसद ने आपत्ति दर्ज की। जिस पर डीएम नाराज हो गये। इस पर सांसद भड़क गए। सीडीओ जयेन्द्र कुमार और एसडीएम डॉ ललित कुमार मिश्र के मान मनौवल के बाद सांसद शांत हुए और फिर कार्यक्रम आगे बढ़ा।



सिद्धार्थनगर महोत्सव के दौरान जनप्रतिधियों को काला नमक चावल भेंट करते डीएम व सीडीओ। अमृत विचार



### मंत्रियों ने खाली कुर्सियों को गिनाईं उपलब्धियां

महोत्सव के उद्घाटन के मौके पर सांसद और डीएम के बीच हुई नोकझोंक का असर साफ दिखा। पंडाल में अधिकतर कुर्सियां खाली ही रहीं। केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री और यूपी के कृषि मंत्री ने सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। हालांकि पंडाल में कुर्सियों पर इक्का-दुक्का लोग ही बैठे दिखे। शाही ने कृषि क्षेत्र में किसानों की आय दुगनी करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जिस तरह से काला नमक चावल पूरे विश्व में अपनी एक अलग सुगंध बिखेर रही है, इसके अलावां यहां के जलवायु के देखते हुए यहां के किसान ताल मखाने की खेती करके अपनी आय को अधिक कर सकते हैं। केंद्रीय वित्त राय मंत्री पंकज चौधरी ने केंद्र सरकार की उपलब्धियां को गिनाते हुए कहा कि हिंदुस्तान एक अलग मुकाम कायम कर रहा है। कार्यक्रम को सांसद जगदंबिका पाल, सदर विधायक श्याम धनी राही, शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा डुमरियागंज पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। उद्घाटन के अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष कन्हैया पासवान ने भी संबोधित करते हुए प्रदेश में 80 सीट पर परचम फहराने की बात कही।

### महोत्सव में प्रस्तुति के लिए कार्यक्रमों की तिथि घोषित

महोत्सव के लिए स्कूली बच्चों के कार्यक्रम घोषित कर दिए गए हैं। तय तिथि व समय पर मुख्य पंडाल के मंच पर प्रस्तुति दी जाएगी। सिद्धार्थनगर महोत्सव में 29 जनवरी को समूह नृत्य में जिया यादव, खुशबू, दिव्या मिश्रा, अंकिता त्रिपाठी, अंशिका पांडेय, शगुफता, अर्चना त्रिपाठी, वेदिका, संजना, वैष्णवी एंड टीम, अन्नया श्रीवास्तव की एकल नृत्य की प्रस्तुति होगी। 30 जनवरी को समूह नृत्य में प्रतिष्ठा, अंशिका मोदनवाल, खुशबू, दीनदयाल, इशिका सिंह, अंशिका सिंहानिया, सौम्या शुक्ला एंड टीम, समूह गायन में हर्षित चौबे, शालिनी शुक्ला की टीम, महिला कसौधन, महक कसौधन, भाग्य लक्ष्मी, शालू मिश्रा, अपराजिता, तृषा विश्वकर्मा व श्रद्धा विश्वकर्मा की युगल नृत्य, दिव्यांश पांडेय और आशीष त्रिपाठी का एकल गायन होगा। 31 को समूह योग नृत्य में श्याम सुंदर एंड टीम, समूह नृत्य में अशफिया, शिवंन्या सिंह, दिपांशी, शिवा, आमिना, जान्हवी एंड टीम, एकल योग में उमेश, पल्लिवी और मुस्कान, जिया पाठक एवं सोनम की युगल नृत्य, अभिषेक मौर्य एंड टीम का नाटक, शताक्षी गुप्ता का एकल नृत्य, समूह गायन में हर्षिका एंड टीम, एकल गायन में अमन पांडेय, शनी पासवान की प्रस्तुति होगी।

### अंतिम दिन की प्रस्तुतियां

1 फरवरी को समूह नृत्य में एकता उपाध्याय, वंदना यादव, शिवांगी, अंशिका, केशव जायसवाल, शालिनी, सौम्या, कृतिका अभिमन्यु, जान्हवी, तृप्ति कसौधन, कृतिका पांडेय एंड टीम, समूह गायन में सुप्रिया एंड टीम, दिशा पांडेय की नाटक, मिष्ठी वर्मा का एकल नृत्य की प्रस्तुति होगी। जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान ने बताया कि बच्चों का चयन ऑडिशन के बाद किया गया है। महोत्सव में 29 जनवरी को पोस्टर प्रतियोगिता, 30 जनवरी को मेंहदी प्रतियोगिता, 31 जनवरी को भाषण प्रतियोगिता होगी। जबकि विज्ञान प्रदर्शनी 28 जनवरी से एक फरवरी तक महोत्सव प्रांगण में लगाई जाएगी।

## एक नजर

### एसएसबी ने नशा मुक्ति को लेकर किया जागरूक

**सिद्धार्थनगर।** 43 वीं वाहिनी एसएसबी, की सीमा चौकी खुनवा और आबकारी विभाग द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत संयुक्त रैली कर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के सीमा चौकी खुनवा और आबकारी विभाग द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत नशे की लत के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया गया। कमान्डेंट 43वीं वाहिनी उज्जल दत्ता ने बताया कि युवाओं में नशे की लत हमारे समाज को खोखला कर रही। इसलिए हमारा कर्तव्य है कि हम समाज के लोगों को जागरूक करें तथा नशा मुक्त भारत के निर्माण में अपना योगदान दे। इस रैली के माध्यम से ग्रामीणों को नशा से दूर रहने और परिवार के सदस्यों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करने की अपील किया गया।

### सफाईकर्मी के खिलाफ छेड़खानी का केस दर्ज

**सिद्धार्थनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उसका बाजार पर तैनात सफाईकर्मी पर छेड़खानी का केस दर्ज हुआ है। यहां 17 जनवरी को भर्ती हुई गर्भवती महिला की सहयोगी युवती से अस्पताल परिसर में छेड़खानी की घटना प्रकाश में आई थी। युवती के भाई की तहरीर पर उसका बाजार पुलिस ने केस दर्ज किया। उसका बाजार थाना क्षेत्र निवासी प्रसूता अस्पताल में भर्ती थी। जिसकी देखरेख के लिए मां और बड़ी बहन अस्पताल में थीं। आरोप है कि 20 जनवरी को सफाईकर्मी विजय कुमार ने युवती का हाथ ने पकड़ लिया और अश्लील बात करने लगा।

### धूमधाम से मनाया गया जन्मोत्सव

**गोरखपुर।** मानव उत्थान सेवा समिति के तत्वाधान में श्री विभु जी महाराज का जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया गया। सदगुरुदेव सतपाल महाराज की शिष्या वीराबाई एवं महात्मा हेम प्रभा बाई की देख-रेख में अशोक नगर बशरतपुर में उत्सव का आयोजन हुआ। यह जानकारी उमाशंकर मझवार ने दी।

# स्वच्छता कर्मियों को मिलेगी न्यूनतम मानदेय की गारंटी

गोरखपुर, अमृत विचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्वच्छता कर्मियों को न्यूनतम मानदेय की गारंटी हर हाल में मिलनी चाहिए। सरकार जल्द ही इसे पूरे प्रदेश में सुनिश्चित कराएगी। स्वच्छताकर्मियों के गारंटीयुक्त मानदेय के लिए पहले ही एक कमेटी गठित कर रखी गई है और शीघ्र ही इस पर ठोस कदम उठाए जाएंगे। मानदेय के साथ स्वच्छताकर्मियों के लिए आवास और जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी।

मुख्यमंत्री योगी रविवार को नगर निगम की तरफ से आयोजित सफाई मित्र सुरक्षा और सम्मान सम्मलेन एवं विभिन्न विकास परियोजनाओं के शिलान्यास-लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। अभयनंदन इंटर कॉलेज के मैदान पर हुए इस कार्यक्रम के मंच से मुख्यमंत्री ने सफाई मित्रों हेतु ई-सेवा पोर्टल, दस लाख रुपये तक की दुर्घटना बीमा सुविधा एवं कल्याण कोष का शुभारंभ किया। कल्याण कोष से चार सफाई मित्रों के आश्रितों को सहायता राशि का चेक प्रदान किए। सफाई मित्रों एवं वाहन चालकों को यूनिफॉर्म, लंच बॉक्स वितरित किए और डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने नगर निगम की 116 करोड़ रुपये की लागत वाली 176 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि सुंदरता की आत्मा स्वच्छता में ही निहित होती है। प्रायः देखा जाता है कि जिस पर सबसे अधिक ध्यान दिया जाना चाहिए, वह किन्हीं कारणों से उपेक्षित हो जाता था। हम शहर को कितना भी सुंदर क्यों न बना लें, चौड़ी सड़कें बना लें लेकिन यदि स्वच्छता नहीं होगी तो सारे मेहनत पर पानी फिर जाएगा। ऐसे में स्वच्छता के लिए समर्पित भाव से कार्य करने वाले कर्मियों का सम्मान सबको करना चाहिए।



स्वच्छता कर्मियों को योजनाओं का लाभ देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### स्वच्छ सर्वेक्षण में गोरखपुर को टॉप टेन में लाएं

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सफाईकर्मी शहर की शक्ल सूरत बदलने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य करते हैं और इसी का परिणाम है कि स्वच्छ सर्वेक्षण में गोरखपुर की रैंकिंग 74 से 22 पर आ गई है। गोरखपुर को गार्बेज फ्री सिटी में थ्री स्टार रैंकिंग मिल गई है। गोरखपुर अब अच्छा और सुंदर शहर माना जाता है। इसका सर्वाधिक श्रेय सफाईकर्मियों को मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सभी का प्रयास होना चाहिए कि अगली स्वच्छता रैंकिंग में गोरखपुर टॉप टेन और फिर टॉप थ्री में शामिल हो। इसके लिए जनता को पार्षद जागरूक करें।



कार्यक्रम के दौरान बच्चे को दुलारते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

### सीएम योगी के विजन से ब्रांड बना गोरखपुर: रविकिशन

सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि सीएम योगी के विजन से गोरखपुर एक ब्रांड बन गया है। विकास के साथ सफाई के मामले में भी गोरखपुर नजीर पेश कर रहा है। महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव ने नगर निगम की उपलब्धियों और परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी। आभार ज्ञापन विधायक विपिन सिंह ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष साधना सिंह, विधायक फतेह बहादुर सिंह, महेंद्रपाल सिंह, प्रदीप शुक्ल, एमएलसी डॉ धर्मेंद्र सिंह, पूर्व महापौर अंजू चौधरी, डॉ. सत्या पांडेय, भाजपा के महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# जोगिया की टीम ने क्रिकेट ट्रॉफी पर किया कब्जा

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार

जोगिया चौराहे पर आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रविवार को कठेला व जोगिया के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में जोगिया की टीम ने कठेला टीम को दो विकेट से हरा कर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया।

प्राप्त विवरण के अनुसार आज यहां खेले गए फाईनल मैच में कठेला की टीम ने टॉस जीत। टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कठेला ने निर्धारित 15 ओवरों में चार विकेट गंवाकर 116 रन बनाए। जवाब। में खेलने उतरी जोगिया की टीम को शुरुआती ओवर में झटका लगा और उसके तीन विकेट 35 रन पर ही गिर गए। संकट देख जोगिया के ख़िलड़ियों ने संभल कर खेलना शुरू किया और स्कोर 7 विकेट पर 90 रन तक ले गए। जबकि उनकी जीत के असर बढ़ने लगे थे उसी वक्त उनका आठवां विकेट भी गिर गया। लेकिन इसके बाद के पुछल्ले बल्लेबाज़ ने 14 वेन ओवर में जम कर चौके। लगाए और स्कोर को 114 तक पहुँचा दीया।। बाकी बव्हे दो रन उन्होंने 15वें ओवर की पहली गेंद पर चौका मार कर ले लिया। इस प्रकार उन्होंने 2 विकेट से जीत हासिल कर ली।



विजेता टीम के साथ क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजक। अमृत विचार

### डिजिटल लाइब्रेरी के लिए चिन्हित किए गए गांव

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** शिक्षा जिले के 14 ब्लॉक के 228 गांव में डिजिटल लाइब्रेरी खोलने के लिए गांवों को चिंहित कर लिया गया है। जल्द ही चिंहित गांवों के पंचायत भवन में दो-दो लाख के लागत से किताबें व डिजिटल सेट लगाए जाएंगे। जिससे घर पर रहने वाले युवा गांव में ही तैयारी करके प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर पाएंगे।

गांव में डिजिटल लाइब्रेरी बनाने के लिए केंद्र सरकार ने प्रति गांव दो-दो लाख रुपया का धन आवंटित कर दिया है। गांव के लाइब्रेरी में धार्मिक ग्रंथ, इतिहास कि किताब, न्यूज पेपर, साप्ताहिक मैगजीन के साथ डिजिटल के माध्यम से भी गांव के युवाओं को पढ़ने के लिए व्यवस्था दी जाएगी। जिले के 228 गांव में डिजिटल लाइब्रेरी बनाने के लिए 5 करोड़ 76 लाख की लागत से सभी गांव में लाइब्रेरी बनाई जाएगी। लाइब्रेरी में युवा के साथ ही गांव के वरिष्ठ लोग भी न्यूज पेपर, धार्मिक ग्रंथ व अन्य किताबों को पढ़ सकते है। गांव में डिजिटल लाइब्रेरी बनने से युवाओं व छात्रों में पढ़ने की रुचि बढ़ेगी। इस बारे में छात्र आदर्श पांडेय, खुशी उपद्यत शिवांगी आदि का कहना है कि गांव में लाइब्रेरी खुलने से शहर में पढ़ने के लिए नहीं जाना पड़ेगा। जिससे गरीब परिवार के बच्चे भी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर पाएंगे। बुजुर्ग आशा राम गुप्त के अनुसार सरकार के इस कार्य से लोगों को पढ़ने के लिए किताबें मिल जाएंगी। जिससे गांव में रह रहे वरिष्ठ लोग भी धार्मिक ग्रंथ व न्यूज पेपर पढ़ पाएंगे।

बैठक | विश्व हिन्दू महासंघ सिद्धार्थनगर ने किया संगठन विस्तार, राम मंदिर निर्माण पर जताया हर्ष

# जिला मंत्री बने डॉक्टर पवन, अमन जिलाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ

सिद्धार्थनगर अमृत विचार

विश्व हिन्दू महासंघ सिद्धार्थनगर की एक आवश्यकता बैठक जनपद के समस्त पदाधिकारियों एव कार्यकर्ताओं के साथ रविवार को सिंहेश्वरी मंदिर पर प्रदेश मंत्री अधिवक्ता अखण्ड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश मंत्री अधिवक्ता अखण्ड प्रताप सिंह ने कहा कि विश्व हिन्दू महासंघ को सक्रिय बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता जोर शोर से लग जाएं। हम सभी का जो सपना था अयोध्या में राम मंदिर का वह पूरा हो गया है। अब हमें और मजबूती से संगठन को विस्तार करने की आवश्यकता है। बैठक में जिलाध्यक्ष सुनील त्रिपाठी ने सर्व सम्मति से नए पदाधिकारियों को मनोनीत किया। जिसमें जिला मंत्री के रूप में डॉक्टर पवन योगी, युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अमन मणि त्रिपाठी, उसका बाजार के ब्लाक अध्यक्ष अरविंद शुक्ल, नगर पंचायत कपिलवस्तु के नगर अध्यक्ष के रूप में अर्जुन मद्धेशिया, नगर उपाध्यक्ष दीपक चौरसिया, नगर महामन्त्री आकाश मोदनवाल, नगर कोषाध्यक्ष सत्य प्रकाश मद्धेशिया को मनोनीत किया गया है। बैठक में संघठन को मजबूत करने की रूप रेखा बनाई गई। बैठक को बेहतर रूप से क्रियान्वयन करने के लिए जिला महामंत्री ने कहा कि सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी अपने आप को पदाधिकारी समझे।



बैठक के दौरान मौजूद विश्व हिन्दू महासंघ सिद्धार्थनगर के पदाधिकारी। अमृत विचार

### अयोध्या धाम के लिए चलेगी विशेष रेलगाड़ी

गोरखपुर, अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए 05001/05002 आजमगढ़-अयोध्या धाम-आजमगढ़ इंटरसिटी विशेष गाड़ी 30 जनवरी को आजमगढ़ से तथा 31 जनवरी को अयोध्या धाम से चलाने का निर्णय लिया गया है। फलस्वरूप 05001 आजमगढ़-अयोध्या धाम इंटरसिटी विशेष गाड़ी 30 जनवरी, 2024 दिन मंगलवार को आजमगढ़ से 06.15 बजे प्रस्थान कर अयोध्या धाम 13.50 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 05002 अयोध्या धाम-आजमगढ़ इंटरसिटी विशेष गाड़ी 31 जनवरी को अयोध्या धाम से 16.10 बजे प्रस्थान कर आजमगढ़ 23.15 बजे पहुंचेगी। यह गाड़ी मेमू रेक से चलाई जायेगी। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

## सार-संक्षेप



गणतंत्र दिवस पर तिरंगा फहराते भारतीय समाचार पत्र विक्रेता संघ के पदाधिकारी।

### भारतीय समाचार पत्र विक्रेता संघ ने किया ध्वजारोहण

**गोरखपुर, अमृत विचार।** भारतीय समाचार पत्र विक्रेता संघ ने रेलवे स्टेशन रोड स्थित सेन्टर पर झंडारोहण का कार्यक्रम धूमधाम के साथ किया। जिसमें भारतीय समाचार पत्र विक्रेता संघ के अध्यक्ष राम श्रेष्ठ पासवान भारत माता के चित्र पर माला अर्पण किया तत्पश्चात ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर मिष्ठान वितरण का भी आयोजन किया गया उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि गोरखनाथ मंदिर गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज को 12 सूत्रीय मांग पत्र समाचार पत्र विक्रेताओं के समस्याओं संबंध में दिया गया इन समस्याओं के निस्तारण हेतु शीघ्र से शीघ्र करने की आश्वासन मिला। इस मौके पर प्रदेश कोषाध्यक्ष राज कुमार गुप्त, प्रदेश सचिव पंकज शर्मा, संगठन सचिव श्रवण कुमार, कार्यालय सचिव संतोष पासवान, पित्ताम्बर प्रजापति, नृसिंह मिश्रा, दिवाकर मझवार, अमरनाथ पटेल, मो. इरशाद, सुनील कुमार श्रीवास्तव, अरुण कुमार वर्मा, आत्मा प्रसाद मझवार, विनोद तिवारी, गोपाल, महबूब आलम, विनोद कुमार, पप्पू यादव, श्याम कुमार, गोपाल बरूई, कृष्णा शाह, सुनील कुमार, एजेंट मुन्ना, सिटी हेड विजय सिंह, एजेंट नेहाल, सिटी हेड रवि त्रिपाठी, सिटी हेड विकास यादव आदि उपस्थित थे।



कान्हा सेवा संस्थान में गणतंत्र दिवस समारोह में मौजूद अतिथि।

### कान्हा सेवा संस्थान में फहराया गया तिरंगा

**गोरखपुर, अमृत विचार।** कान्हा सेवा संस्थान हजारीपुर में 75वां गणतंत्र दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। समारोह में भाग लेने वाले बच्चों और संस्था के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर पूर्व मेयर सत्य पांडे, संरक्षक भोला अग्रहरि, महानगर महिला मोर्चा अध्यक्ष श्वेता श्रीवास्तव, महानगर महिला मोर्चा रानी मिश्रा, राकेश जैसवाल, हरिओम आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन राजेश चौहान ने किया। कान्हा सेवा के संस्थापक अनुपम कुमार ने ध्वजारोहण के बाद सभी को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर धर्मेंद्र कुशवाहा, हीरालाल कुशवाहा, घनश्याम जायसवाल, नितिन वैश्य, सोनू वीरेंद्र वर्मा, नूतन चौहान, राजन वर्मा, अन्नपूर्णा जायसवाल, गुड़िया, रत्नेश मौर्य, अनीता वर्मा, सरिता गौड़ आदि लोग मौजूद रहे।

### उपलब्धि : पूर्वोत्तर रेलवे यांत्रिक कारखाना गोरखपुर को मिला आईआरआईएस प्रमाण पत्र

**गोरखपुर, अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे यांत्रिक कारखाना, गोरखपुर को आईआरआईएस (अंतर्राष्ट्रीय रेलवे उद्योग मानक) प्रमाण पत्र 25 जनवरी को प्रदान किया गया है। आई.आर.आई.एस. प्रमाण पत्र देने हेतु इसके लिए सक्षम संस्था द्वारा वर्कशॉप के मैनेजमेन्ट सिस्टम को जांचा-परखा गया। 17 रोलिंग स्टॉक, 19 सिंगल रेलवे कम्पोनेंट, 20 विशेष प्रक्रिया कार्य से संबंधित कम्पोनेंट के आवधिक अनुरक्षण को आई.एस.ओ./टी.एस 22163 :2017 के आधार पर जाँचा गया। इन रिपोर्ट्स को मानकों के अनुरूप पाये जाने पर यह प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ। यांत्रिक कारखाना, गोरखपुर यह प्रतिष्ठित प्रमाण पत्र पाने वाला सम्पूर्ण भारतीय रेल में पहला रेलवे कारखाना है। इस प्रमानपत्र की वैधता तीन वर्ष तक की है। विश्व में 2274 संगठन आई.आर.आई.एस. द्वारा प्रमाणित हैं और भारत में केवल 161 संगठन ही प्रमाणित हैं। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# नए डीजीपी के लिए प्रशांत कुमार के पक्ष में जमीन तैयार

बागीश धर द्विवेदी, लखनऊ

**अमृत विचार :** कार्यवाहक डीजीपी विजय कुमार इसी माह 31 जनवरी को रिटायर होंगे। ऐसे में नये डीजीपी को लेकर कयासबाजी शुरू हो गई है। चूंकि लोकसभा चुनाव अप्रैल-मई में संभावित है, इसलिए इस बार डीजीपी के लिए नाम चयन करते समय इस बात का भी ध्यान रखा जाएगा। सूत्रों के अनुसार, उप्र शासन की ओर से डीजीपी के लिए वरिष्ठ अफसरों का पैनल अभी तक केंद्र को नहीं भेजा गया है, ऐसे में इस बार भी कार्यवाहक डीजीपी ही बनाए जाने की संभावना है। इस लिहाज से भी महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) प्रशांत कुमार का नाम सबसे ऊपर माना जा रहा है।

**▸▸ 31 को सेवानिवृत्त होंगे विजय कुमार एक फरवरी को नए डीजीपी की होगी तैनाती**


प्रशांत कुमार

सत्ता के गलियारों में चल रही चर्चाओं पर ध्यान दें तो प्रशांत कुमार वैसे तो 1990 बैच के अफसरों में वरिष्ठता सूची में काफी नीचे हैं, लेकिन मुख्यमंत्री के भरोसेमंद अफसरों में सबसे ऊपर होने के चलते उनके नाम को गंभीरता से लिया जा रहा है। इसके अलावा पूर्व में हुए कई और फैसलों पर नजर डालें तो ऐसा लगता है कि नए डीजीपी के लिए प्रशांत कुमार के पक्ष में जमीन पहले से ही तैयार हो गई है। मसलन, डीजी के नियमित 14 पद रिक्त न होने के बावजूद एक माह पहले ही डीपीसी के माध्यम से उन्हें डीजी बना दिया गया। अगर ऐसे ही बनाना था तो पहले भी बनाया जा सकता था। एक माह पहले ही क्यों ऐसा फैसला किया गया।

पहले यह माना जा रहा था कि 31 जनवरी को विजय कुमार और डीजी एसके माथुर के सेवानिवृत्त होने पर खाली पद के आधार पर वह एक फरवरी को डीजी बनेंगे। सूत्रों के मुताबिक, शायद यह माना गया कि एक ही दिन डीजी पद पर प्रमोशन और फिर डीजीपी पद पर तैनाती से संदेश कुछ ठीक नहीं जाएगा। डीजीपी के ट्रांसफर-पोस्टिंग का अधिकार भी उन्हीं के पास है। अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा और 26 जनवरी को देखते हुए प्रदेशभर के पुलिसकर्मियों की छुट्टी को लेकर आदेश भी इस बार प्रशांत कुमार के हस्ताक्षर से ही जारी हुए थे। सूत्रों के मुताबिक, ऐसे में अगर केंद्र या कहीं और से कोई बड़ा अड़ंगा नहीं लगा तो उनके नाम पर मुहर लगना तय है।

**रमाशात्री, आदित्य नारायण, आनंद कुमार व सावत भी दौड़ में**

वरिष्ठता के आधार पर केंद्र में तैनात पीवी रमाशात्री एवं आदित्य नारायण मिश्र और उप्र में मौजूद आनंद कुमार, एसएन सावत, रेणुका मिश्रा, संदीप साल्लुके भी दौड़ में माने जा रहे हैं। डीजी जेल बनाए जाने के बाद एसएन सावत इस दौड़ में शामिल हो गये हैं। प्रदेश में मौजूद आईपीएस अफसरों के वरिष्ठता क्रम में वैसे तो मुकुल गोयल के बाद आनंद कुमार फिलहाल सबसे ऊपर हैं। हालांकि आनंद कुमार को सीबीसीआईडी का डीजी बनाए जाने से यह माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री की नाराजगी दूर हो गई है, लेकिन उनका कार्यकाल कम होने से उनकी दौड़ में बने रहने की संभावना कम दिख रही है। आनंद कुमार के केंद्र से भी नजदीकी की बात कही जा रही है। उनके बाद नंबर आशीष गुप्ता का आता है, लेकिन लंबी प्रतीक्षा के बाद काफी महत्वहीन पद पर तैनाती से उनके नाम पर विचार होने की कोई संभावना नहीं है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर डीजी होमगार्ड बीके मौर्या भी दावेदार हो सकते हैं। अव्वल तो वह जातीय समीकरण के हिसाब से खांचे में फिट आएंगे और दूसरा, फील्ड में भी काम करने का उनका लंबा अनुभव है।

# सामाजिक कुरीतियां मिटाने में कबीरदास का महत्वपूर्ण योगदान : जय प्रकाश

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** कबीर दास ने समाज में फैली कुरीतियों और ऊंच नीच के भेदभाव को मिटाने में काफी योगदान दिया है। उनके विचारों और उपदेशों को आत्मसात करने की जरूरत वर्तमान समय में लोगों को है। उक्त बातें उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष, भारत गौरव रत्न श्री सम्मान से सम्मानित और जिले के लोकप्रिय समाजसेवी डॉ जय प्रकाश शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत में कही। उन्होंने कहा कि संत कबीर दास समाज में फैली हुई रुढ़ियों को समाप्त कराने और हिन्दू मुस्लिम एकता पर काफी बल दिया है।शर्मा ने कहा कि कबीर चौरा मगहर में शासन व प्रशासन की तरफ से आयोजित किया जाने वाला कबीर मगहर महोत्सव का आयोजन न सिर्फ जनपद वासियों अपितु अन्य जनपदों के लोगों और कबीरपंथियों के लिए काफी महत्वपूर्ण है।


जय प्रकाश शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष, कुश्ती संघ उत्तर प्रदेश। अमृत विचार

# बड़े पैमाने पर होंगे अफसरों के तबादले

**लखनऊ :** प्रदेश सरकार बड़े पैमाने पर आईएएस और पीसीएस अफसरों के तबादले की तैयारी में है। इसमें केंद्रीय चुनाव आयोग की ओर से लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एक ही स्थान पर ढाई साल से अधिक कार्यरत अफसर भी शामिल हैं। इस दायरे में दस डीएम, 12 सीडीओ और एक सौ से अधिक एसडीएम बदले जाएंगे। साथ ही प्रोन्नति के बाद सचिव व प्रमुख सचिव बने शीर्ष अधिकारियों का भी कार्यक्षेत्र बदलेगा।

मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र की देखरेख में केंद्रीय चुनाव आयोग के निर्देशों और प्रोन्नति के बाद आईएएस संवर्ग के असफरों को नई जिम्मेदारी देने के लिए सूची तैयार की गई है। इसी के साथ पीसीएस संवर्ग के उन अफसरों की तबादला और नई तैनाती की सूची भी बनी है, जो पिछले ढाई साल से एक ही जगह तैनात हैं। हालांकि चुनाव के लिए बनी गाइडलाइन में नियम तीन साल लगातार तैनाती का है। लेकिन चुनाव आयोग ने मुख्य सचिव और प्रदेश के मुख्य चुनाव अधिकारी को भेजे पत्र में स्पष्ट कहा है कि 30 जून 2024 तक एक ही स्थान पर तीन साल के दायरे में आने वाले चुनाव से जुड़े अधिकारी हटाए जाएंगे। चुनाव आयोग ने 31 जनवरी तक राज्य से अनुपालन रिपोर्ट मांगी है। ऐसे में हर हाल में मंगलवार तक इस दायरे में आ रहे रामपुर, गाजियाबाद, अमेठी और कौशाम्बी के डीएम का तबादला तय माना जा रहा है। आगरा व अयोध्या समेत तीन जिलों के सीडीओ भी तबादले की जद में हैं। इसके अलावा करीब 50 एसडीएम भी हटाए जाएंगे।

सूत्रों के मुताबिक, 30 जून को ध्यान में रखते हुए ढाई साल से तैनात आईएएस और पीसीएस अफसरों के तबादले की सूची मुख्य सचिव कार्यालय से मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजी जा चुकी है। कहा जा रहा है कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की वजह से तबादलों में देर हो रही थी। अब गोरखपुर से लौटकर मुख्यमंत्री सोमवार और मंगलवार को तबादले के आदेशों को हरी झंडी दे सकते हैं। इसमें चुनाव आयोग के आदेश के मद्देनजर तबादला ही नहीं होना है, बल्कि प्रोन्नति के बाद पहली जनवरी से प्रमुख सचिव का कैडर हासिल करने वाले मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा, उप्र राज्य विद्युत उत्पादन निगम व पारेषण निगम के प्रबंध निदेशक पी.गुरुप्रसाद, आयुक्त अलीगढ़ मंडल रविन्द्र और आयुक्त राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र संयुक्ता समद्दार को भी नये दायित्व मिलना है।

इसके अलावा 2008 बैच के 17 आईएएस विशेष सचिव से सचिव/आयुक्त के पद पर प्रमोशन के बाद तबादले की बाद जोट रहे हैं। हालांकि इसमें कई पहले से ही सचिव कैडर वाले पद पर तैनात हैं। इसके अलावा 2011 बैच के 24 अफसर समेत नौ साल की सेवा पूरी करने वाले 2015 बैच के 34 अफसर डीएम बनने की कतार में हैं।

## मंडलायुक्त और विधायक ने किया कबीर मगहर महोत्सव का उद्घाटन

# संतकबीरदास के विचारों और जीवन दर्शन से प्रेरणा ले समाज



कबीर दास की समाधि पर पुष्प चढ़ाते मुख्य अतिथि। दीप प्रज्वलित कर कबीर मगहर महोत्सव का शुभारंभ कराते मण्डलायुक्त और विधायक

**संतकबीरनगर।** जनपद में महान सूफी संत, कवि और समाज सुधारक संतकबीरदास की परिनिर्वाण स्थली मगहर में 28 जनवरी से 3 फरवरी तक आयोजित होने वाले 7 दिवसीय कबीर मगहर महोत्सव का शुभारम्भ मण्डलायुक्त बस्ती अखिलेश सिंह, धनघटा विधायक गणेश चौहान, जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने सदगुरू कबीर साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर संत कबीर साहेब के समाधि और मजार पर पूजा अर्चना करने के पश्चात दीप प्रज्जवलित करते हुए किया। कबीर मगहर महोत्सव के उद्घाटन के बाद अधिकारियों ने अतिथियों का बैच लगाकर स्वागत किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती बन्दना के साथ मगहर महोत्सव का विधिवत शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता, महन्त विचार दास, मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार, अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश, संयुक्त सचिव अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ दिल्ली डा. आलोक मिश्र उपस्थित रहे। कबीर चौरा के महन्त विचार दास ने कबीर साहब की सोच और कृतियों को रेखांकित किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार पवन कुमार श्रीवास्तव ने किया। मगहर महोत्सव में बेसिक शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, कृषि विभाग, वन विभाग, पशुपालन विभाग, महिला कल्याण, पुलिस विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, उद्योग विभाग, बाल विकास पुष्टाहार सहित अन्य विभागों द्वारा अपने योजनाओं एवं उत्पादों आदि के प्रचार-प्रसार करने और आम जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से लगाई गई प्रदर्शनी का मण्डलायुक्त ने अवलोकन किया। कार्यक्रम के शुभारम्भ के पश्चात बघौली ब्लाक के विद्यालयों की बच्चियों द्वारा वाणी बन्दना, लेजर शो, कलर्स ऑफ इंडिया डान्स, कबीर कैफे नाइट्स शो का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष जगत जायसवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष अनवरी बेगम, उप जिलाधिकारी सदर/सचिव कबीर मगहर महोत्सव शैलेश दूबे, उप जिलाधिकारी मेंहदावल अरूण वर्मा, उप जिलाधिकारी धनघटा उत्कर्ष श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर कलेक्ट्रेट डा. सुनील कुमार, उप जिलाधिकारी संजीव राय, प्रशिक्षु उप जिलाधिकारी मंजुल मयंक, पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर ब्रजेश सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी यातायात दीपांशी राठौर, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. रामानुज कन्नौजिया, तहसीलदार सदर जनार्दन, तहसीलदार धनघटा योगेन्द्र कुमार पाण्डेय, नायब तहसीलदार सदर विजय गुप्ता, नायब तहसीलदार सेमरियांवा प्रियंका तिवारी, वरिष्ठ कोषाधिकारी वैभव कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार, समाज कल्याण अधिकारी महेन्द्र कुमार, आबकारी अधिकारी आर.पी. तिवारी, जिला बाट माप अधिकारी बी.पी. वर्मा, कार्यक्रम अधिकारी विजयश्री, जिला मत्स्य अधिकारी विजय मिश्र, महोत्सव समिति के सदस्य शिव कुमार गुप्ता, अवधेश कुमार, चेयरमैन प्रतिनिधि नुरूज्जमा अंसारी, सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज सहित नगर पालिका खलीलाबाद और नगर पंचायत मगहर के सभासद और विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी और आम जनमानस मौजूद रहे।



कबीर चौरा की खूबसूरती का अवलोकन करते अतिथि। फूल चढ़ाते हुए अतिथि।

# विधायक ने ग्रामीणों संग सुनी मन की बात

**संतकबीरनगर।** धनघटा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक गणेश चौहान ने रविवार को आज अपने विधानसभा क्षेत्र के महुली मंडल के बूथ संख्या 6 पड़रहा पर दर्जनों ग्रामीणों के साथ प्रधानमंत्री मोदी के 109वें संस्करण के मन की बात का सीधा प्रसारण सुना। पीएम मोदी के मन की बात का प्रसारण सुनने के बाद मौजूद ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए विधायक गणेश चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश के हर नागरिक को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने में जुटे हैं। सबका साथ सबका विकास और सबका प्रयास के मंत्र के साथ चल रही केंद्र और प्रदेश की सरकार गांव गांव विकसित भारत यात्रा संकल्प अभियान के तहत विकास योजनाओं से वंचित रह गए लोगों को तलाश कर सभी योजनाओं से आच्छादित कराने का प्रयास कर रही है। ऐसा साहस भरा कार्य आजाद भारत की किसी सरकार ने नहीं किया। यही वजह है कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा 400 से ज्यादा सीटें जीतने जा रही है और नरेंद्र मोदी जी लगातार तीसरी बार प्रचण्ड बहुमत के साथ देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश एकबार फिर विश्वगुरु बनने जा रहा है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राजीव गुप्ता, अनुसूचित मोर्चा जिला महामंत्री अजय सोनकर, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष गौरव तिवारी, पूर्व प्रधान सोनू चौहान, शिवबखरी प्रधान जितेंद्र, मेहनिया प्रधान प्रतिनिधि श्याम सुंदर चौधरी, मुकेश चौरसिया समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## 192 निराश्रित वृद्धों को पहुंचाया गया वृद्धाश्रम

**अमृत विचार, लखनऊ :** शीतलहर को देखते हुए समाज कल्याण विभाग ने निराश्रित वृद्धों को ठंड से बचाव का राज्यव्यापी अभियान शुरू किया है। इसके तहत अब तक 192 निराश्रित वृद्धों को वृद्धाश्रम पहुंचाया गया है।

# पीडीए जन पंचायत पखवाड़े का हुआ आयोजन

**मेंहदावल, अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आह्वान पर धौरापार के सोमहिया बाजार में समाजवादी पार्टी द्वारा पीडीए जन पंचायत पखवारे का आयोजन किया। जन पंचायत पखवारा कार्यक्रम में उपस्थित समाजवादी नेताओं ने जन पंचायत के साथ ग्रामवासियों से विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राज्यपाल कश्यप ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में हर क्षेत्र में विकास हुआ था। किन्तु भाजपा सरकार गरीबों से नाराजगी दिखा रही है।

समाजवादी सरकार द्वारा लागू की गई विकास योजनाओं को रोक दिया गया। बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर द्वारा निर्मित भारतीय संविधान में उल्लेखित सामाजिक न्याय की अवधारणा को ताकत देने के लिए दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक समाज और पीड़ित लोगों की बैठकें सभी विधानसभा क्षेत्रों में हो रही हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता जुट जाएं और स्थानीय कार्यकर्ता पीडीए जन पंचायत आयोजित कराएं। जिससे आगामी लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के पक्ष में जनमत तैयार कर भाजपा को सत्ता से हटाया जा सके। कश्यप ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का सबसे महत्वपूर्ण राज्य है। इस मौके पर तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पत्रकार एसो. तहसील इकाई धनघटा का गठन

धनघटा, संतकबीरनगर


एसोसिएशन की बैठक में मौजूद पत्रकार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन (ग्रापए) की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को धनघटा में आयोजित हुई। बैठक में तहसील कमेटी का गठन किया गया। जिलाध्यक्ष सौरभ कुमार त्रिपाठी की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में जिलाध्यक्ष की उपस्थिति में पदाधिकारी का चयन हुआ। धनघटा संत (कबीर नगर) रविवार को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की धनघटा तहसील इकाई के सदस्यों का आज जिला अध्यक्ष सौरभ त्रिपाठी के उपस्थिति में अश्वनी कुमार पांडेय को तहसील अध्यक्ष, उपाध्यक्ष अकील खान, गिरधारी लाल, परमात्मा यादव को मनोनीत किया गया। महामंत्री पद पर सुदर्शन प्रसाद तिवारी, घनश्याम शुक्ल, लालचंद दुसाद, मंत्री पद पर इंद्रमणि तिवारी, रविंद्र दहिवाल अभिमन्यु उपाध्याय को मनोनीत किया गया। संगठन मंत्री दुर्गेश मिश्र, प्रचार मंत्री सुधीर कुमार दूबे, कोषाध्यक्ष श्रीमती गुंजा मद्धेशिया, ऑडिटर के पद पर सुनील राय को मनोनीत किया गया।

**▸▸ अश्वनी पाण्डेय अध्यक्ष और सुदर्शन तिवारी बने महामंत्री**

वहीं सत्यम राणा, नियाज, अखिलेश यादव, विंध्यवासिनी, बलवंत पांडेय, प्रमोद गोस्वामी को आई टी सेल संयोजक तथा रमेश चंद्र को प्रशासनिक प्रभारी के पद पर मनोनीत किया गया। इसके अलावा अमित कुमार पांडेय को धनघटा तहसील का सदस्यता अभियान प्रमुख और आशुतोष मिश्र को विधिक सलाहकार तथा रामभजन वर्मा को धरना प्रदर्शन प्रभारी मनोनीत किया गया। मौजूद पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सौरभ कुमार त्रिपाठी ने बताया कि संगठन ने सभी पत्रकारों का सामूहिक दुर्घटना बीमा करा दिया है। लीलावती हॉस्पिटल समेत तमाम अस्पतालों द्वारा पत्रकारों को बेहद कम शुल्क पर बेहतरीन उपचार की सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि संगठन द्वारा सभी पत्रकार साथियों के लिए तमाम योजनाएं तैयार किया है। हम सभी को बड़े धैर्य के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते रहना है। पत्रकार साथियों को कभी असुरक्षा का एहसास नहीं होने दूंगा। घनश्याम त्रिपाठी, रमेश द्विवेदी, अकरम खान, बलवंत पाण्डेय, अमित पांडेय समेत पत्रकार मौजूद रहे।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डा. वी एस गौतम
शिवपार, पौली
संतकबीरनगर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सीता सिंह
ग्राम प्रधान
बढ़या मेंहदावल, संतकबीरनगर।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संजय प्रसाद
प्रधानाध्यापक
प्राथमिक विद्यालय डेफरा, हैंसरबाजार, संतकबीरनगर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डा. अशोक चौधरी
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
प्रबंधक निदेशक, अशोका हास्पिटल खलीलाबाद, संतकबीरनगर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विनोद कुमार
समाजसेवी,
संतकबीरनगर।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शैलेन्द्र सिंह
समाजसेवी,
नगरपंचायत मेंहदावल, संतकबीरनगर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जे.के. हास्पिटल
खलीलाबाद संतकबीरनगर
डा. ओमप्रकाश यादव
प्रबंध निदेशक
उपलब्ध सुविधाएं– 1–स्त्री एवं प्रसूति रोग, 2–नाक कान गला रोग विशेषज्ञ चिकित्सक (डा धर्मेंद्र कुमार)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डा. विजय कुमार गुप्ता
वरिष्ठ आर्थो सर्जन एवं प्रबंध निदेशक
सिद्धार्थ हास्पिटल
खलीलाबाद संतकबीरनगर।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अबरार खान
प्रधान प्रतिनिधि
विकास खंड, साथा संतकबीरनगर।

मन की बात की 109वीं और इस साल की पहली कड़ी में बोले प्रधानमंत्री

# संविधान निर्माताओं का भी प्रेरणा स्रोत रहा है राम का शासन: प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि अयोध्या के राम मंदिर में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर ने देश के करोड़ों लोगों को एक सूत्र में बांध दिया और इस दौरान सामूहिकता की जो शक्ति देखी गई वह विकसित भारत के संकल्पों का बहुत बड़ा आधार है। प्रधानमंत्री ने आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 109वीं और इस साल की पहली कड़ी में देशवासियों से संवाद करते हुए कहा कि राम का शासन देश के संविधान निर्माताओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत था।

उन्होंने कहा कि इस साल हमारे संविधान के निर्माण के 75 वर्ष और उच्चतम न्यायालय के भी 75 वर्ष हो रहे हैं और लोकतंत्र के ये पर्व लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत को और सशक्त बनाते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान की मूल प्रति के तीसरे अध्याय में भारत के नागरिकों के मूलभूत अधिकारों का वर्णन किया गया है और ये बहुत दिलचस्प है कि तीसरे अध्याय के प्रारंभ में संविधान निर्माताओं ने राम, माता सीता और लक्ष्मण जी के चित्रों को स्थान दिया था।

### परीक्षा पे चर्चा शिक्षा व परीक्षा से जुड़े मुद्दों पर बात करने का बहुत अच्छा माध्यम बनकर उभरा

छात्रों के साथ वार्षिक 'परीक्षा पे चर्चा' से एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि यह शिक्षा और परीक्षा से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने का बहुत अच्छा माध्यम बनकर उभरा है। आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 109वीं और इस साल की पहली कड़ी में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस वर्ष 2.25 करोड़ से अधिक विद्यार्थियों ने कार्यक्रम के लिए पंजीकरण किया है जबकि 2018 में जब यह कार्यक्रम पहली बार आयोजित किया गया था, उस वक्त यह संख्या केवल 22,000 थी। उन्होंने कहा-परीक्षा पे चर्चा का यह सातवां संस्करण होगा। यह एक ऐसा कार्यक्रम है, जिसका मैं हमेशा इंतजार करता हूं। इससे मुझे छात्रों के साथ बातचीत करने का मौका मिलता है और मैं उनके परीक्षा सबंधी तनाव को कम करने का भी प्रयास करता हूं।

## पूरे देश में नफरत और हिंसा फैलाई जा रही

**सिलीगुड़ी (पश्चिम बंगाल)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार पर देशभर में नफरत और हिंसा फैलाने तथा गरीबों और युवाओं के हितों को नजरअंदाज करके बड़े कॉरपोरेट घरानों के लिए काम करने का आरोप लगाया। गांधी उत्तर बंगाल के सिलीगुड़ी में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने सशस्त्र बलों के लिए एक अल्पकालिक भर्ती योजना 'अग्निवीर' को शुरू करके उन युवाओं का मखौल उड़ाया है जो सशस्त्र बलों में शामिल होना चाहते थे। उन्होंने कहा-देशभर में नफरत और हिंसा फैलाई जा रही है। इससे कोई फायदा नहीं होगा।





ठाणे में रविवार को ट्रैफिक नियमों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए ट्रैफिक पुलिस द्वारा आयोजित विंटेज कार और बाइक रैली में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ● एजेंसी

### एक नजर

#### मुंबई में क्रेन से कुचलकर मजदूर की मौत

**ठाणे।** महाराष्ट्र के नवी मुंबई में क्रेन से कुचलकर 20 वर्षीय एक मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि घटना शनिवार सुबह करीब 11.30 बजे खारघर इलाके में हुई। उसने बताया कि केबल बिछाने के लिए खुदाई की जा रही थी और मजदूर उस जगह पर एक केबल ड्रम को धकेल रहा था तभी अचानक उसका पैर फिसल गया और वह सड़क पर क्रेन के पास गिर गया। खारघर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि उस समय क्रेन संचालक ने मशीन को आगे बढ़ा दिया, जिससे कुचलकर मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान नवी मुंबई के बेलापुर इलाके के निवासी सुनील नरसीमा तांगड़ी के रूप में हुई है।

#### लड़की पर तेजाब फेंकने का आरोपी पकड़ा गया

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के बुराड़ी इलाके में एक स्कूल के समीप एक लड़की पर तेजाब जैसा तरल पदार्थ कथित तौर पर फेंकने को लेकर रविवार को 16 वर्षीय एक किशोर को पकड़ा गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। घटना बुधवार दोपहर एक बजे हुई, जब लड़की शास्त्री पार्क एक्सटेंशन इलाके में एक स्कूल से अपने 10 वर्षीय संबंधी को लाने के लिए गयी थी। घटना की शिकायत उसी दिन दर्ज कर बुराड़ी पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता के तहत प्राथमिकी भी दर्ज की गई।

## मराठा आरक्षण पर महाराष्ट्र सरकार के फैसले से मैं सहमत नहीं: नारायण राणे

**मुंबई।** केंद्रीय मंत्री नारायण राणे ने रविवार को कहा कि वह महाराष्ट्र सरकार के उस फैसले से सहमत नहीं हैं, जिसमें कहा गया है कि जबतक मराठों को आरक्षण नहीं मिल जाता है, तबतक उन्हें ओबीसी को मिल रहे सभी लाभ मिलेंगे। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री ने राणे 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि यह अन्य पिछड़ा वर्ग में अतिक्रमण होगा तथा इससे महाराष्ट्र में अशांति फैल सकती है। मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे ने महाराष्ट्र सरकार द्वारा उनकी मांगें मान लिये जाने के बाद शनिवार को अपना अनिश्चितकालीन उपवास खत्म कर दिया था। मुख्यमंत्री शिंदे ने घोषणा की थी कि जबतक मराठों को आरक्षण नहीं मिल जाता, तबतक उन्हें ओबीसी को प्राप्त सभी लाभ मिलेंगे।

## आप लोस चुनाव इंडिया के साथ मिलकर लड़ेगी : केजरीवाल

चंडीगढ़, एजेंसी



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि उनकी आम आदमी पार्टी (आप) हरियाणा की सभी 90 विधानसभा सीट पर अपने दम पर चुनाव लड़ेगी, लेकिन लोकसभा चुनाव विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के हिस्से के रूप में लड़ेगी।

लोकसभा चुनाव अप्रैल-मई में प्रस्तावित हैं जबकि विधानसभा चुनाव इस साल के अंत में होंगे। आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने जींद में पार्टी की 'बदलाव जनसभा' में कहा-आज लोगों को केवल एक ही पार्टी पर भरोसा है, जो आम आदमी पार्टी है। एक तरफ उन्हें पंजाब, तो दूसरी तरफ दिल्ली में हमारी सरकार दिखती है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा एक बड़ा बदलाव चाहता है। इसके पहले दिल्ली और पंजाब के लोगों ने यह बड़ा बदलाव किया था और अब वहां के लोग खुश हैं।

## दिल्ली के मंदिर में जागरण के लिए बनाया गया मंच गिरा, एक की मौत

नई दिल्ली,एजेंसी

▸▸ **शनिवार देर रात हुआ हादसा 17 अन्य लोग घायल**

दिल्ली में कालकाजी मंदिर में जागरण के लिए बनाए गए मंच के ढह जाने से 45 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई और 17 लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह दुखद घटना शनिवार देर रात करीब 12.30 बजे हुई। मृतका की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

पुलिस के अनुसार शनिवार को कालकाजी मंदिर के महंत परिसर में जागरण का आयोजन किया गया था और इसमें लगभग 1600 लोग शामिल हुए थे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने महिला की मौत पर शोक व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में मुख्यमंत्री केजरीवाल ने लिखा "कालकाजी मंदिर के जागरण में कल रात हुआ हादसा बेहद दुखद है, हादसे में एक महिला की मौत हुई है, ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दें।

घायल हुए 17 लोगों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूँ। उन्होंने लिखा-मेरी सभी दिल्लीवासियों से अपील है कि किसी भी तरह के बड़े आयोजन में सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखें, व्यवस्था इस प्रकार करें कि कोई भी अप्रिय घटना ना घटे। पुलिस उपायुक्त (दक्षिणपूर्व) राजेश देव ने बताया, कार्यक्रम के लिए कोई पूर्व अनुमति नहीं दी गई थी। हालांकि, कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त कर्मी तैनात किए गए थे। शनिवार रात लगभग 12.30 बजे 1,500-1,600 लोग एकत्र हुए थे। पुलिस के अनुसार आयोजकों और अति विशिष्ट लोगों के परिवारों के लिए मुख्य मंच के पास लोहे के फ्रेम के सहारे लकड़ी का ऊंचा मंच बनाया गया था। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि लगभग 12.30 बजे वजन अधिक होने के कारण यह मंच बीच में से ढह गया। इसके चलते मंच पर बैठे और जमीन पर उसके आसपास बैठे लोग घायल हो गए।

एक प्रत्यक्षदर्शी वरुण ने बताया कि मंदिर में बड़ी भीड़ थी क्योंकि गायक बी प्राक वहां मौजूद थे। बताया-अचानक मंच ढह गया और मंच के पास बैठे लोगों को चोटें आईं। गायक बी प्राक तब तक वहां से जा चुके थे। मंदिर में मौजूद एक अन्य व्यक्ति ने बताया कि उसने बहुत तेज आवाज सुनी और लोगों को बाहर भागते हुए देखा था।

## सम्राट चौधरी व विजय सिन्हा समेत छह अन्य ने कैबिनेट मंत्री के तौर पर ली शपथ

पटना, एजेंसी

जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के नेता नीतीश कुमार ने रविवार को नौवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री के तौर पर और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सम्राट चौधरी एवं विजय सिन्हा समेत छह अन्य ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली।

राजभवन में आयोजित समारोह में बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने श्री नीतीश कुमार के बाद भाजपा के सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, जदयू के विजय चौधरी, विजेंद्र यादव, श्रवण कुमार, भाजपा के ही प्रेम कुमार, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के संतोष कुमार सुमन और निर्दलीय सुमित कुमार सिंह को कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ दिलाई। इस मौके पर भाजपा समर्थकों ने जय श्री राम और मोदी मोदी के नारे लगाए। वहीं, हम के समर्थकों ने जय भीम तथा जदयू समर्थकों ने नीतीश कुमार के पक्ष पर नारा लगाया।

शपथ ग्रहण समारोह में बिहार विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस, हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीतनराम मांझी, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान, जदयू सांसद ललन सिंह, भाजपा नेता मंगल पांडे और राजीव प्रताप रूडी समेत कई अन्य गणमान्य शामिल थे ।


पटना : बिहार के राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर, नव-शपथ ग्रहण करने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा। ● एजेंसी

▸▸ **नीतीश कुमार नौवीं बार बने बिहार के मुख्यमंत्री**

### भाजपा ने 7 साल के छोटे सफर में उप मुख्यमंत्री बनाकर सम्राट चौधरी की पगड़ी का बढ़ाया मान

**पटना।** वंशवाद और परिवारवाद से परे की राजनीति का दावा करने वाली भाजपा ने सम्राट चौधरी को पार्टी के साथ महज 7 साल के छोटे सफर में ही बिहार का उप मुख्यमंत्री बनाकर उनकी पगड़ी का मान बढ़ा दिया है। भाजपा में वर्ष 2017 में शामिल हुए सम्राट चौधरी ने वर्ष 2022 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से नाता तोड़ राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नीत महागठबंधन में शामिल हो कर सरकार बनाने के बाद प्रण लिया था कि 'नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री की कुर्सी से उतारने के बाद ही वह अपनी पगड़ी खोलेंगे।' बिहार में सियासी हालात ऐसे बने कि श्री नीतीश कुमार को कुर्सी छोड़नी पड़ी और फिर एक नए समझौते के साथ उनकी (श्री कुमार) अगुवाई में सरकार बनी तब भाजपा ने श्री सम्राट चौधरी की आन-बान को कम नहीं होने दिया और उन्हें उप मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठाकर उनकी 'पगड़ी' का मान और बढ़ा दिया। श्री चौधरी के भाजपा में आने के एक साल बाद वर्ष 2018 में ही उन्हें बिहार भाजपा का उपाध्यक्ष बना दिया गया। इतना ही नहीं वर्ष 2020 में प्रदेश की राजग सरकार में उन्हें पंचायती राज मंत्री की जिम्मेवारी सौंपी गई। इसके बाद 27 मार्च 2023 को वह बिहार भाजपा के अध्यक्ष बनाए गए।

## कारोबार/कृषि

### एक नजर

#### भारत की गैस मांग 6% बढ़ने का अनुमान

**नई दिल्ली।** उर्वरक इकाइयों, बिजली उत्पादन और औद्योगिक क्षेत्रों में खपत बढ़ने के साथ भारत की प्राकृतिक गैस की मांग 2024 में छह प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने यह जानकारी दी। भारत में प्राकृतिक गैस की आपूर्ति 2022 में सालाना आधार पर सात प्रतिशत घट गई थी, हालांकि 2023 में इसमें पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। इस दौरान मुख्य रूप से पेट्रोरसायन, बिजली उत्पादन, रिफाइनरी और औद्योगिक क्षेत्रों से मांग बढ़ी।

#### सीएनएच पांच करोड़ डॉलर का करेगी निवेश

**नई दिल्ली।** इतालवी-अमेरिकी ऑफ रोड निर्माण और कृषि कंपनी सीएनएच इस साल भारत में कृषि मशीनरी खंड में पांच करोड़ डॉलर का निवेश करेगी। इसके अलावा कंपनी का इरादा इस साल मई में 105 एचपी का ट्रैक्टर भी उतारने का है। सीएनएच इंडिया के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। सीएनएच न्यू हॉलैंड ब्रांड नाम से कृषि मशीनरी और उपकरणों का उत्पादन और बिक्री करती है।

#### प्रौद्योगिकी के व्यापार पर कल होगी चर्चा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के शीर्ष अधिकारी, उद्योग जगत की दिग्गज हस्तियां और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ भारत की निर्यात नियंत्रण प्रणालियों पर 30 जनवरी को यहां चर्चा करेंगे। एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इस दौरान संवेदनशील वस्तुओं और प्रौद्योगिकी क्षेत्र के व्यापार तथा वैश्विक सर्वोत्तम व्यवहार पर विचार-विमर्श होगा। अधिकारी ने कहा कि रणनीतिक व्यापार नियंत्रण पर राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान निर्यात नियंत्रण प्रणालियों पर चर्चा के लिए अधिकारियों और नेताओं को एक मंच मिलेगा।

## बजट में मोदी की गारंटी छाए रहने की संभावना

### पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग बोले-पेश की जा सकती हैं लोकलुभावन योजनाएं

नई दिल्ली, एजेंसी



सरकार के आम चुनाव से पहले पेश किए जाने वाले बजट में मोदी की गारंटी की छाप रहने की संभावना है। इस अंतरिम बजट में मध्यम वर्ग, किसानों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों समेत मतदाताओं के बड़े वर्ग को आकर्षित करने के लिए 'लोकलुभावन योजनाएं' पेश की जा सकती हैं। यह बात पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग ने रविवार को कही। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार इस गारंटी को पूरा करने के लिए अगर जरूरत हुई, तो राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को लेकर थोड़ी रियायत भी ले सकती है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लोकसभा में एक फरवरी को वित्त वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करेंगी। यह उनका लगातार छठा बजट होगा।

गर्ग ने कहा कि वास्तव में, लोकसभा चुनाव से पहले पेश होने वाला अंतरिम बजट, सत्ता में मौजूद पार्टी के लिए मुफ्त एवं लोकलुभावन योजनाओं के जरिए मतदाताओं को आकर्षित करने का एक मौका होता है। वर्ष 2019 में आम चुनाव से पहले पेश अंतरिम बजट में भी हम ऐसा होते हुए देख चुके हैं। उन्होंने कहा-सरकार ने 2019 में मध्यम वर्ग, किसानों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों-को लक्षित किया था। कुल मिलाकर ये लगभग 75 करोड़ मतदाता हैं। ऐसी संभावना है कि सरकार इस बार भी इन मतदाताओं का खास ध्यान रखेगी।

### आगामी बजट से वाहन कंपनियों को भरोसा, हरित परिवहन को बढ़ावा देना जारी रखेगी सरकार

वाहन क्षेत्र की कुछ प्रमुख कंपनियों का मानना है कि सरकार को आगामी बजट में हरित परिवहन को बढ़ावा देने की नीति को जारी रखने की जरूरत है। उनका कहना है कि इसके अलावा बुनियादी ढांचा क्षेत्र की विकास की रफ्तार को भी कायम रखने की जरूरत है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को अंतरिम बजट पेश करेंगी। मर्सिडीज बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संतोष अय्यर ने कहा-हमारा अनुमान है कि बुनियादी ढांचा क्षेत्र की परियोजनाओं पर पूंजीगत व्यय जारी रहेगा। सरकार को हरित परिवहन के लिए नीतिगत प्रोत्साहन पर ध्यान जारी रखना चाहिए। इससे देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की स्वीकार्यता तेजी से बढ़ाने में मदद मिलेगी। वहीं टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के उप-प्रबंध निदेशक (कॉरपोरेट योजना, वित्त एवं प्रशासन और विनिर्माण) स्वप्नेश आर मारू ने कहा कि वाहन विनिर्माताओं को भरोसा है कि सरकार अर्थव्यवस्था और परिवहन क्षेत्र को एक ऐसे हरित भविष्य में स्थानांतरित करने की दिशा में अपना प्रयास जारी रखेगी जो जीवाश्म ईंधन पर कम निर्भर हो। जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक रघुपति सिंघानिया ने कहा कि वाहन क्षेत्र के लिए सतत नीतियों से इस क्षेत्र का विस्तार होगा।

## लाल सागर संकट से तेल आपूर्ति में व्यवधान नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **एचपीसीएल प्रमुख बोले, पिछले साल रूसी आपूर्ति 35 प्रतिशत से अधिक**

हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के चेयरमैन पुष्प कुमार जोशी ने कहा कि लाल सागर में हुती विद्रोहियों द्वारा माल ढुलाई जहाजों पर किए जा रहे हमलों से भारत में कच्चे तेल की आपूर्ति पर कोई असर नहीं पड़ा है। उन्होंने कहा कि हालांकि, रास्ता बदलकर अपेक्षाकृत लंबे 'केप ऑफ गुड होप' मार्ग अपनाने के कारण माल ढुलाई की लागत बढ़ गई है। तीसरे सबसे बड़े तेल आयातक भारत में रूस से तेल की आपूर्ति लाल सागर मार्ग से होती है।

पिछले साल भारत के कुल कच्चे तेल के आयात में रूसी आपूर्ति 35 प्रतिशत से अधिक थी, जो प्रति दिन 17 लाख बैरल थी। रूसी जहाज और मालवाहक फिलहाल हमलों का मुख्य लक्ष्य नहीं हैं। हालांकि, स्वेज नहर और लाल सागर के माध्यम से आवागमन के बजाय अफ्रीका के दक्षिणी सिरे के आसपास का मार्ग अपनाने से जहाजों को लंबी यात्राएं करनी पड़ रही हैं, जिससे जहाजों की कमी हो गई है और माल ढुलाई लागत में वृद्धि हो गई है।



चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर, 2023) के नतीजे आने के बाद निवेशकों के साथ एक बातचीत में जोशी ने कहा कि एचपीसीएल ने अप्रैल के मध्य तक कच्चे तेल की आपूर्ति तय कर दी है और उसे आपूर्ति में कोई बाधा नहीं दिख रही है। उन्होंने कहा कि एचपीसीएल अपनी कच्चे तेल की 44-45 प्रतिशत जरूरतों को सऊदी अरब और इराक की राष्ट्रीय कंपनियों से किए गए करार के जरिए पूरा करती है।

### मार्ग से देश का निर्यात 50%, आयात 30%

**मुंबई।** लाल सागर जल मार्ग के आसपास चल रहे संकट का प्रभाव विभिन्न उद्योगों के आधार पर अलग-अलग होगा। एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष में देश के निर्यात का 50 प्रतिशत और आयात का 30 प्रतिशत इस मार्ग से हुआ है। क्रिसिल रेटिंग्स ने लाल सागर संकट के कारण देश में विभिन्न व्यापार खंडों पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर एक रिपोर्ट तैयार की है। लाल सागर व्यापारिक मार्ग में संकट तब शुरू हुआ जब यमन स्थित हुती विद्रोहियों ने अक्टूबर, 2023 में शुरू हुए इजरायल-फलस्तीन युद्ध के कारण नवंबर में वहां से गुजरने वाले वाणिज्यिक माल ढुलाई जहाजों पर लगातार हमले किए।

## शीर्ष 10 में से सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.16 लाख करोड़ रुपये घटा

नई दिल्ली, एजेंसी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात का सामूहिक बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) पिछले सप्ताह 1.16 लाख करोड़ रुपये घट गया। सबसे अधिक नुकसान एचडीएफसी बैंक को हुआ।

कम कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह के दौरान बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 982.56 अंक या 1.37 प्रतिशत के नुकसान में रहा। शीर्ष 10 सबसे कंपनियों में से रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई। वहीं आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस और भारती एयरटेल की बाजार हैसियत बढ़ गई। समीक्षाधीन सप्ताह में एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्यांकन 32,661.45 करोड़ रुपये घटकर 10,90,001.31 करोड़ रुपये रह गया। एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 20,682.74 करोड़ रुपये घटकर 5,71,337.04 करोड़ रुपये पर आ गया।

## टोल फ्री पर आए फसल बीमा के दावे कर दिए गए गोल

प्रशांत सक्सेना, अमृत विचार

▸▸ **2023-24 में कितने व्यक्तिगत दावे, कितने स्वीकार व कितने निरस्त पता नहीं**

▸▸ **क्लेम बचाने के चक्कर में कंपनियों ने कृषि विभाग को नहीं दिया कॉल विवरण**

**लखनऊ :** बीमा कंपनियों ने खरीफ 2023-24 में बीमित फसलों का क्लेम बचाने के चक्कर में व्यक्तिगत दावे गोल कर दिए। जो बारिश या फिर आपदा के समय किसानों ने टोल फ्री नंबर पर काल कर दर्ज कराए थे। नुकसान के समय प्रदेश में टोल फ्री नंबर पर कितनी काल आई, कितने दावे स्वीकार किए और कितने निरस्त किए यह व्यक्तिगत दावे कंपनियां छिपा गईं। कृषि विभाग को भी इस तरह का विवरण नहीं दिया गया। इससे यह माना जा रहा कि कंपनियों ने हर बार की तरह ज्यादातर व्यक्तिगत दावे निरस्त कर दिए। क्योंकि नुकसान के समय टोल फ्री नंबरों पर 72 घंटे के अंदर कॉल कर शिकायत दर्ज की जाती है। इसी आधार पर कंपनियों को फसल का सर्वे कर 100 फीसद क्षतिपूर्ति 21 दिन के अंदर देय होती है। इसमें कंपनियों को घाटा होता है। जिसे बचाने के लिए दावे निरस्त कर कॉल रिपोर्ट दबा लेती हैं।



**... तो किस आधार पर 6 करोड़ :** खरीफ 2023-24 में 23.54 लाख किसानों ने धान, बाजरा, मक्का, तिल, उड़द, मूंगफली, सोयाबीन आदि फसल बीमित कराई थी। कंपनियों ने 600 करोड़ प्रीमियम लिया था। इसमें 8 हजार किसानों को 6 करोड़ रुपये क्षतिपूर्ति देना बताया जा रहा है। जबकि 5 हजार किसानों का 3 करोड़ बकाया है। लेकिन, इसमें व्यक्तिगत दावे कितने और मध्यावधि की क्षतिपूर्ति कितनी यह स्पष्ट नहीं है। ऐसे में क्रॉप कटिंग यानी कटाई के दौरान उपज के आधार पर क्षतिपूर्ति दी जाएगी। इसमें कंपनियों को फायदा और किसानों को घाटा होता है।

वहीं इस संबंध में उमा शंकर सिंह, उप निदेशक (फसल बीमा एवं सांख्यिकीय, कृषि निदेशालय) ने बताया कि खरीफ का 6 करोड़ रुपये भुगतान किया गया है। इसमें मध्यावधि व व्यक्तिगत दावे शामिल हैं। लेकिन अलग-अलग संख्या स्पष्ट नहीं है। टोल फ्री पर आए व्यक्तिगत दावों की कॉल रिपोर्ट सभी कंपनियों से मांगी गई है।

### इतने किसानों की फसल बीमित

केसीसी किसान - 20.17 लाख
गैरऋणी किसान - 3.37 लाख
बीमित क्षेत्रफल - 291.13 लाख

### ये लिया गया प्रीमियम

कुल - 600.95
कृषक - 181.13
राज्य अंश - 209.91
केंद्र अंश - 209.91 (करोड़ में)

## एक नजर

### बालीः विश्व का पहला प्राइवेट जेट विला, 1 रात का किराया 5.4 लाख



**जकार्ता।** इंडोनेशिया के बाली में 30 साल के रूसी प्रॉपर्टी डेवलपर फेलिक्स डेमिन ने समुद्र किनारे दुनिया का पहला प्राइवेट जेट विला बनाया है। पुराने बोइंग 737-200 में बने इस विला में एक रात रहने का किराया 5 .4 लाख रुपये है। ये विला 2 साल में 8 .3 करोड़ रुपये में बना है। हालांकि, भीड़-भाड़ से दूर यहां एक शांत वातावरण है। कॉकपिट में हॉट टब के साथ एक चट्टान पर स्थित यह दुनिया का सबसे अनोखा होटल है। विमान के ढांचे से निर्मित पहला लक्जरी विला है। बाली में न्यांग न्यांग बीच चट्टानों पर स्थित है और इसे बोइंग 737 विमान का उपयोग करके बनाया गया था।

### अमेरिका के लॉस एंजिलिस में गोलीबारी, चार लोगों की मौत

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका के लॉस एंजिलिस में शनिवार को गोलीबारी की घटना में चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने इस हत्या के बाद आत्महत्या का मामला बताया है। लॉस एंजिलिस पुलिस विभाग ने सोशल मीडिया पर एक बयान साझा कर बताया कि लेर्डो एवेन्यू के 11600 ब्लॉक में गोलीबारी की सूचना मिलने पर अधिकारी रात सात बजे से पहले घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल पर चार लोगों को मृत घोषित किया गया और जांचकर्ताओं के अनुसार, यह हत्या के बाद आत्महत्या करने का मामला है।

### सदन की कार्यवाही में व्यवधान कोविड के खतरे से कम नहींः उपराष्ट्रपति धनखड़

# ‘चर्चा’ लोकतंत्र की आधारशिला

मुंबई, एजेंसी

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि ‘चर्चा’ जो लोकतंत्र की आधारशिला है, हंगामे में तब्दील हो गई है और सदन की कार्यवाही में व्यवधान लोकतंत्र के लिए कोविड के खतरे से कम नहीं है।

धनखड़ ने 84वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि विधायी निकायों के पीठासीन अधिकारियों को सदन की मर्यादा सुनिश्चित करने के लिए अपने अधिकार का इस्तेमाल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि विधायी निकायों की कार्यवाही में व्यवधान एक दुखद परिदृश्य है। धनखड़ ने कहा, यह कोई रहस्य नहीं है कि गड़बड़ी और व्यवधान की योजना बनाई जाती है, जिसके लिए बैनर छापे जाते हैं और नारे गढ़े जाते हैं। ऐसी चीजों का हमारी प्रणाली में कोई स्थान नहीं है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि प्रतिनिधि संस्थाओं और प्रतिनिधियों में जनता के विश्वास का कम होना समाज के लिए कैंसर है। धनखड़ ने कहा कि पीठासीन अधिकारियों को सदन की कार्यवाही पर बारीक नजर रखनी चाहिए और मर्यादा सुनिश्चित करने के लिए अपने अधिकार का इस्तेमाल करना चाहिए।

उन्होंने कहा, पीठासीन अधिकारी लोकतांत्रिक स्तंभों के संरक्षक हैं। उन्होंने अफसोस जताया कि (सदन में) अनुशासनहीनता और अशोभनीय व्यवहार की घटनाएं बढ़ रही हैं और व्यवधान डालने में गर्व महसूस किया जाता है। धनखड़ ने कहा, यह परेशान करने वाला परिदृश्य है और इससे बाहर निकलने का रास्ता खोजने के लिए आत्ममंथन की जरूरत है। धनखड़ ने कहा कि पीठासीन अधिकारियों के कर्तव्यों में यह सुनिश्चित करना शामिल है कि विधायी प्रक्रिया सार्थक, जवाबदेह, प्रभावी और पारदर्शी हो तथा जनता की आवाज उठायी जाए। उन्होंने कहा, जनता की ओर देखें। वे हमें चुनते हैं, उन्हें हमसे उम्मीदें हैं। वे चाहते हैं कि उनकी आकांक्षा हमारे माध्यम से साकार हो। ऐसे में, जब कोई कार्यवाही में व्यवधान पैदा करता है तो यह उनके (जनता) लिए कितना कष्टदायक होता है। तब यह और भी अधिक पीड़ादायक होता है, जब व्यवधान करने में गर्व महसूस किया जाता है।

#### अशोभनीय आचरण की जगह हमारे देश के संसद में नहीं



84वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधन में उपराष्ट्रपति ने कहा कि संसद में हंगामा और कार्यवाही बाधित करने की योजना बनाई जाती है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक इशारों पर तख्तियां छपवाई जाती हैं। उपराष्ट्रपति के मुताबिक सदन में नारेबाजी के लिए भी रणनीति बनाकर हंगामे होते हैं। इन बातों में कुछ भी अब रहस्य जैसा नहीं। संसद में ऐसे अशोभनीय आचरण की कोई जगह हमारे देश के सिस्टम में नहीं है। उन्होंने कहा कि संसद और विधानसभाओं के प्रति कम होता जनता का भरोसा कैंसर जैसा है।

## नेपालः ग्लेशियर पिघलने से बाढ़ का खतरा, अब बिजली बना रहे

**काठमांडू।** नेपाल उच्च हिमालयी क्षेत्रों में ग्लेशियर पिघलने से गांवों को बाढ़ से बचाने के लिए छोटे-छोटे बांध बनाए जा रहे हैं। इनपर हाइड्रो पावर संयंत्र लगाने का प्रयोग कामयाब है। 2017 में पहली बार तिब्बत सीमा से लगे नेपाल के क्यानजिन घाटी के दो गांवों में हाइड्रो पावर प्लांट से 175 घरों में रोशनी, खाना पकाने और अन्य जरूरतों के लिए बिजली दी जा रही है।

गर्मी बढ़ने से हिमालय की ऊंची चोटियों की बर्फ पिघल रही है। इससे तेजी से भरने वाली हिमनद झीलों के नीचे स्थित गांवों में विनाशकारी बाढ़ का खतरा मंडराता रहा है। इससे निपटने के लिए नेपाल ने छोटी-छोटी नहरें भी बनाई हैं। बता दें कि पिछले साल अक्टूबर में पूर्वोत्तर भारतीय प्रांत सिक्किम में ल्होनक झील के फटने से 150 से अधिक लोग मारे गए और 2 हजार घर गिर गए थे। नेपाल सरकार ने त्रासदी को देखते हुए पहल की है, और कई प्रोजेक्ट्स पर काम किया जा रहा है।

## नौकरी करने वाले नहीं, देने वाले बनें: धर्मेंद्र प्रधान

मुंबई, एजेंसी

▸▸ आईआईएम के दीक्षांत समारोह में बोले- 2047 तक विकसित भारत में शिक्षा का होगा अहम योगदान



केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि साल 2047 तक विकसित भारत बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना पूरा करने में शिक्षा और तकनीक का योगदान अहम होगा। आईआईएम मुंबई के प्रथम दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि प्रधान ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे विकसित इकोनॉमी बन सकती है और विकसित भारत मे हम दुनिया को साथ लेकर चलेंगे। उन्होंने नए स्नातकों का आह्वान किया कि नौकरी करने वाले नही नौकरी देने वाले बनें।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की उपस्थिति में संस्थान के 1013 छात्रों को स्नातकोत्तर डिग्री प्रदान की गई। साल 1963 में स्थापित, भारतीय प्रबंधन संस्थान मुंबई (आईआईएम मुंबई) शैक्षिक उत्कृष्टता के केंद्र का गढ़ है, जिसने देश के शैक्षिक परिदृश्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के साथ संरेखित करने की प्रतिबद्धता के साथ, आईआईएम मुंबई को रसद और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में क्षमता निर्माण के लिए नोडल केंद्र के रूप में नामित किया गया है, जो शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान के कार्यान्वयन में सक्रिय रूप से योगदान देता है। आईआईएम मुंबई तीन एमबीए कार्यक्रम, उद्योग की जरूरतों को पूरा करने वाले कार्यपालक कार्यक्रम, वैश्विक और राष्ट्रीय प्रमाणन कार्यक्रमों की पेशकश करता है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और अतिथि के रूप में प्रबंध निदेशक और सीईओ, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) आशीष कुमार चौहान और आईआईएम मुंबई शासी मंडल के अध्यक्ष शशि किरण शेट्टी और अन्य सदस्य शामिल थे।

## पाकिस्तानः बलूचों पर अत्याचार मानवाधिकारों का उल्लंघन

वाशिंगटन, एजेंसी

▸▸ अमेरिका बेचैन, सांसद शेरमन पाकिस्तान पर बोले- अमेरिका अत्याचार पर चुप नहीं बैठेगा

अमेरिकी सांसद ब्रैड शेरमन ने पाकिस्तान के बलूचिस्तान में लोगों पर हो रही हिंसा पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को बलूचिस्तान में लोगों को गायब करने, हत्याएं बंद करनी चाहिए। शनिवार को उन्होंने बलूचिस्तान और सिंघ क्षेत्रों में लोगों के जबरन गायब होने के मुद्दे पर अपनी चिंता व्यक्त की है।

एक कार्यक्रम में अमेरिकी सांसद ब्रैड शेरमन ने कहा कि हालांकि अमेरिका पाकिस्तान के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करता है, लेकिन वहां हो रहे मानवाधिकार उल्लंघन पर चुप नहीं रह सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम दुनियाभर में मानवाधिकार उल्लंघनों के खिलाफ खड़े हैं और पाकिस्तान में इस तरह का उल्लंघन दिखाई दे रहा है। कांग्रेसी सांसद की पाकिस्तान में मानवाधिकारों के उल्लंघन की चिंता ने पाकिस्तान की पोल खोल दी है।

शेरमन ने सिंध फाउंडेशन के सूफी लघारी और फातिमा के साथ अपनी चर्चाओं को सोशल मीडिया पर साझा किया है। सिंध प्रांत में लोगों के गायब होने और हत्याओं की खबरें सामने आ रही हैं। उन्होंने मानवाधिकार उल्लंघनों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे नेता महरंग बलूच के मामले पर जोर डाला है। उन्होंने लिखा कि महरांग बलोच 16 साल की थी, जब पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने उनके पिता का अपहरण कर लिया था।

## फ्रांसीसी पत्रकार को नोटिस, भारत बोला- वीजा नियमों का हुआ उल्लंघन

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने हाल ही में फ्रांस की एक महिला पत्रकार वेनेसा डौगनेक को नोटिस जारी किया था। यह नोटिस फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के नई दिल्ली दौरे से पहले जारी किया गया था।

मैक्रों की यात्रा के बीच इस मामले पर भी खूब चर्चा हो रही थी। अब भारत ने शुक्रवार को स्पष्ट किया है कि उनको यह नोटिस वीजा नियमों के उल्लंघन के कारण जारी किया गया है। वेनेसा को गृह मंत्रालय के तहत काम करने वाले विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) ने नोटिस जारी किया था। भारत ने फ्रांस से कहा कि दिल्ली में रहने वाली फ्रांसिसी पत्रकार को वीजा नियमों के उल्लंघन के कारण नोटिस जारी किया गया है।

## मालदीव की संसद में सत्तारूढ़ और विपक्षी सांसदों में मारपीट

माले, एजेंसी

▸▸ घायल नेता को इलाज के लिए भेजा गया अस्पताल

मालदीव की संसद के विशेष सत्र में रविवार को पीपीएम व पीएनसी पार्टी की गठबंधन सरकार के सांसदों और विपक्षी सांसदों के बीच जमकर मारपीट हुई। इसमें कुछेक सांसद घायल हो गए हैं और सरकार के प्रस्ताव पर संसद की मंजूरी नहीं मिल पाने से मोहम्मद मुइज्जू सरकार को करारा झटका लगा है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, सनसनीखेज वीडियो फुटेज में कुछ चौंकाने वाले दृश्य देखने को मिले।

इसमें मुख्यतः मारपीट विपक्षी एमडीपी सांसद इसा और सत्तारूढ़ पीएनसी सांसद अब्दुल्ला शहीम अब्दुल हकीम के बीच होती देखी जो सतारूढ़ गठबंधन और विपक्षी दलों की मारपीट में बदल गई। बात दें, वीडियो में शमीम को इसा का पैर पकड़कर खींचते और फिर दोनों सांसदों के एक साथ जमीन पर गिरते दिखाया गया है। वहीं दूसरे फुटेज में ईसा को शहीम की गर्दन पर लात मारते और उनके बाल खींचते देखा गया। दोनों सांसदों की गुत्थम-गुत्था में और कई सांसद भी लपेटे में आ गए। एक अन्य फुटेज में कई अन्य सांसदों को शहीम को खींचकर दूसरी तरफ ले जाता भी देखा गया है। स्थानीय मीडिया के अनुसार इस भीषण मार-पिटाई के बाद घायल एक सांसद को एम्बुलेंस से इलाज के लिए अस्पताल भेजना पड़ा। मंत्रियों की पुनर्नियुक्ति को दोपहर 1.30 बजे मंजूरी दी जानी थी, लेकिन कुछ पीएनसी सांसदों ने सदन को घेर लिया और सत्र को बाधित कर दिया।

### अंडरवाटर मेट्रो...



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में हुगली नदी के नीचे से गुजरने वाली देश की पहली अंडरवाटर मेट्रो के सफर को रोमांचक और यादगार बनाया जा रहा है। हुगली नदी तल से 13 मीटर और जमीन से करीब 33 मीटर नीचे से गुजरने वाली 520 मीटर लंबी टनल में दोनों तरफ नीले रंग की लाइट लगाई गई है। इससे पानी के अंदर होने का अहसास होगा। सफर ज्यादा रोमांचक बनाने के लिए लाइट्स से ही टनल की दीवारों पर मछलियां बनाई गई हैं। ● एजेंसी

## लालच देकर स्वदेशी समुदायों का हो रहा धर्मांतरण

▸▸ आठवें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में हिमंत बोले- युवा स्वदेशी आस्थाओं -धर्मों को जीवित रखें

डिब्रूगढ़, एजेंसी

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने रविवार को कहा कि भारत के स्वदेशी समुदाय अक्सर मुख्यधारा के धर्मों द्वारा धर्मांतरण के प्रयासों का लक्ष्य बन गए हैं। जिससे व्यक्तियों को भौतिक लालच देकर भ्रमित किया जाता है। उन्होंने युवा पीढ़ी से स्वदेशी आस्थाओं और धर्मों को जीवित रखने का आग्रह किया।

साथ ही उन्होंने इस मुद्दे पर अपनी सरकार के द्वारा उठाए गए कदमों को साझा किया। आठवें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन और बुजुर्गों की सभा के उद्घाटन सत्र में बोलते हुए उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से भारत में स्वदेशी समुदाय अक्सर मुख्यधारा के धर्मों द्वारा रूपांतरण प्रयासों का लक्ष्य बन जाते हैं। कई धार्मिक समूहों द्वारा की जाने वाली गतिविधियों के परिणामस्वरूप स्वदेशी आस्था का पालन करने वालों की आबादी में गिरावट आ सकती है। उन्होंने कहा कि मिशनरी संगठनों द्वारा दिए जाने वाले भौतिक लाभ, शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल लाभों का प्रलोभन व्यक्तियों को धर्म परिवर्तन के लिए प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि हमें स्वदेशी धार्मिक प्रथाओं की रक्षा करनी होगी। इन आस्थाओं को मानने वालों की आबादी में गिरावट दर्ज की गई है। जिसका असर संस्कृति और प्रथाओं पर पड़ता है। हिमंत ने कहा कि स्वदेशी आस्थाओं औ प्रथाओं का पालन करना युवा पीढ़ी का दायित्व और कर्तव्य है।



रविवार को डिब्रूगढ़ में आईसीसीएस द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के साथ असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा।

### हिमंत सरमा ने बिहार में सरकार बनने पर दी बधाई

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार बनने पर बधाई दी। सरमा ने कहा- बिहार को विकास और समृद्धि की नई ऊंचाइयों की ओर ले जाने में नेतृत्व की सफलता की कामना करता हूं। सरमा ने एक्स पर पोस्ट कर कहा- बिहार में राजग सरकार बनने से खुशी हुई। मुख्यमंत्री की भूमिका संभालने के लिए नीतीश कुमार जी को बधाई और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

## विपक्ष मैदान से दूर, प्रत्याशियों से बोले इमरान- प्रचार करो या हटो

इस्लामाबाद, एजेंसी

▸▸ इमरान की दो टूक- चुनावी रैली शुरू करें, अन्यथा उनका टिकट काटकर दूसरे उम्मीदवारों को देंगे

पाकिस्तान में 8 फरवरी को होने जा रहे आम चुनाव के लिए प्रचार शुरू हो गया है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल- एन) प्रमुख नवाज शरीफ अपने भाई शाहबाज के साथ रोज रैलियां कर रहे हैं। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) भी अभियान शुरू कर चुकी है।

लेकिन, देश की सबसे लोकप्रिय पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए- इंसाफ (पीटीआई) मैदान से गायब है। उसके नेता सत्ता-सेना के डर से चुनाव प्रचार के लिए ही नहीं उतर रहे हैं। इस कारण अदियाला जेल में बंद इमरान ने पार्टी के उम्मीदवारों को चेतावनी दी है। इमरान ने कहा कि पार्टी उम्मीदवार रविवार से चुनाव अभियान शुरू करें, अन्यथा उनका टिकट काटकर दूसरे उम्मीदवारों को दे देंगे। पीटीआई ने नेशनल असेंबली की 272 सीटों में से 266 पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। इमरान को पिछले साल मई में जेल भेज दिया गया। पार्टी के चुनावी चिह्न बल्ला इस महीने छीन लिया गया। बल्ला चुनाव चिह्न छीने जाने के कारण पीटीआई के सभी उम्मीदवार अलग-अलग चुनाव चिह्नों के साथ चुनाव लड़ेंगे।

### इमरान की बहन बोलीं- भाई के साथ भुट्टो जैसा न हो

इमरान की बहन अलीमा खान ने बताया कि हमारे परिवार का कोई भी सदस्य चुनाव नहीं लड़ रहा है। हमें इमरान पर लादे गए आपराधिक मामलों की चिंता है। उन्होंने कहा कि इमरान के साथ वैसा बर्ताव न हो, जैसा भुट्टो के साथ हुआ था। उन्होंने आरोप लगाया कि नवाज अब सत्ता में किसी को आने नहीं देना चाहते।

## ईरान ने क्षेत्रीय तनाव बढ़ने पर 3 सैटेलाइटों का किया प्रक्षेपण

**तेहरान।** ईरान ने रविवार को कहा कि उसने तीन उपग्रहों को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में लॉन्च किया है। ईरान की मीडिया ने कहा कि प्रक्षेपण में ईरान के सिमोर्ग रॉकेट का सफल उपयोग भी देखा गया, जिसमें पहले कई विफलताएं हुई हैं।

अमेरिका ने पहले कहा है कि ईरान के उपग्रह प्रक्षेपण संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव की अवहेलना करते हैं और तेहरान से परमाणु हथियार पहुंचाने में सक्षम बैलिस्टिक मिसाइलों से जुड़ी कोई गतिविधि नहीं करने को कहा है। ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम से संबंधित संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंध पिछले अक्टूबर में समाप्त हो गए। अमेरिकी खुफिया समुदाय ने कहा कि प्रक्षेपण वाहनों के विकास से ईरान के लिए अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल विकसित करने की समयसीमा कम हो गई है, क्योंकि इसमें समान तकनीक का इस्तेमाल होता है।

## यहूदी विरोधी भावनाओं के खिलाफ खड़े रहेंगेः बाइडन

वाशिंगटन, एजेंसी

▸▸ बोले- हम सदैव समुदाय के साथ अमेरिका विश्वभर के देशों के साथ काले अध्याय पर मना रहा शोक

शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय प्रलय स्मरण दिवस पर अमेरिकी राष्ट्रपति राष्ट्रपति जो बाइडन ने एक बयान जारी करते हुए प्रतिक्षा की कि यहूदी विरोधी भावना के खिलाफ वे खड़े रहेंगे। होलोकॉस्ट से बचे सभी यहूदी लोगों को याद करते हुए फिर कभी नहीं का वादा किया है। बाइडन ने कहा कि अमेरिका विश्वभर के देशों के साथ मिलकर मानव इतिहास के इस काले अध्याय पर शोक मना रहा है। नाजियों द्वारा ली गई जानों पर शोक मनाते हैं।

बाइडन के कहा कि पिछले साल से एक बार फिर यहूदी विरोधी भावना सिर उठाने लगी है। सात अक्टूबर को गाजा स्थित आतंकी संगठन हमास ने इस्राइल पर पांच हजार रॉकेट दागे थे। जिसमें 1200 लोग की मौत हो गई थी। इस दौरान बड़ी संख्या में इस्राइली नागरिकों के बंधक बनाया गया है। होलोकॉस्ट के बाद सात अक्तूबर ही यहूदी लोगों के खिलाफ की गई कार्रवाई थी। बाइडन ने कहा कि इस्राइल पर हमसा के हमले के बाद अमेरिका दुनियाभर में यहूदी विरोधी भावना में हो रही बढ़ोतरी को लेकर चिन्तिंत है। क्योंकि बड़ी संख्या में यहूदी लोगों को निशाना बनाया जा रहा है।

### हेली ने बढ़ती उम्र पर उठाए सवाल, ट्रंप का पलटवार

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि वह दिमागी तौर पर 20 साल पहले जितने तेज थे, अब उससे भी तेज हो गए हैं। ट्रंप का यह बयान ऐसे वक्त सामने आया है, जब उनकी प्रतिद्वंदी निक्की हेली ने बढ़ती उम्र को लेकर पूर्व राष्ट्रपति पर निशाना साधा है। ट्रंप ने ये भी कहा कि राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों का दिमागी टेस्ट भी होना चाहिए।

**अध्ययन** शोध में पाया गया कि फोन इस्तेमाल कर रहा व्यक्ति अन्य की तुलना में 10 फीसदी धीमी गति से चलता है

# धीमे चलने से फिटनेस पर पड़ता है बुरा असर

न्यूयॉर्क, एजेंसी

चलते समय फोन का इस्तेमाल शारिरिक और मानसिक तौर पर खतरनाक साबित हो सकता है। विशेषज्ञ बताते हैं कि जब हम चलते समय फोन का इस्तेमाल करते हैं, तो चाल बदलने के कारण हमारी गति धीमी पड़ जाती है। लोग छोटे-छोटे कदम लेते हैं और दोनों पैर ज्यादा समय तक जमीन पर रहते हैं।

शोध से पता चला है कि फोन इस्तेमाल कर रहा व्यक्ति अन्य की तुलना में 10% धीमी गति से चलता है। अगर चलना दैनिक शारीरिक गतिविधि का एक बड़ा हिस्सा है, तो ज्यादा देर धीरे-धीरे चलने से इसका फिटनेस पर बुरा असर पड़ सकता है। सीधे चलने के बजाए फोन देखने के लिए नीचे झुके रहने से गर्दन और ऊपरी पीठ की मांसपेशियों पर भी भार बढ़ जाता है।

इससे जरूरत से ज्यादा थकान और मांसपेशियों के दर्द का सामना करना पड़ सकता है। 2023 के एक अध्ययन में फोन देखते हुए आउटडोर पार्क में चलने के मनोवैज्ञानिक प्रभावों की जांच की गई। आमतौर पर खुले वातावरण में चलने के बाद लोग मानसिक तौर पर अच्छा महसूस करते हैं। लेकिन, शोध से पता चला है कि चलने के साथ फोन देखने से लोगों में स्ट्रेस हॉर्मोन कोर्टिसोल का स्तर बढ़ गया था। अन्य शोधों से साबित हुआ है कि कोर्टिसोल बढ़ने से लोगों में उत्साह और खुशी कम होने के साथ तनाव बढ़ने की आशंका रहती है।

चलते समय फोन का इस्तेमाल करने से बॉडी बैलेंस बिगड़ने से गिरने का खतरा भी बढ़ जाता है। एक अध्ययन में इकट्ठा किए गए आठ साल के सरकारी आंकड़ों से पता चला है कि लगभग 30 हजार लोग चलते समय फोन का इस्तेमाल करने के कारण घायल हुए थे। चोटों के लिए उम्र मुख्य जोखिम कारकों में से एक थी। 11 से 20 साल के युवाओं में चोटों का अनुपात सबसे ज्यादा था। इसके बाद 20, 30 और 40 साल के वयस्क शामिल थे।

### टेक्स्ट नेक से होता है अत्यधिक तनाव



टेक्स्ट नेक (अति प्रयोग सिंड्रोम) आमतौर पर किसी भी हाथ में लिए गए फोन को नीचे झुक कर देखने से गर्दन पर अत्यधिक तनाव के परिणामस्वरूप होता है। इससे सिरदर्द, गर्दन में दर्द, कंधे और बांह में दर्द, सांस लेने में मुश्किल हो सकती है। इस तरह की आदत लोगों को एक प्रकार से अपंग बना देती है। अध्ययन में पाया गया है कि ऐसा करने से लोगों को आदत पड़ जाती है, फिर टेक्स्ट नेक के आदी हो जाते हैं। जिससे शरीर में एक बीमारी का रूप धारण हो जाता है।

## फ्रांस में मोनालिसा की पेंटिंग पर फेंका गया सूप म्यूजियम में मची भगदड़

**पेरिस।** पेरिस में मौजूद लौवर म्यूजियम में रखे प्रतिष्ठित मोनालिसा पेंटिंग पर सूप फेंका गया। फ्रांस में कृषि प्रणाली में बदलाव की जरूरतों को लेकर प्रदर्शन कर रहे दो प्रदर्शनकारियों ने पेंटिंग पर सूप फेंका।



गौरतलब है कि पेंटिंग बुलेटप्रूफ शीशे में सुरक्षित रूप से रखा गया है, इसलिए इससे पेंटिंग को सीधे तौर पर कोई नुकसान नहीं हुआ। पेटिंग पर सूप फेंकने के बाद दोनों महिला प्रदर्शनकारी पेंटिंग के नजदीक खड़ी हो गईं। सूप फेंके जाने के तुरंत बाद पेंटिंग को काले पर्दे ढक दिया गया। फ्रांस ईंधन की लगातार बढ़ती कीमतों को लेकर किसान पेरिस में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

## अमेरिकी स्कूलों में पढ़ाया जाएगा सिख इतिहास

चंडीगढ़, एजेंसी

▸▸ पंजाब के 12वीं कक्षा के छात्र गुरइकप्रीत के प्रयत्नों से हुई पहल

दस्तार क्या है, सिखों ने दस्तार के लिए कौन सी कुर्बानियां दी है, सिख इतिहास क्या है। अब यह अमेरिका के स्कूलों का सिलेबस होगा। यह शुरुआत अमेरिका की स्टेट न्यूजर्सी से हुई है। यह पहल पंजाब से अमेरिका में बसे 12वीं कक्षा के स्टूडेंट्स गुरइकप्रीत सिंह के प्रयत्नों से हो पाई है। वह इन दिनों पंजाब आए हुए हैं।

गुरइकप्रीत सिंह ने पंजाब आ कर तख्त श्री दमदमा साहिब में अमृतपान भी किया। जहां पर सिंह साहिब ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने उसे सम्मानित भी किया। गुरइकप्रीत ने कहा कि वह परिवार के साथ 2014 में अमेरिका गया। तभी से अमेरिका में ही स्ट्डी कर रहा है। जहां पर उसे 8वीं से 12वीं कक्षा तक पहुंचने तक दस्तार सजाने वाला कोई और सिख युवक नहीं दिखा। केवल वह अकेला ही सिख युवक है जो दस्तार सजाता है। एसजीपीसी के महासचिव गुरचरण सिंह ग्रेवाल ने कहा कि गुरइकप्रीत सिंह ने पूरी दुनिया में सिख धर्म का मान बढ़ाया है। यह बड़ी प्राप्ति है। उन्होंने कहा- देश के लिए एक बड़ी उपलब्धि है जो भारत के सिख समुदाय के लोगों का मान बढ़ेगा।



### अमेरिकी निवासियों को सिख इतिहास की नहीं है जानकारी

जब सिखों को वहां पर नफरत का सामना करना पड़ रहा था तो उसने स्कूल के प्रिंसीपल को बताया कि सोशल साइंस में दूसरे धर्मो का इतिहास है, मगर सिखों का इतिहास नहीं है। धीरे धीरे इस मुहिम में कई लोग जुड़ गए। सिख संस्थाओं से बात की। स्टेट शिक्षा कमेटी तक बात पहुंचाई गई। कई मीटिंगें हुई। स्टेट शिक्षा कमेटी ने बिल पास कर दिया। स्टूडेंट्स से मीटिंगें हुई। दो सप्ताह पहले फिश की सैनेट की ओर से भी बिल पास हो गया। अब न्यूजर्सी में सिख इतिहास पढ़ाया जाएगा। गुरइकप्रीत सिंह ने कहा अभी अमेरिका की स्टेट न्यूजर्सी में ही सिख इतिहास स्कूलों में पढ़ाया जाएगा। लेकिन धीरे धीरे दूसरी स्टेटों में भी इसे लागू करवाना है।